लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 309, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर नगर, रविवार, 29 जून 2025




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हस्तशिल्पियों के हाथ का जादू-पीतल पर नक्काशी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम

33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 16
सूर्यास्त 07 :15



देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह...12

# माफिया के सामने नाक रगड़ते थे जाति के नाम पर बांटने वाले : योगी

## इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन करने वालों को मुख्यमंत्री ने घेरा

- लखनऊ में भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर लोकभवन में कार्यक्रम
- नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने का काम कर रहे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन पैदा करने वालों को जमकर निशाने पर लिया। कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए माफिया के सामने नाक रगड़ी और सरकार को गिरवी रख दिया था। योगी ने कहा कि नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने में जुटे हैं। इसीलिए फिर सचेत कर रहा हूं कि बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को लोकभवन में दानवीर भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके पहले भामाशाह के जीवन से प्रेरित चित्र प्रदर्शनी देखी और सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से नवाजा। उन्होंने भामाशाह के आदर्शों को अपनाने और समाज को जातिगत विभाजन से मुक्त रखने का आह्वान किया। उन्होंने व्यापारियों को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए उनकी सुरक्षा, सम्मान और कल्याण के लिए डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। योगी ने भामाशाह के त्याग को 'नेशन फर्स्ट' की भावना का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब महाराणा प्रताप की चर्चा होगी, तब दानवीर भामाशाह भी याद किए जाएंगे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भेजने के लिए मैसूर के राजा चामराजेन्द्र वाडियार और खेतड़ी के राजा अजीत सिंह के सहयोग की चर्चा की। साथ ही, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को विदेश पढ़ाई के लिए वडोदरा के राजा सैयाजीराव गायकवाड द्वारा दी गई स्कॉलरशिप का भी जिक्र किया। कहा कि इनके सहयोग में जाति कहां थी?



दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### इन व्यापारियों का हुआ सम्मान

वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक कर देने वाले एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों में रचना गर्ग, हेमंत शर्मा, मोहम्मद जावेद सिद्दिकी, अमित निगम, अशोक कुमार गुप्ता, नितेश अग्रवाल, प्रतीश कुमार, राजेश कुमार अग्रहरि, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, अरविंद चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, पुष्पदंत जैन, दिनेश गोयल, साहिल गर्ग को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

### मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, हर जिले में शीर्ष 10 व्यापारियों का होगा सम्मान

मुख्यमंत्री ने जीएसटी विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक वर्ष व्यापारी कल्याण दिवस पर प्रदेश के शीर्ष 10 जीएसटी देने वाले व्यापारियों को लखनऊ में और जिलों के शीर्ष 10 व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का शिकार होने वाले जीएसटी देने वाले व्यापारियों को सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की सहायता भी इस दिन प्रदान की जाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में व्यापारियों से भागीदारी का आह्वान भी किया।

## अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की मौत की फोरेंसिक जांच शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस ने शनिवार को अंधेरी स्थित 'गोल्डन राइज' में अभिनेत्री शेफाली जरीवाला के आवास पर फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम तैनात करके उनकी असामयिक मौत मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी। गौरतलब है कि जरीवाला को शुक्रवार देर रात सीने में दर्द की शिकायत के बाद बेलेव्यू मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआती रिपोर्ट में हालांकि हृदयाघात की बात कही गयी है, लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। अभिनेत्री के शव को पोस्टमॉर्टम जांच के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया गया है।

# शुभांशु से बोले मोदी, आपकी यात्रा नए युग का शुभारंभ

## बातचीत के दौरान आईएसएस पर गूंजा भारत माता की जय का नारा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब शनिवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से कहा कि उनकी अंतरिक्ष यात्रा भारत के गगनयान मिशन की दिशा में पहला कदम है, तब अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भारत माता की जय के नारे से गूंज उठा।

पृथ्वी की 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर परिक्रमा कर रहे आईएसएस पर मौजूद शुक्ला से बातचीत करते हुए मोदी ने कहा कि आपकी ऐतिहासिक यात्रा सिर्फ अंतरिक्ष तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को नई गति प्रदान करेगी। यह नए युग का शुभारंभ है। शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष स्टेशन की उनकी यात्रा न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे राष्ट्र की सामूहिक उपलब्धि है।




ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### शुभांशु बोले-अंतरिक्ष से भव्य दिखता है भारत

शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन से वीडियो लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री को बताया कि जब मैंने पहली बार अंतरिक्ष से भारत को देखा, तो यह मानचित्र की तुलना कहीं अधिक बड़ा और भव्य दिखाई दिया। शुक्ला ने कहा कि आप वास्तव में एकत्व की भावना महसूस कर सकते हैं, यहां कोई सीमा नहीं है, कोई रेखा नहीं है। ऐसा लगता है, जैसे यह पूरी धरती हमारा घर है और हम सभी इसके नागरिक हैं।

## पराग जैन खुफिया एजेंसी रॉ के नए प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में शामिल रहे पराग जैन को गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन का दो साल का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर एक जुलाई से शुरू होगा। वह 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे रवि सिन्हा की जगह लेंगे।

आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कैबिनेट सचिवालय के अंतर्गत 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के सचिव के पद पर पराग जैन, आईपीएस की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनका कार्यकाल पदभार संभालने की तिथि से दो वर्ष के लिए या अगले आदेश तक रहेगा, जो भी पहले हो...।

# संतों के अमर विचारों के कारण ही भारत सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता

## जैन गुरु विद्यानंद की जन्मशताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत अपने संतों और ऋषियों के अमर विचारों व दर्शन के कारण दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज जी की जन्मशताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को याद किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं आचार्य विद्यानंद महाराज के विचारों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि चाहे घर उपलब्ध कराना हो, पेयजल उपलब्ध कराना हो या स्वास्थ्य बीमा, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उसकी कल्याणकारी योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचे, ताकि कोई भी इससे वंचित न रहे।



विद्यानंद जी महाराज के शताब्दी समारोह में शामिल मोदी।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन से पहले दिए गए एक जैन संत के संबोधन का भी उल्लेख किया, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए जैसे ही ये कहा कि जो हमें छेड़ेगा..., तो वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तरीके तालियां बजानी शुरू कर दीं। हालांकि, मोदी ने इस बारे में और अधिक बात नहीं की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सभी को एक साथ आना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए, यही आचार्य विद्यानंद महाराज जी की प्रेरणा है और यही हमारा संकल्प है।

PARAS HEALTH

अब इलाज में न झंझट, न जेब पर असर
सिर्फ बेहतर सेहत का सफ़र।

पारस हेल्थ - कानपुर
आपके लिए लाया है
CGHS की सुविधा

CGHS के अंतर्गत उपलब्ध विशेषताएं:
कार्डियोलॉजी | ऑन्कोलॉजी | ऑर्थोपेडिक्स | न्यूरोलॉजी
न्यूरोसर्जरी | यूरोलॉजी | जी. आई. सर्जरी | गैस्ट्रोएंटरोलॉजी
नेफ्रोलॉजी | ईएनटी | बाल चिकित्सा | स्त्री रोग
24 अन्य विशेषज्ञताएं उपलब्ध



अधिक जानकारी के लिए
संपर्क करें 80 80 80 80 69

T&C Apply

पताः पारस हेल्थ, बिठूर रोड, कोठारी चौराहा, कानपुर

Download App
To book an Appointment
Get it on Google Play
Download on the App Store

# सांसद-सेना के मैच से ग्रीनपार्क में देशभक्ति का जश्न

## ट्रॉफी अनावरण के साथ शुरू हुईं टी-20 मैच की तैयारियां, दोनों टीमों की संभावित एकादश की घोषणा की गई, आज होगा मुकाबला

**ऑपरेशन सिंदूर कप**

- सांसद रमेश अवस्थी, पुलिस कमिश्नर, ब्रिगेडियर सबरुल हसन ने की प्रेसवार्ता
- सांसद एकादश की कमान मनोज तिवारी तो ब्रिगेडियर को सेना की कमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेना के साहस और शौर्य को समर्पित ऑपरेशन सिंदूर कप की ट्रॉफी का अनावरण शनिवार को ग्रीनपार्क में हुआ। ट्रॉफी में ब्रह्मोस मिसाइल का मॉडल लगाया गया है। इसके साथ ही दोनों ही टीमों के संभावित खिलाड़ियों की भी घोषणा कर दी गई। ग्रीनपार्क में रविवार को सेना और सांसद एकादश के बीच टी-20 मैच खेला जाएगा। इस आयोजन में प्रदेश के कई बड़े नेता शामिल होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे।

सांसद रमेश अवस्थी, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, ब्रिगेडियर सबरुल हसन ने शनिवार को ग्रीनपार्क में प्रेसवार्ता में बताया कि सेना एकादश में प्रदेश के कई बड़े अधिकारी रहेंगे। इसके अलावा सांसद एकादश में सांसदों के अलावा मंत्रियों व पूर्व विधायकों को भी शामिल किया गया है। सांसद ने बताया कि 29 जून को ग्रीनपार्क स्टेडियम में दर्शकों की एंट्री दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। उद्घाटन समारोह शाम 4 बजे से शुरू होगा। समारोह की शुरुआत मशहूर गायिका स्वाति मिश्रा के गीत राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी से होगी। मैच में 8 सांसद और सेना के साथ 6 आईएएस और आईपीएस भी मैच खेलेंगे।



ट्रॉफी अनावरण करते सांसद रमेश अवस्थी, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार।


ग्रीनपार्क में सेना के बैंड ने रिहर्सल किया। अमृत विचार

### सांसद एकादश की संभावित टीम

- मनोज तिवारी, सांसद, उत्तर पूर्वी दिल्ली, रमेश अवस्थी, सांसद, कानपुर, विजय दुबे, सांसद, कुशीनगर, देवेश शाक्य, सांसद, एटा, डॉ. प्रशांत वाई. पडोले, सांसद, भंडारा गोंदिया, मनोज राजोरिया, पूर्व सांसद, करौली-धौलपुर, सुब्रत पाठक, पूर्व सांसद, कन्नौज, सोमेंद्र तोमर, राज्य मंत्री, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, यूपी, दानिश अंसारी, राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ, पीएन पाठक, विधायक, कुशीनगर, अभिजीत सिंह सांगा, विधायक, बिठूर, कानपुर, पुनीत शर्मा, एमसीडी, अध्यक्ष, निशिकांत दुबे, सांसद, गोड्डा, झारखंड।

### सेना के बैंड और देशभक्ति का जश्न

भारतीय सेना का मशहूर बैंड देशभक्ति से ओतप्रोत गीत-संगीत की प्रस्तुति देगा। आयोजन के दौरान समाज सेवा और उत्कृष्ट योगदान के लिए 25 विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। सांसद ने बताया कि मैच का टास रविवार शाम 6:15 बजे होगा और 6:30 बजे से टी-20 मुकाबला शुरू होगा। उन्होंने बताया कि 25 हजार मैच पास बांटे गए हैं। मैदान को तिरंगे व भाजपा के झंडे के साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के पोस्टर बैनर से सजाया जा रहा है।

### सेना एकादश की संभावित टीम

ब्रिगेडियर शब्बरुल हसन, ब्रिगेड कमांडर, कानपुर, ब्रिगेडियर नवाब खान, डिप्टी जीओसी, प्रयागराज, कर्नल सुनील नांदल, कमांडिंग ऑफिसर, 8वीं बटालियन द राजपूताना राइफल्स, कानपुर, नवनीत सहगल, अध्यक्ष, प्रसार भारती, अखिल कुमार, पुलिस आयुक्त, कानपुर, अभिषेक कुमार, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, छावनी बोर्ड, कानपुर, सुधीर कुमार, नगर आयुक्त, कानपुर, आशुतोष कुमार, मुख्य परिवहन प्रबंधक, कानपुर, कासिम अबीदी, डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (अपराध), कानपुर, राजेश के. सिंह, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर), कानपुर, गौरांग राठी, जिला मजिस्ट्रेट, उन्नाव, मनीष निगम, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (अपराध), कानपुर, सैमुअल पॉल, प्रबंध निदेशक, केस्को।

**कन्हैया लाल मित्तल भी आ सकते हैं**

सांसद ने बताया कि कवयित्री कविता तिवारी और कवि गौरव चौहान अपनी ओजस्वी देशभक्ति कविताओं से दर्शकों में जोश भरेंगे। कविता तिवारी पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन भी करेंगी। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल के शामिल होने की भी संभावना है।

# ईमानदार ई-रिक्शा चालक ने लौटाए 10 हजार-मोबाइल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शॉपिंग करने गई महिला रिक्शा में भूल गई थी पर्स

**अमृत विचार।** गोविंदनगर बाजार में शॉपिंग करके लौटते समय महिला ई-रिक्शा में पर्स भूल गई। ई-रिक्शा चालक ईमानदारी का परिचय देते हुए पर्स उस दुकान मालिक को लौटाकर आया, जहां महिला ई-रिक्शा पर बैठी थी। पुलिस जब दुकान में पहुंची तो दुकान मालिक ने पर्स में रखा महिला का मोबाइल व 10000 रुपये, कागजात लौटा दिये।

रतनलालनगर स्थित रुद्र वाटिका अपार्टमेंट निवासी कुणाल लुधियानी की पत्नी शिखा शुक्रवार को गोविंदनगर बाजार खरीदारी करने गई थीं। लौटते समय गोविंदनगर से रतनलालनगर के लिए ई-रिक्शा किया। पहुंचते ही वह ई-रिक्शा से उतर गईं और सीट पर रखा अपना पर्स उठाना भूल गईं। चालक भी महिला को उतारकर चला गया। घर पहुंचते ही शिखा को अपना पर्स याद आया तो उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में वह रतनलालनगर पुलिस चौकी पहुंची। पुलिस ने तत्काल पर्स की खोजबीन शुरू की। महिला को लेकर पुलिस उस दुकान पर गई, जहां से उसने ई-रिक्शा किया था। दुकानदार ने बताया कि कुछ देर पहले एक ई-रिक्शा चालक आया था और पर्स देकर गया है। उसने बताया था कि मैं महिला का घर नहीं जानता हूं, इसलिए आपके पास यदि खोजते हुए वह आएं तो दे देना। पर्स मिलते ही महिला की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पुलिस कर्मियों ने रिक्शा चालक की तरीफ की।

# कांशीराम के बाहर बेहोश मिले युवक की मौत

**कानपुर।** रामादेवी स्थित कांशीराम ट्रामा सेंटर में इलाज कराने आया युवक अस्पताल के बाहर अचेत मिला। पुलिस ने उसे भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं युवक की तलाश करते पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की।

फतेहपुर के खानपुर निवासी रामआसरे निषाद का 27 वर्षीय बेटा सोनू मजदूरी करता था। कुछ दिन पहले उसके हाथ में चोट लग गई थी। शुक्रवार दोपहर वह कांशीराम ट्रामा सेंटर में डॉक्टर को दिखाने आया था और अस्पताल के बाहर चक्कर आने पर बेहोश हो गया। सूचना पर अचेत अवस्था में चकेरी पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।


एल्युमिनी मीट की जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

# मेयो कॉलेज के 150 वर्ष पूरे, आज एल्युमनी मीट

**कानपुर।** मेयो एल्युमनी एसोसिएशन द्वारा मेयो कॉलेज के 150 वर्ष पूरे होने पर 29 जून को बिठूर स्थित श्री गंगा वैली में एल्युमनी मीट का आयोजन होगा, जिसमें प्रमुख रूप से बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, मेयो कॉलेज अजमेर के जनरल काउंसिल के सदस्य व मेयो कॉलेज ओल्ड बॉयज सोसाइटी के प्रेसीडेंट कर्नल भवानी सिंह (रिटायर्ड), मेयो कॉलेज अजमेर के प्रधानाचार्य सौरव सिन्हा, मेयो गर्ल्स कॉलेज की प्रधानाचार्य नीति सैनी भल्ला, मेयो एल्युमनी एसोसिएशन दिल्ली के प्रेसीडेंट हरमीत सिंह व प्रेसीडेंट डॉ. सौमित्र भारद्वाज समेत आदि लोग रहेंगे। कर्नल भवानी सिंह ने बताया कि आगे आने वाले 150 वर्षों में मेयो कॉलेज को विश्व में शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित करना है। मेयो कॉलेज के प्रधानाचार्य सौरभ सिन्हा ने बताया कि हमारा पूरा फोकस विश्व स्तरीय सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करना है। प्रधानाचार्य नीति भल्ला सैनी ने बताया कि 1988 में गर्ल्स बोर्डिंग की स्थापना से छात्राओं की शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कदम उठाये गये हैं। कार्यक्रम में सेकेट्री नितिन टंडन, मेयो एल्युमनी गूगल ग्लोबल स्टार्टअप के हेड अपूर्व चमरी, उत्तराखंड की डीआईजी निवेदिता कुकरेती, डॉ. जगप्रीति सिंह, प्रमोद शर्मा, आकाश प्रधान, राहुल सिंह आदि रहेंगे।

# पिटाई से महिला की हालत गंभीर

**कानपुर।** श्यामनगर की महिला को गंभीर हालत में हैलट में भर्ती कराया गया है। महिला के मायकेवालों ने ससुरालियों पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। कहा, दहेज के लिए बेटी की पिटाई की गई है।

शुक्लागंज के नेहरूनगर निवासी अवधेश मिश्रा ने बताया कि उन्होंने बेटी शिवांगी का विवाह फरवरी 2023 में श्यामनगर के केडीए कालोनी निवासी हिमांशु द्विवेदी के साथ किया था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर बेटी की शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना शुरू कर दी। बेटी बदनामी व वैवाहिक जीवन बचाने के लिए सब सहती रही। अवधेश ने बताया कि बेटी का 11 माह का बेटा है। बीती 24 जून की देर रात को दामाद ने फोन कर बेटी की हालत गंभीर बताई। जिसके बाद उसे रीजेंसी में भर्ती कराया गया। जहां से हैलट भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### पति पर मारपीट का आरोप, मुकदमा

**कानपुर।** पनकी के काशीराम कालोनी निवासी महिला ने अपने पति पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराया है। काशीराम कालोनी निवासी सुमन के अनुसार वह अपने पति महेंद्र और दो बच्चों के साथ रहती हैं। पति शराब व गांजे का लती है। जिसकी वजह से अभद्रता करता है। आजिज आकर वह 6 माह से नवाबगंज स्थित अपनी मौसी के घर में अपने बच्चों के साथ रह रही थी। जहां पहुंच कर पति महेंद्र ने माफी मांगी और घर ले आया। आरोप है कि घर ले जाकर महेंद्र ने उसे बेरहमी से पीटा। धमकी दी। पनकी इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

### मन की बात सुनने के साथ मां के नाम लगेगा पेड़


**कानपुर।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र 29 जून को मन की बात, श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि व मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम का आयोजन करेगा। 20845 बूथों पर यह कार्यक्रम होगा। शनिवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की अध्यक्षता में पार्टी द्वारा संचालित अभियानों की क्षेत्रीय टोली की बैठक हुई। उन्होंने बताया कि मन की बात के 123वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुनेंगे। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही मां के नाम एक पेड़ अभियान के अंतर्गत हर बूथ पर एक वृक्षारोपण भी किया जाएगा। बैठक में सुनील तिवारी, मोहित सोनकर, हर्ष द्विवेदी, प्रेमनाथ विश्नोई, पवन पांडे, आलोक शुक्ला, अर्शी सुल्तान, जितेंद्र सचान, ऋषभ शुक्ला, सौरभ कमल, अमित परिहार मौजूद रहे।



**आज का मौसम**

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है ।

| 33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान |
| --- | --- |
| सूर्योदय 05 : 19 | सूर्यास्त 07 : 06 |




## किराये पर बाइक चलवाने को लाइसेंस लें

**कानपुर ।** यदि आप अपनी निजी मोटर साइकिल को रेंट ए बाइक स्कीम योजना के तहत संचालित कराना चाहते हैं तो आरटीओ कार्यालय से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार ने बताया कि निजी मोटर साइकिलों को किराये पर देने के व्यापार के लिए रेंट ए बाइक स्कीम 1997 बनाई गई है। इस योजना के तहत लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

# अहिरवां में सड़क के गड्ढे ने ली युवक की जान

## बाइक का पहिया गड्ढे में चले जाने से युवक उछलकर दूर जा गिरा, हैलट में हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार ।** अहिरवां में 14 साल पहले बनी सड़क के गड्ढे ने युवक की जान ले ली। शुक्रवार देर रात बाइक का पहिया गड्ढे में चले जाने से युवक उछलकर दूर जा गिरा और घायल हो गया। गंभीर अवस्था में युवक मदद के लिए कुछ दूर तक घिसटते हुए गया और बेहोश हो गया। काफी देर बाद राहगीरों की सूचना पर चकेरी पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई। खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया।

मूलरूप से बहराइच रानीपुर के आनंदपुर कटघरा निवासी रवींद्र सिंह का 30 वर्षीय बेटा सुग्रीव शहर में कमाने आया था। वह चकेरी के सनिगवां स्थित ज्ञाननगर में अपनी बुआ के घर में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था। सुग्रीव के परिवार में पत्नी नीतू और दो बेटे प्रिंस व कृष्णा हैं। बुआ के बेटे निखिल ने बताया कि सुग्रीव शुक्रवार रात करीब 11.30 बजे बाइक लेकर निकला था। वह अहिरवां स्थित गुप्ता चौराहा सजारी मोड़ होते हुए मथुरापुर गांव के पास पहुंचा, तभी सड़क के गड्ढे में उसकी बाइक का पहिया चला गया, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और वह उछलकर दूर जा गिरा। घायल अवस्था में वह घिसटते हुए कुछ दूर गया, ताकि उसे मदद मिल जाए। लेकिन उसे कोई नहीं मिला और वहीं अचेत हो गया। बाद में वहां से निकले राहगीरों ने हादसे की सूचना चकेरी पुलिस को दी। पुलिसकर्मियों ने उसे कांशीराम ट्रामा सेंटर भेजा।जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताकर हैलट रेफर कर दिया।

हैलट में उसकी शनिवार सुबह मौत हो गई। चकेरी थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि परिजन अगर तहरीर देंगे तो रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

(संबंधित पैकेज-पेज-9 पर)


सुग्रीव सिंह।

- रात में मदद के लिए काफी दूर तक घिसटा, फिर बेहोश हो गया
- बहराइच से आया था कमाने, सनिगवां में बुआ के घर रहता था


अहिरवां में सड़क के इसी गड्ढे ने सुग्रीव की जान ली। अमृत विचार

### सड़क के गड्ढों के कारण पहले भी हुईं मौतें

- 2024 सितंबर में बर्रा में सड़क के गड्ढे में स्कूटी पलटने से बर्रा-2 निवासी रेलवेकर्मी पंकज कृपलानी की मौत हुई।
- 2024 जनवरी में किदवईनगर शनिदेन मंदिर के पास सड़क के गड्ढे की वजह से स्कूटी सवार केतन वर्मा की गिरकर मौत
- 2024 जुलाई में गोविंदनगर में गड्ढे में सवारियों से भरा टेंपो पलटा, चालक सुनील गौतम की गई जान
- 2024 अक्टूबर में दादानगर में गड्ढे के कारण स्कूटी सवार अर्जुन पांडेय की मौत।

### 2011 में बनी सड़क का कई सालों से नहीं हुआ पैचवर्क

**कानपुर ।** सनिगवां के सजारी चौराहा, गुप्ता चौराहा होते यह सड़क चकेरी मोड़ के लिए जाती है। डबललेन रोड पर 24 घंटे हल्के व भारी वाहन दौड़ते हैं। सड़क पर सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढे हैं, उसके बाद भी कई सालों से पैचवर्क नहीं हुआ है। सड़क पर हिचकोले खाते हुए सफर करना पड़ता है। मथुरापुर गांव के लोगों ने बताया कि यह सड़क 2011 में बनी थी। उसके बाद याद नहीं है कि कब पैचवर्क हुआ। डबललेन सड़क पर छोटे गड्ढों की गिनती नहीं है, दर्जना बड़े गड्ढे भी हैं। जिस जगह पर हादसा हुआ, वह गड्ढा तीन-चार फिट से कम नहीं है। अक्सर उसमें बड़े वाहन भी फंस जाते हैं। सबसे ज्यादा हादसे रात के समय होते हैं।

### मार्ग प्रकाश की व्यवस्था न होने से होते हादसे

**कानपुर ।** क्षेत्रीय लोगों के अनुसार डबललेन सड़क पर मार्ग प्रकाश की भी कोई व्यवस्था नहीं है। रात 10 बजे तक वाहनों की आवाजाही ज्यादा होती है। उस समय वाहनों की रोशनी के कारण हादसे कम होते हैं। देर रात में सड़क पर अंधेरा होता है। जिससे गड्ढे दिखाई नहीं देते और दोपहिया सवार गड्ढों में गिरकर जख्मी होते हैं।




## चेन लुटेरे पर लगा गुंडा एक्ट

**कानपुर।** चकेरी के श्यामनगर में बीती 12 जून की सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान वृद्धा से हुई चेन लूट में जिलाबदर को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद पुलिस ने अब उसके खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। श्यामनगर डी-ब्लॉक निवासी मालती शिरोमणि से स्कूटी सवार लुटेरों ने हरिहर धाम के पास चेन लूटी थी। पुलिस ने लूट के आरोपी जिलाबदर अपराधी सफीपुर प्रथम निवासी गौरव निषाद उर्फ अनुराग को जेल भेजा था। इसके बाद दरोगा राजेश कुमार की तहरीर पर उसके खिलाफ गुंडा एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार आरोपी सलमान की तलाश की जा रही है।

# जुलाई में शुरू हो जाएगा दादा नगर समानांतर पुल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार ।** कानपुर दक्षिण क्षेत्र के लोगों के लिए अच्छी खबर है। दादा नगर समानांतर पुल जुलाई में चालू हो जाएगा। पुल का निर्माण पूरा हो गया है। यहां पर बस अब डमरीकरण का कार्य चल रहा है जो कुछ हफ्तों में पूरा हो जाएगा।

कानपुर दक्षिण क्षेत्र में आबादी बीते 10 साल में दो गुनी से ज्यादा हो गई है। यहां पर रहने वाली बड़ी आबादी शहर आने के लिए दादानगर पुल का इस्तेमाल करती है। अभी सुबह और शाम के वक्त जाम विकराल हो जाता है। जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए दादानगर समानांतर पुल का निर्माण जून 2023 में शुरू किया गया था, जिसका कार्य वर्ष 2024 तक पूरा होना था। मेट्रो के कार्य की वजह से निर्माण में देरी होने पर कार्य अब पूरा हो पाया है। वर्तमान में अब समानांतर पुल पर डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक विजय कुमार सेन के मुताबिक समानांतर पुल 728.70 मीटर लंबा और 7.50 मीटर चौड़ा है, जिसकी लागत करीब 55 करोड़ रुपये है। डामरीकरण के बाद जुलाई के शुरुआती सप्ताह में पुल पर वाहन फर्राटा भर सकेंगे। लाइट आदि भी लग गईं हैं। पुल के बन जाने से पांच लाख से अधिक आबादी को जाम से निजात मिलेगी, जिसमे मुख्य रूप से सीटीआई, गोविंद नगर, चावला मार्केट, शास्त्री चौक, बर्रा पांच, छह, सात, दबौली, गुजैनी, रतन लाल नगर, कारगिल पेट्रोलपंप क्षेत्र, मेहरबान सिंह पुरवा व जरौली क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को इस पुल के माध्यम से शहर में आना-जाना आसान होगा।

**728.70** मीटर लंबा और 7 .50 मीटर चौड़ा है पुल

**55** करोड़ रुपये आई है पुल की लागत

**2023** में शुरू हुआ था निर्माण मेट्रो के कारण लेट

### पुराने पुल की लाइटें खराब, लगता झटका भी

**कानपुर ।** सीटीआई से विजय नगर जाने के लिए जो दादानगर पुल बनाया गया था उसकी रंगत फीकी पड़ती जा रही है। पुल पर लगी अधिकतर लाइटें रात में जलती नहीं हैं जिससे मोड़ पर एक्सीडेंट का खतरा रहता है। इसके अलावा पुल के ज्वाइटों पर गैप बढ़ जाने से जोर का झटका लगता है जिससे राहगीरों की कमर में दर्द होने लगता है। पुल की ढलान पर बारिश का पानी इकट्ठा हो जाता है जिसमें वाहन फिसलने का डर रहता है। दादानगर जाने के लिए नाले के किनारे से जो सर्विस लेन बनाई गई है वहां से वाहन आकर उल्टा पुल पर चढ़ते रहते हैं जिससे जाम और हादसे का भय रहता है। पहले इसे रोकने के लिए यहां ट्रैफिक पुलिस रहती थी जो अब नहीं रहती।

# गोविंदपुरी में वंदेभारत समेत 40 और ट्रेनें रुकेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार ।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेनों का लोड कम करने के लिए गोविंदपुरी स्टेशन पर ट्रेनों को ठहराव देने का काम शुरु हो गया है। जुलाई में वंदेभारत सहित 40 और ट्रेनों को गोविंदपुरी स्टेशन पर ठहराव देने तैयारी है। तब गोविंदपुरी स्टेशन पर ट्रेनों की संख्या 90 से अधिक हो जाएगी।



कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर प्रतिदिन 300 से अधिक सवारी गाड़ियों का आवागमन है और इन गाड़ियों से प्रतिदिन लगभग सवा लाख यात्रियों का आना जाना होता है। अक्सर सेंट्रल स्टेशन पर प्लेटफार्म खाली नहीं होने की स्थिति में ट्रेनों को आउटर पर रोकना पड़ता है और ट्रेनें लेट होती हैं। इसी समस्या का निदान निकालते हुए रेलवे ने गोविंदपुरी स्टेशन पर ट्रेनों को ठहराव देने का काम शुरु किया है।

### इन ट्रेनों को गोविंदपुरी में ठहराव

- कानपुर से इटावा, चित्रकूट, बांदा जाने वाली समेत कई ट्रेनों को गोविंदपुरी स्टेशन से ही चलाने की योजना है। इसके अतिरिक्त जो ट्रेनें कानपुर से दिल्ली हावड़ा, चित्रकूट की ओर संचालित होती हैं, उनमें अधिकांश ट्रेनों को गोविंदपुरी से ही चलाने की तैयारी है। इसी प्रकार सियालदह-अजमेर, बलिया-आनंद विहार, हल्दिया-आनंद विहार समेत कई ट्रेनों को गोविंदपुरी में ठहराव दिया जाएगा।




# जगन्नाथ रथयात्रा में दो गुटों में पथराव-मारपीट

## शनिवार रात भिड़े गुट, जनरलगंज में मची भगदड़, जगन्नाथ मंदिर बिरजी भगत और उमा जगदीश मंदिर की यात्राएं निकलीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में दूसरे दिन शनिवार को निकली प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा में रात में जनरलगंज में दो मंडलों में बवाल हो गया। दोनों ओर से पथराव और मारपीट हुई। इससे भगदड़ मच गई। मारपीट में आकाश ओमर, राजेश, लीना, रूपाली घायल हो गईं। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने बीचबचाव किया। करीब आधा घंटे तक अफरातफरी का माहौल रहा। बताया गया कि शुक्रवार रात भी दो गुटों में मारपीट हुई थी।

इससे पहले दूसरे दिन शनिवार को प्रभु जगन्नाथ मंदिर बिरजी भगत व उमा जगदीश मंदिर की यात्राएं निकलीं। इस बार परंपरा के तहत बिरजी भगत मंदिर की यात्रा आगे चली। भजनों व भक्तों के नृत्य के बीच यात्रा का कई स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। जनरलगंज स्थित जगन्नाथ गली में प्रभु जैसे ही अपने रथ पर विराजमान हुए भक्तों ने जयकारे लगाए। लगभग सौ वर्ष पुराने चांदी के रथ पर विराजमान हुए प्रभु को नमन कर भक्तों ने रथ को भी स्पर्श किया। रथयात्रा की प्रथम आरती प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा सलिल विश्नोई, विधायक अभिताभ बाजपेयी और नरेन्द्र शर्मा 'तिरंगा' ने की। इस दौरान भजनों में 'ठाकुर भले विराजो जी, उड़ीसा जगन्नाथपुरी' के जयघोष के साथ उन्होंने रथ खींचकर यात्रा की शुरुआत की। यात्रा के साथ विभिन्न मंडल भी चले। रथयात्रा में मंदिर प्रवन्धक ज्ञानेन्द्र गुप्ता, गोपालजी गुप्त, अभिषेक गुप्त, अम्बरीष गुप्त, समीर गुप्त, ज्ञानेन्द्र विश्नोई, अरक्दि गुप्ता, ऋषि अग्रवाल, पुस्कर विश्नोई, संजय मालानी सहित अन्य भक्त शामिल हुए।


रथ पर सवार प्रभु चले नगर भ्रमण को। अमृत विचार


शोभायात्रा में कई मंडलों के सदस्य गाते-बजाते चले। अमृत विचार

### रथयात्रा में ये मंडल हुए शामिल

रथयात्रा में वैश्य समाज के 11 मंडलों ने माहौल में भव्यता लाई। इनमें अग्रहरी वैश्य समाज, गौड़ ब्राह्मण युवा मण्डल, यज्ञसैनी वैश्य युवा मण्डल, दौसर वैश्य विहारी जी, दौसर वैश्य जगन्नाथ जी मण्डल, ओमर वैश्य समाजसेवी संस्था, दौसर वैश्य वाल गोपाल मण्डल, रामजी मण्डल वाद्ययंत्रों से मनमोहक धुनों और भजनों की प्रस्तुति कर रहे थे। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से डा श्याम बाबू गुप्ता, जगदीश चन्द्र गुप्ता, सन्त गोपाल गुप्ता, सुरेश चन्द्र गुप्ता, भोला नाथ गुप्ता, गोपाल कृष्ण, अरविन्द, दीपक, जगदीश, अरूण कुमार, बिहारी लाल, रज्जन लाल, राजू रतन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

**काली पट्टी बांधकर किया विरोध:** रथयात्रा में मंडलों ने काली पट्टी बांधकर पुलिस प्रशासन का विरोध किया। पुलिस प्रशासन की ओर से ट्रॉली में लगे स्पीकरों को हटवाया गया। सिर्फ दो स्पीकर ही ट्रॉली के साथ रखवाए गए। मनोज कुमार गुप्ता, आदित्य नारायण गुप्ता, सोनू गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, सीताराम गुप्ता, विद्यासागर गुप्ता, राम गोपाल गुप्ता, रामनाथ गुप्ता, गोपाल दोसर, सुभाष चंद्र गुप्ता, अंकुर गुप्ता, मदन गुप्ता, अमित गुप्ता, मनीष गुप्ता काली पट्टी बांधकर यात्रा में शामिल रहे।

### झांकियों ने मोहा सभी लोगों का मन

- श्री उमा जगदीश मन्दिर की यात्रा धनकुट्टी से निकली। यह यात्रा कलक्टरगंज, शक्कर पट्टी, नयागंज, किराना बाजार, सर्राफा बाजार, जनरलगंज, मनीराम बगिया सहित अन्य क्षेत्रों से गुजरी। यात्रा में सबसे पहले गणेश रथ उसके बाद स्वरूप बने बच्चों की झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा में श्री ओमर वैश्य अमर ज्योति मण्डल, श्री ओमर वैश्य रामकृष्ण मण्डल, श्री ओमर वैश्य जगन्नाथ जी मण्डल के सदस्यों ने विभिन्न पारंपरिक वाद्ययंत्रों से माहौल में भव्यता ला दी। रत्न जड़ित रजत सिंहासन में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व अग्रज बलदाऊ महाराज विराजमान रहे। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से डा श्याम बाबू गुप्ता, जगदीश चन्द्र गुप्ता, सन्त गोपाल गुप्ता, सुरेश चन्द्र गुप्ता, भोला नाथ गुप्ता, गोपाल कृष्ण, अरविन्द, दीपक, जगदीश, अरुण कुमार, बिहारी लाल, रज्जन लाल, राजू रतन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।


मॉक पार्लियामेंट का उद्घाटन करतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय था आपातकाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मॉक पार्लियामेंट में गूंजा आपातकाल का मुद्दा

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से शनिवार को मॉक पार्लियामेंट आयोजित हुई। सीएसजेएमयू सभागार में हुए आयोजन में आपातकाल विषय पर पक्ष व विपक्ष पर राय व्यक्त की गई। तीखी बहस हुई। कहा गया कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय है।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रजनी तिवारी व विधायक प्रतिभा शुक्ला ने की। इस दौरान आपातकाल पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया। मॉक पार्लियामेंट के पहले सत्र में प्रधानमंत्री की भूमिका निभा रहीं विधायक प्रतिभा शुक्ला ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय है और इस पर सदन में गंभीर चर्चा होना आवश्यक है। विपक्ष की नेता की भूमिका में महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने कहा कि आपातकाल धारा 352 के अंतर्गत लगाया गया था, किंतु इसके पीछे राजनीतिक स्वार्थ अधिक था।

उन्होंने इस निर्णय की वैधता पर सवाल उठाए। मोना शुक्ला, रागनी भदौरिया, अनीता त्रिपाठी, सरोज सिंह, मीरा भदौरिया, गीता निषाद अनुराधा राजपूत सहित सभी 17 जिलों से आई महिला प्रतिभागियों एवं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षों ने भाग लिया।

# यह शोभायात्रा है, गर्दन लटकाकर नहीं निकलेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने प्रशासन को दी चेतावनी
- रामनवमी पर भी प्रशासन ने विवाद किया था, हिंदू यात्राओं पर प्रतिबंध स्वीकार नहीं
- अगर अभी भी प्रशासन नहीं संभला तो हमें कार्रवाई करनी पड़ेगी

**अमृत विचार।** जगन्नाथ यात्रा में पुलिस से हुए विवाद को लेकर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा कि ऐसा ही विवाद रामनवमी पर भी प्रशासन ने किया था। मैं चेतावनी देता हूं, यह शोभा यात्रा है, कोई शवयात्रा नहीं है। गर्दन लटकाकर शोभा यात्रा नहीं निकलेगी। अगर शोभायात्रा में डीजे नहीं बनेगा तो कहां बजेगा। मुख्यमंत्री ने भी यह कहा है। गाइडलाइन बहुत स्पष्ट है। अगर अभी भी प्रशासन नहीं संभला तो हमें कार्रवाई करनी पड़ेगी। सीएम से अपील करते हैं कि प्रशासन के लोगों पर लगाम लगाएं। हिंदू यात्राओं पर प्रतिबंध स्वीकार नहीं है।

सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की बढ़ती लहर के कारण आज सम्पूर्ण देश नवोत्थान की ओर अग्रसर है। वैश्विक जगत भी अब भारत को एक आशा की किरण के रूप में देख रहा है। अब हम समाज को अवैध धर्मांतरण के कलंक से मुक्ति और हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से बाहर करके रहेंगे। धर्मांतरण कारी मिशनरियों और जिहादी तत्वों को भी अब समझना होगा कि उनके षडयंत्र अब सफल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने सम्पूर्ण विश्व में एक नवीन चेतना व ऊर्जा का संचार किया है।


प्रेसवार्ता करते विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन (बीच में।)।

### धर्मांतरण पर लगे पूर्ण विराम

उन्होंने कहा धर्मांतरण के विरुद्ध कठोर कानून व उसके कड़ाई से पालन करने वाली सरकारों के बावजूद हिंदू समाज को, छल या बल पूर्वक धर्मांतरित किया जा रहा है। लव जिहाद समेत इस प्रकार की सभी घटनाओं पर पूर्ण विराम लगाना ही होगा। उन्होंने कहा कि मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण हिंदू समाज के साथ एक धोखा है।

### मंदिर मुक्ति के अभियान को जन-जन तक पहुंचाना

उन्होंने कहा कि 5 जनवरी को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से प्रारंभ हुए मंदिर मुक्ति के अभियान को अब हम जन जन का अभियान बना कर अपने धर्मस्थलों को स्वाधीन कर हिंदू समाज को सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता की प्रतीक रही है। यात्रा मार्ग में जाति, भाषा, भूषा, प्रांत, क्षेत्र के करोड़ों लोगों की एक ही पहचान होती है कि वह हिंदू हैं और भोले बाबा के भक्त हैं। इस दौरान क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र, विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना, विहिप प्रान्त कार्याध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल, विहिप प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल, प्रान्त प्रचार प्रसार प्रमुख ओमेन्द्र अवस्थी रहे।

# डॉक्टर व पत्नी के खाते से 11.73 लाख उड़ाए

**कानपुर।** साइबर ठग ने आर्मी अधिकारी बनकर इलाज के बहाने डॉक्टर व उनकी पत्नी के खाते से 11.73 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई है। किदवईनगर के साकेतनगर निवासी सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता होम्योपैथी डॉक्टर हैं। सुरेंद्र ने बताया कि बीती 24 जून की शाम उनके मोबाइल पर कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को आर्मी अफसर बताया। उसने कहा कि खुद व अपने 15 साथियों का इलाज कराना है, इसलिए भुगतान के लिए यूपीआई की जानकारी मांगी। पीड़ित ने यूपीआई का प्रयोग नहीं करने की बात कही। इस पर आरोपी ने वीडियो कॉल करके उनसे बैंक खाते की जानकारी ले ली और इसके बाद उनके व पत्नी के खाते से 11.73 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।



जुलूस निकालकर नारेबाजी करते व्यापारी नेता। अमृत विचार

# व्यापारियों ने निकाला जुलूस, दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बीज व कीटनाशक व्यापारियों ने छापेमारी को उत्पीड़न बताया
- एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन की ओर से किया गया प्रदर्शन

**अमृत विचार।** खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों ने छापे के खिलाफ शनिवार को प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने छापेमारी को उत्पीड़न बताकर जुलूस निकाला। व्यापारियों ने अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा।

व्यापारी पहले जेल चौराहे पर एकत्रित हुए इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाला। एग्रो इनपुट डीलर्स एसो के प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में व्यापारी अपनी दुकानें बंद कर आए थे। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने शामिल होकर अपने संगठन का प्रदेशव्यापी समर्थन देने का ऐलान किया। कहा कि खाद्य व बीज व्यापारियों को छापे मारकर उनके लाइसेंस निलंबन करके परेशान किया जा रहा है। इसके विरोध मे इस ट्रेड के व्यापारियों की प्रदेशव्यापी बंदी है। हमारा संगठन व्यापारियों के साथ खड़ा है। ज्ञापन देने आए व्यापारियों में कानपुर जिलाध्यक्ष अश्वनी कटियार, महामंत्री प्रशांत चोला, आशुतोष कटियार ,उपाध्यक्ष राजू गुप्ता , राजकमल , पवन पांडेय रहे।

# क्वांटम एआई में निवेश किए 45.93 लाख तो ठगे गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- श्यामनगर के प्राइवेट कर्मी ने दो क्रेडिट कार्ड व तीन खातों से किया निवेश

**अमृत विचार।** चकेरी में ईमेल पर क्वांटम एआई का विज्ञापन देखकर प्राइवेट कर्मी ने 45.93 लाख रुपये निवेश कर दिया। दो क्रेडिट कार्ड व तीन खातों से रुपये जमा किए। क्वांटा पल्स नामक ट्रेडिंग एप डाउनलोड कर ट्रेडिंग शुरू कर दी। जब मुनाफे की रकम निकालने की बारी आई तब ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।


श्यामनगर के रहने वाले प्राइवेट कर्मी संतोष कुमार मिश्र के अनुसार 12 फरवरी 2025 को वह अपनी ईमेल देख रहे थे। तभी उन्हें क्वांटम एआई का एक विज्ञापन दिखाई दिया। उसपर क्लिक करने पर जानकारी सामने आ गई। विज्ञापन में लिखा था कि क्वांटम एआई में निवेश कर मुनाफा कमाए। संतोष के अनुसार विज्ञापन में दिए गए फॉर्म के माध्यम से उन्होंने पंजीकरण किया। इसके बाद उन्हें 13 फरवरी को एक ईमेल आया। उनका व्हाट्सएप नंबर मांगा गया। ईमेल के जरिए अपना नंबर भेज दिया। इस प्रक्रिया के बाद उन्हें ट्रेडिंग ग्रुप से जोड़ा गया। ग्रुप से उन्हें एक लिंक मिला और क्वांटा पल्स नामक ट्रेडिंग एप डाउनलोड की। फिर बताए गए दिशा निर्देश के तहत एप के जरिए ट्रेडिंग शुरू की। संतोष के अनुसार उन्होंने दो क्रेडिट कार्ड और तीन बचत खातों से 45.93 लाख रुपये का निवेश किया। अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर किए। जब उनके खाते में मुनाफे की रकम दिखी तो मार्च में उन्होंने निकालने का प्रयास किया। इस पर कई मदों में उनसे फीस मांगी गई। इस पर ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर थाना में इसकी जानकारी दी। इंस्पेक्टर साइबर थाना सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# मुन्ना समोसा पर छापा, मिली गंदगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर स्थित मुन्ना समोसा की दुकान पर खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारा जिससे हड़कंप मच गया। प्रतिष्ठान के अंदर गंदगी पाई गई और निष्प्रयोज्य सामग्री मिली। टीम ने दुकान से खाने पीने की सामग्री के 8 नमूने भरे।

शनिवार सुबह एक ग्राहक ने समोसे में फंफूदी लगे होने की शिकायत की थी। इसका वीडियो भी खूब वायरल हुआ। इसके बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिंह एवं अजीत कुमार सिंह की अगुवाई में खाद्य सचल दल ने मुन्ना समोसा के प्रतिष्ठान पर छापा। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के मालिक रामबाबू गुप्ता भी मौजूद रहे। प्रतिष्ठान में निष्प्रयोज्य सामग्री, गंदे बर्तनों पर मख्खियां भिनभिनाते मिलीं। टीम ने साफ, सफाई होने तक प्रतिष्ठान को बंद करने का निर्देश दिया। मौके से समोसा, छोले, समोसे को फ्राई करने प्रयुक्त खाद्य तेल, मैदा एवं बेसन का नमूना लिया गया।






# भामाशाह जयंती पर व्यापारियों का सम्मान

## लखनऊ में हुए मुख्यमंत्री के आयोजन का सीधा प्रसारण भी देखा, व्यापारियों की समाज में भूमिका को सराहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भामाशाह जयंती पर शनिवार को पनकी स्थित आईआईए भवन में व्यापारी कल्याण दिवस आयोजित हुआ। यहां लखनऊ में हुए मुख्यमंत्री के आयोजन का सभी ने सजीव प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम में व्यापारियों को सम्मानित किया गया। व्यापारियों की समाज के प्रति भूमिका को सराहा गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने की। इस दौरान विधायक नीलिमा कटियार, विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक, केस्को के प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन व राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड-1 आरएस विद्यार्थी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में लखनऊ स्थित लोक भवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण दिखाकर हुआ। इसके बाद राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि भामाशाह के जीवन में राष्ट्र के प्रति अगाध प्रेम था।

विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि भामाशाह का जीवन हमारी सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली अध्याय है, जो आज भी प्रेरणा का स्रोत है। विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक ने भी व्यापारिक समुदाय की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार बताया।



समारोह में व्यापारियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

### 5 करदाताओं का किया गया सम्मान

समारोह के दौरान जिले के पांच सर्वोच्च करदाताओं को सम्मानित किया गया। इनमें टोरेंट, अपोलो टायर्स लिमिटेड, गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड (अमूल), कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड तथा जे.के. टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड शामिल रहे। इन प्रतिष्ठानों को शासन की ओर से उनके उत्कृष्ट कर योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

### तीन को मिली चेक

कार्यक्रम के दौरान दुर्घटना बीमा योजना के तहत तीन लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। लाभ प्राप्त करने वालों में आराधना दीक्षित (योगेश कुमार दीक्षित फर्म), अनामिका गुप्ता (साईंनाथ ट्रेडर्स) और रानी तिवारी (रानी ल्यूब्रिकेंट्स फर्म) शामिल रहीं।

## चेकिंग दस्तों ने ट्रेनों में छापा मारा

**कानपुर।** शनिवार को उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह की अगुवाई में कानपुर से चलने वाली कई मेमू ट्रेनों की बेटिकट यात्रियों की चेकिंग की गई। जीआरपी और आरपीएफ की टीम के साथ टिकट निरीक्षकों ने नीलांचल एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, कालका मेल समेत कई ट्रेनों में बेटिकट यात्रियों पर कार्रवाई की। उधर झांसी मंडल में 64613 झांसी बांदा मेमू एवं 12177 चंबल एक्सप्रेस में विशेष तौर पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशनों के प्रतीक्षालयों, खानपान स्टॉलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी बारीकी से जांच की गई। विशेष जांच अभियान में 41 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे कुल 17740/- का जुर्माना वसूल किया गया। चेकिंग टीम में मुख्य टिकट निरीक्षक मनोहर लाल मीना, अरुण सचान, जेके सिंह, सक्षम श्रीवास्तव, सुनील यादव, लिली कुशवाहा मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, रिपोर्ट

**कानपुर।** पनकी में कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बर्रा निवासी शुभम तिवारी ने बताया कि उनका भाई सतीश बाइक से अपने ऑफिस पनकी जा रहा था। ऑफिस से कुछ दूर पहले ही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। भाई को गंभीर चोट आई है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।





बकरमंडी में निकला अलम जुलूस। अमृत विचार


जुलूस में शामिल लोगों ने मातम किया। अमृत विचार

## जिला क्षय रोग अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि

**कानपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम और टीबी मुक्त भारत अभियान में कानपुर नगर मंडल में अंतिम पायदान पर है। प्रदेश का औसत प्रदर्शन 93 प्रतिशत है। नगर की प्रगति 86 प्रतिशत तक ही सीमित है। यह हाल तब है, जबकि केंद्र सरकार वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर चुकी है। कार्यक्रम की स्थिति पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने नाराजगी जाहिर की और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.सुबोध प्रकाश को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए हैं।

सरसैया घाट स्थित सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय (डीएचएस) की बैठक की, जिसमे उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के संबंध में निर्देश दिए। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम और टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा में जिले के कमजोर प्रदर्शन पर नाराजगी जताई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तीन वर्ष से अधिक समय से तैनात सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों (एमओआईसी) को हटाने के निर्देश दिए। कहा, सीएचसी और पीएचसी पर बाहरी दवाएं न लिखी जाएं, केवल सूचीबद्ध दवाएं निर्धारित पर्ची पर ही लिखीं जाएं। आरबीएसके टीमों को निर्देश दिया कि वह बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण करें और बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित करें।

APPOINTMENT नियुक्ति

VARUN ARJUN UNIVERSITY

FACULTY REQUIREMENT

| Departments | Vacancies Open |
|---|---|
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Department of Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to **varunarjuntrust@gmail.com**

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India

# जन्नत तो करबला में खरीदी हुसैन ने...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बकरमंडी से 157 वर्ष पुराना बदर अली का अलम जुलूस निकाला गया
- इमामबाड़ों पर मजलिस, मातम का दौर जारी, महिलाओं ने भी अलम उठाया

**अमृत विचार।** करबला में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन एवं उनके 72 साथियों की याद में मोहर्रम के दूसरे दिन शनिवार को बकरमंडी स्थित तकिया बिसातियान के पास से 157 वर्ष पुराना बाबा बदर अली का अलम जुलूस निकला। इसमें नौहाख्वानी की जा रही थी कि जन्नत की आरजू में कहां जा रहे हैं लोग-जन्नत तो करबला में खरीदी हुसैन ने।

शनिवार को दोपहर तीन बजे बाबा बदर अली का अलम जूलूस निकला जिसकी अगुवाई हाजी उसमान अली, अखलाक अहमद डेविड, पार्षद इशरत अली, पार्षद मोहम्मद नौशाद, बब्लू खान, शाकिब अली, अफजाल अहमद, मोहम्मद हारुन चिश्ती आदि ने की। ये पहला मौका है जब मोहर्रम में हर साल की तरह बड़े बड़े साउंड नहीं दिख रहे हैं। महिलाओं ने भी अलम उठाकर नौहाख्वानी की। जुलूस देर रात वापस बिसाती कब्रिस्तान के सामने पहुंचकर समाप्त हुआ। ऐसे ही शहर के इमामबाड़ा महल नवाब दूल्हानगर, इमामबाड़ा हादी बेगम, इमामबाड़ा हकीम प्यारे साहब, इमामबाड़ा आगामीर मकबरा के अलावा शिया समुदाय के प्रत्येक घरों के इमामबाड़ों में मजलिस-मातम का सिलसिला जारी रहा।

वहीं दूसरी ओर मकबरा ग्वालटोली में अजाखाना सैयद अख्तर हुसैन, अजाखाना सैयद ऐमन एवं सैयद अहसन हुसैन द्वारा आयोजित मजलिस को ईरान से आए मौलाना सैयद जौन आब्दी ने खिताब फरमाया। इस मौके पर अली अब्बास नकवी, फुरकान हैदर आदि थे। इसी प्रकार हाशमी तिराहा पर जलसा आयोजित किया गया। मकबरा स्थित इमामबारगाह हाजी मुंसिफ अली रिजवी में मौलाना जोहरेकैन ने खिताब किया। इसी प्रकार अंजुमन आबिदया के नेतृत्व में मछरिया कर्बला में अलम जुलूस मातम करते हुए पहुंचा।

इस अवसर पर कासिम अब्बास, नजरे आलम जाफरी, हाजी अख्तर हुसैन रिजवी असिफ अब्बास, शराफत हुसैन, अनवार अहमद सज्जादी, चिन्टू रिजवी, आमिर रिजवी, आदिल रिजवी डा.सैय्यद अयाज़ हैदर रिज़वी,शहनशाह हुसैन के अलावा फुरकान हैदर, कुमैल नमाजी, ताज मिर्जा, यूनुस रजा,, अफसर हुसैन व एहसान हुसैन आदि थे।

## छुट्टी पर आए सीआरपीएफ जवान की मौत

**कानपुर।** चकेरी में छुट्टी पर आए सीआरपीएफ जवान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। कोयलानगर स्वर्ण जयंती विहार निवासी वीरेंद्र कुमार सीआरपीएफ में जवान थे। उनकी तैनाती पांचवीं बटालियन दिल्ली में थी। साले राजकुमार ने बताया कि वह दस दिन पहले ही आए थे। परिवार में पत्नी आरती, बेटी वंशिका और बेटा आरुष है। आरती हाथ में दर्द के कारण नौबस्ता के एक नर्सिंगहोम में भर्ती थी। इस कारण शुक्रवार रात वह पत्नी के पास रुके थे, लेकिन सुबह नहीं उठे। उनकी सांसे थम चुकी थी। परिजन शव लेकर घर पहुंचे। सूचना पर चकेरी पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# नाले और खुले में फेंक रहे हैं कूड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त ने सफाई व नाला सफाई का निरीक्षण किया

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने अधिकारियों के साथ सफाई व नाला सफाई का निरीक्षण किया। अधिकारियों से कहा कि वर्षा के दौरान सभी भ्रमणशील रहें। जहां भी जलभराव दिखे वहां त्वरित टीम लगाकर जल निकासी कराएं। नगर आयुक्त ने कई क्षेत्रों में पैदल चलकर जानकारी ली और नालों की सफाई का मुआयना किया। कई जगह खुले में और नालों में कूड़ा फेंके जाने का पता चला।

नगर आयुक्त सबसे पहले स्वर्णजयंती विहार के बड़े नाले का निरीक्षण किया। 1500 मीटर लंबे नाले की सफाई ठीक मिली। यहां सड़क में पाए गए गड्ढों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। हमीरपुर को जोड़ने वाली सीएम ग्रिड की सड़क देखी। यहां बैरीकेडिंग न होने पर नगर आयुक्त ने कहा कि जहां–जहां कार्य चल रहा हो वहां तत्काल बैरीकेडिंग लगाएं। इसके बाद उन्होंने सीओडी नाले का निरीक्षण किया। नाले में फ्लोटिंग मैटेरियल को उतराया मिला। आस–पास कूडा पड़ा पाया गया जिसपर नगर आयुक्त ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन सुविधा को दुरुस्त करने के साथ ही सख्ती बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि खुले में और नाले में कोई कूड़ा न फेंक सके। नगर आयुक्त ने जोनल स्वच्छता अधिकारी, एसएफआई गोरखनाथ व सफाई नायक महेश को कड़ी फटकार लगाई।

बारा देवी से साइड न 1 के बीच में ग्रीन बेल्ट पर किए जा रहे पौधारोपण के कार्य का निरीक्षण किया। फजलगंज में नाला सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। यहां नाले की स्लैब पर अतिक्रमण को तत्काल अर्थ–दण्ड लगाते हुए हटाए जाने का निर्देश दिया।


नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने नाला सफाई का निरीक्षण किया।

**हेल्थ जोन** आंख को दिमाग से जोड़ने वाली नस में मिला एस्पर जिलोसिस फंगस

# आंख की रोशनी छीन रहा था दुर्लभ फंगस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग में दो मरीजों का किया गया ऑपरेशन

**अमृत विचार।** अगर आंख की रोशनी धीरे-धीरे कम हो रही है, धुंधला या डबल दिख रहा हो तो सतर्क हो जाना चाहिए। यह समस्या आंख को दिमाग से जोड़ने वाली नस या नस के आसपास (ऑप्टिकल नस) में फंगस की वजह से भी हो सकती है। मई और जून माह में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग में दो ऐसे मरीजों का ऑपरेशन दूरबीन विधि से किया गया, जिनमे दुर्लभ फंगस पाया गया। एमआरआई रिपोर्ट में ट्यूमर की आशंका जताई जा रही थी।

यशोदा नगर निवासी 45 वर्षीय अधेड़ को करीब छह माह पहले धुंधला दिखने, आंखों की रोशनी कम होने और इसके बाद डबल दिखाई देने की समस्या शुरू हुई थी। वह जून माह में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल की नेत्र रोग विभाग की ओपीडी पहुंचे। यहां से उनको न्यूरो विभाग भेजा गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसकी एमआरआई कराई। एमआरआई रिपोर्ट में अधेड़ की आंख के पीछे दिमाग के पास टेनिस बॉल के आकार से छोटा ट्यूमर होने की आशंका लगी। न्यूरो विभाग से मरीज को ईएनटी विभाग भेजा गया। अधेड़ ईएनटी विभाग में 20 जून को पहुंचा, यहां पर वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ.हरेंद्र कुमार ने मरीज को देखा और डॉ.काजी सिद्दीकी व यूनिट के साथ मिलकर ऑपरेशन की तैयार की। दूरबीन विधि से मरीज का एक से डेढ़ घंटे तक ऑपरेशन कर दुर्लभ फंगस निकाला। इसी तरह मई माह में भी इसी प्रकार दुर्लभ फंगस से ग्रस्त एक 50 वर्षीय महिला का भी ईएनटी विभाग के डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया। ऑपरेशन में मुख्य रूप से डॉ.हरेंद्र कुमार, डॉ.काजी सिद्दकी, डॉ.भविष्य, डॉ.प्रजा पांडेय, डॉ.गायत्री, डॉ.स्वाति कश्यप व डॉ.साफिया रहीं।


डॉ.काजी सिद्दकी।


डॉ.गायत्री।

### इम्युनिटी कम होने से होता दुर्लभ फंगस

- डॉ.हरेंद्र कुमार ने बताया कि एमआरआई रिपोर्ट में ट्यूमर की आशंका लग रही थी, लेकिन जब दूरबीन विधि से ऑपरेशन कर आंख को दिमाग से जोड़ने वाली नस के पास से टिश्यू को निकाला गया तो वह दुर्लभ फंगस (एस्पर जिलोसिस) निकला। यह छह माह में दो मरीजों में देखने को मिला है, जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर होती है, उनमे यह दुर्लभ फंगस होने की संभावना काफी बढ़ जाती है, लापरवाही मरीज के लिए घातक भी साबित हो सकती है। ऑपरेशन कर इस फंगस को हटाया गया। यह दुर्लभ फंगस कभी–कभार ही मरीजों में देखने को मिलता है।



## एक नजर

### अदल-ओ-इंसाफ के पैकर थे हजरत फारुक-ए-आजम

**कानपुर।** तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत की ओर से चमनगंज में यौमे फारुक-ए-आजम मनाया गया। तंजीम के सदर हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने कहा कि हजरत उमर फारुक-ए-आजम अदल-ओ-इंसाफ के पैकर थे। शनिवार को चमनगंज में आयोजित कार्यक्रम में हाफिज ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने फरमाया है कि उमर मुझसे हैं मैं उमर से हूं और उमर जिस जगह भी रहते हैं हक उनके साथ होता है। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद आमिर अजहरी, हाफिज इरफान रजा कादरी, हाफिज मोहम्मद खालिद, सैयद अफजल अली, इम्तियाज अहमद बब्लू, इमरान लाला, अली जावेद, मोहम्मद मोईन जाफरी आदि मौजूद थे।

### 1.81 करोड़ की नारकोटिक दवा बरामद की

**कानपुर।** जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी नगर के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त औषधि कानपुर मंडल द्वारा गठित जांच दल श्रीनगर कासिगवां हमीरपुर रोड पहुंचा। यहां पर सेन पश्चिमपारा थाना क्षेत्र अंतर्गत दल ने मुलायम सिंह द्वारा अवैध रूप से भंडारित नारकोटिक औषधियां बरामद की, जिनका मूल्य ड्रग विभाग की टीम द्वारा करीब 1,81,36,255 रुपये आंकलित किया गया है। टीम ने मौके पर बरामद औषधियां सीज की और आठ नमूने जांच व विश्लेषण के लिए एकत्रित किया। ड्रग विभाग की टीम के मुताबिक जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित पर कार्रवाई होगी।

### जूही में सड़क धंसने और मुख्य सीवर लाइन में भरी मिट्टी को देखने पहुंचे मुख्य अभियंता

# एक महीना तक चिल्लाए तब साहब दर्द देखने आए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दक्षिण के 8 वार्डों में सीवर समस्या विकराल होती जा रही है। एक महीना बीतने के बाद शनिवार को नगर निगम मुख्य अभियंता एसएफए जैदी जूही पहुंचे और समस्या को देखा। क्षेत्रीय पार्षद पति सुनील कनौजिया ने उन्हें बताया कि मेट्रो द्वारा लगातार लापरवाही की जा रही है। 4 दिन पूर्व बिना कार्य कराए ही धंसी सड़क को बंद कर दिया। जिसकी वजह से दक्षिण के तमाम इलाकों में जलभराव की स्थिति बढ़ गई। मुख्य अभियंता ने मेट्रो की फर्म सेम इंडिया पर कार्यवाही और शीघ्र समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया।



नगर निगम मुख्य अभियंता एसएफए जैदी जूही पहुंचे और समस्या को देखा।

जूही में पिछले एक माह से जल-भराव की समस्या है। निराकरण को लेकर मुख्य अभियंता नगर निगम ने जुही गढ़ा के पास स्थित धंसी सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम और जलकल अधिकारी उनके साथ रहे। पूर्व पार्षद व पार्षद पति सुनील कनौजिया ने बताया कि लगभग दो वर्ष पहले मेट्रो का कार्य कर रही फर्म सेम इंडिया ने जुही बम्बुरहिया की सीवर लाइन क्षतिग्रस्त कर दी थी। प्रदर्शन के बाद लगभग तीन माह पहले फर्म ने लगभग 9 फिट पर भूमिगत सीवर लाइन डाली थी। लेकिन भूमिगत कार्य में सेम इंडिया ने सीवर लाइन की जगह लगभग दो मीटर नाली बनाकर मुख्य और गहरी सीवर लाइन में मिला दी। इसकी जानकारी मेट्रो प्रशासन को नहीं दी। जिसकी वजह से रिसाव होने के बाद जुही गढ़ा में 25 मई को सड़क धंस गई। गड्ढे की मिट्टी बहकर बड़ी सीवर लाइन में चली गई। गहरी सीवर लाइन जाम होने से सीटीआई, बर्रा, लाल कॉलोनी नंदलाल परम पुरवा विनोबा नगर, बारादेवी, राखी मंडी, जलपा नगर में सीवर भराव और जल भराव हो रहा है। निरीक्षण में नगर निगम जोन 3 के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार, सहायक अभियंता योगराज सिंह, अवर अभियंता सिद्धार्थ सिंह और जलकल जोन 3 के अवर अभियंता राजकुमार पटेल मौजूद थे।



सत्यम विहार में लीकेज से गड्ढे में भरा पानी। अमृत विचार

### एक हजार की आबादी को पानी की किल्लत

**कानपुर।** कल्याणपुर के सत्यम विहार में लीकेज के चलते एक सप्ताह से पानी की समस्या बनी हुई है। करीब एक हजार लोग पानी की किल्लत झेलने को मजबूर है। जलकल विभाग द्वारा की गई खुदाई से पाइपलाइन लीकेज हो गई है। शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ। शनिवार को सुशील, नीरज, दिलीप अवस्थी समेत कई लोगों ने स्थानीय पार्षद कौशल मिश्रा को पानी की समस्या बताई। जिसके बाद जलकल विभाग द्वारा पाइप लाइन के लीकेज को ठीक करने का काम शुरू कराया गया। पार्षद कौशल मिश्रा ने बताया कि लीकेज की वजह से दिक्कत हो रही है, जल्द ही पानी की समस्या से निजात मिल जाएगी।

## अधिवक्ता से लूट का तीसरा आरोपी भी हत्थे चढ़ा

**कानपुर।** महिला अधिवक्ता से लूट करने वाला तीसरा आरोपी दो माह बाद नौबस्ता पुलिस के हत्थे चढ़ा। उस पर 15 मुकदमे दर्ज हैं। जेल से छूटने के बाद उसने भाई के साथ वारदात को अंजाम दिया था।

चकेरी के सदानंद क्षेत्र की रहने वाली अधिवक्ता अमिता सिंह चौहान 20 अप्रैल को किदवईनगर के-ब्लॉक में शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। रात करीब 11 बजे वह होटल से निकल कर पार्किंग में खड़ी कार की तरफ जा रही थीं। तभी बाइक सवार लुटेरे उनका पर्स छीन ले गए थे। पर्स में उनके दो मोबाइल, सोने की चेन व रुपये थे। झपट्टा लगने से वह घायल हो गई थीं। पीड़िता ने नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पनकी पतरसा निवासी विनय कपूर व उसके साथी को गिरफ्तार किया था। मामले में विनय का भाई आशीष दो माह से फरार चल रहा था। पुलिस ने शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि आशीष ने उन्नाव से बाइक चोरी की थी, उसके बाद लूट को अंजाम दिया था। दोनों भाई लूट के मामले में तीन साल से जेल में बंद थे। छूटने के बाद घटनाओं को अंजाम दिया। आशीष पर कई थानों में 15 मुकदमे दर्ज है।



बैठक में मौजूद डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ दीक्षा जैन। अमृत विचार

## सहायक श्रमायुक्त पर कार्रवाई वनाधिकारी से जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक
- एम्बुलेंस सेवा की खराब स्थिति पर भी जिलाधिकारी नाराज

**अमृत विचार।** सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक में कई विभागों की लापरवाही पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने नाराजगी जताई। सहायक श्रमायुक्त समेत कई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की। गैरहाजिर जिला वनाधिकारी से जवाब तलब किया है।

शनिवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल के विरुद्ध विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में प्रतिकूल प्रविष्टि देने को कहा। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे 30 जून तक अपने-अपने विषयों से संबंधित समस्त सूचनाओं को गुणवत्तापूर्वक पोर्टल पर फीड करें। जिलाधिकारी ने 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवाओं की स्थिति पर असंतोष जताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि लापरवाही बरतने वाली संस्थाओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी 15 दिनों के भीतर सभी विभागों की योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा सुनिश्चित करें। बैठक में सीडीओ दीक्षा जैन, सीएमओ डॉ. उदयभान, बीएसए सुरजीत कुमार सिंह आदि थे।

## सार-संक्षेप



चुन्नीगंज पुलिस चौकी में अलम छोटा करवाती पुलिस। अमृत विचार

### अलम के डंडे पुलिस ने छोटे कराए

**कानपुर।** शनिवार को बकरमंडी से बाबा बदर अली के अलम जुलूस में 20 से 25 फिट ऊंचा अलम लेकर चलने का पुलिस ने विरोध किया। कहा कि अलम के झंडे छोटे करो ताकि रास्ते में कहीं हाईटेंशन से कोई हादसा नहीं हो। कुछ युवाओं ने पुलिस की इस बात का विरोध किया तो पुलिस ने अलम लेकर चल रहे कई युवाओं को पकड़ लिया। इसपर भीड़ पुलिस चौकी में घुस गई तो पुलिस ने वहीं अलम के डंडे काटकर छोटे करके 10 फिट ऊंचे कराए। बीते दिनों मोहर्रम को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों संग ताजियादारों, अंजुमन जिम्मेदारों एवं शहरकाजी, शहर के उलेमा के साथ मीटिंग हुई थी जिसमें ये तय हुआ था कि मोहर्रम के अलम जुलूस के डंडे 10 फिट से अधिक ऊंचे नहीं होंगे। ऊपर चांद तारा भी लोहे के बजाय लकड़ी का होगा ताकि कोई हादसा नहीं हो।

### व्यापारी नेता विनोद गुप्ता को मातृ शोक



**कानपुर।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता की 88 वर्षीय माता सुंदरी देवी का शनिवार शाम निधन हो गया। वह अपने पीछे पति रामशंकर गुप्ता, पुत्र श्याम कुमार गुप्ता, हरिमोहन गुप्ता, विनोद गुप्ता, पुत्री किरन, आशा गुप्ता, गीता गुप्ता का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। विनोद गुप्ता ने बताया कि अंतिम यात्रा रविवार को निज निवासी 60 राजीव नगर लाल बंगला से सिद्धनाथ घाट के लिए सुबह नौ बजे प्रस्थान करेगी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, युवा इकाई प्रदेश महामंत्री संत मिश्रा, दिलीप ओझा, जिलाध्यक्ष सुनील बजाज, प्रदीप गुप्ता, सत्यप्रकाश जायसवाल, कृपा शंकर त्रिवेदी ने शोक जताया है।

### मानसिक अस्वस्थ युवक ने फांसी लगाई

**कानपुर।** सचेंडी के हरसिंह देव का पुरवा में मानसिक अस्वस्थ युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची सचेंडी पुलिस ने जांच-पड़ताल की। हरसिंह देव का पुरवा निवासी 32 वर्षीय राजेश सिंह उर्फ सोनू दो साल से बीमार चल रहा था। पिता भूरा सिंह व छोटे भाई मोनू ने बताया कि मानसिक अस्वस्थ राजेश का इलाज चल रहा था। बीमारी के कारण ही वह पहले भी आत्महत्या की कोशिश कर चुका था। उसने शुक्रवार शाम पांच बजे कमरे में पंखे के कुंडे से साड़ी बांधकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद मां ने देखा तो शोर मचाया। तब घरवालों ने उसे फंदे से उतारा और अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत बता दिया। ताऊ सूरज सिंह ने बताया कि 12 साल पहले राजेश की शादी हुई थी। परिवार में पत्नी ज्योति व तीन बच्चे हैं।

## जीएसवीएम में रक्तदाताओं का किया गया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य शनिवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में स्थित ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में रक्तदाताओं व रक्तदान में सहयोग करने वाली संस्थाओं का सम्मान किया गया। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि छह माह में ही 31000 यूनिट रक्त एकत्र हुआ है, जबकि अभी पूरे छह माह बाकी हैं।

रक्त एकत्र करने में इस पर जीएसवीएम का ब्लड बैंक सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। कल्यानपुर विधायक नीलिमा कटियार ने बताया कि रक्तदान महादान है, जिसकी मदद से मरीजों की जान बचाने का कार्य शहर की जो संस्था कर रही हैं, वह काफी काबिलें तारीफ हैं। नोडल अधिकारी डॉ.लुबना खान ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान के लिए रक्तकेंद्र के सभी अधिकारी/कर्मचारी हमेशा तत्पर रहते है। शनिवार को भी 10 कर्मचारियों ने रक्तदान किया है। इस दौरान हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह, सीएमएस डॉ.एनसी त्रिपाठी, पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.महेंद्र सिंह, डॉ.श्रद्धा वर्मा, डॉ.मनीष यादव, ट्रांसफ्यूजन विभाग से डॉ.नम्रता निगम, डॉ. नीलिमा सचान, डॉ. संतोष नारायन शुक्ला, डॉ.अनुराग राजौरिया समेत आदि डॉक्टर रहे।



मेडिकल कालेज में रक्तदाताओं और संस्थाओं का सम्मान किया गया। अमृत विचार

- छह माह में 31000 यूनिट रक्त एकत्र किया गया

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## नशे में युवक ने फांसी लगा ली

**कानपुर।** शराब के नशे में युवक ने खुदकुशी कर ली। सचेंडी के छीतेपुर निवासी स्व. महावीर कुशवाहा का 31 वर्षीय बेटा दिनेश चार भाइयों में छोटा और अविवाहित था। बड़े भाई शिवमंगल, हरिओम ने बताया कि शुक्रवार रात को काम से आने के बाद उसने अपनी भाभी से खाना बनाने को कहा था। इसके बाद बाहर चला गया। भाइयों ने उसके खाना खाने की बात पूछी तो पता चला कि लौटकर आया ही नहीं। जब वह बुलाने गए तो कमरे में पंखे के कुंडे से शव लटका देखा।

## बिगड़ी जीवनशैली से बढ़े पेट रोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** परेड स्थित आईएमए सभागार में शनिवार को एक सीएमई का आयोजन किया गया, जिसमे डॉक्टरों ने बताया कि बिगड़ी जीवन शैली व खानपान की वजह से लोगों में पेट संबंधित बीमारियों में इजाफा हो रहा है।

गैस्ट्रो के डायरेक्टर एंड कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ.पीयूष मिश्रा ने बताया कि आईबीडी नामक आंतों की सूजन की बीमारी में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जो आज भारत में भी आधुनिक जीवनशैली के कारण बढ़ रही है। अकबरपुर मेडिकल कॉलेज से आईं डॉ. सोनल अमित ने कोलोनिक बायोप्सी पर आईबीडी की हिस्टोपैथोलॉजी पर अपडेट विषय पर जानकारी दी। आईएमए अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी ने बीमारियों की गंभीरता के विषय में जानकारी दी।



आईएमए सभागार में मौजूद डॉक्टर। अमृत विचार

डॉ.सोनल अमित ने कोलन बायोप्सी की हिस्टोपैथोलॉजी जांच का महत्व बताया। इस दौरान वैज्ञानिक सचिव डॉ. गणेश शंकर, चेयरमैन वैज्ञानिक सब कमेटी डॉ. एसी अग्रवाल, आईएमए सचिव डॉ.विकास मिश्रा, डॉ. आशा अग्रवाल, डॉ.लुबना खान, डॉ.गौरव चावला, डॉ.विनय कुमार, डॉ.राहुल गुप्ता, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. एसएन सिंह, डॉ. प्रवीण सारस्वत, उपाध्यक्ष डॉ. कुणाल सहाय व संयुक्त वैज्ञानिक सचिव डॉ. कीर्ति वर्धन सिंह समेत आदि रहे।


ॐ शांतिः शोक संदेश ॐ शांतिः



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जा रहा है कि मेरी पत्नी श्रीमती सुंदरी देवी (88 वर्ष) का गोलोकवास हो गया है। अंतिम यात्रा आज सुबह 09 बजे निज निवास से सिद्धनाथ घाट जाजमऊ के लिए प्रस्थान करेगी।

पुत्र

रामशंकर गुप्ता (पति)

श्याम कुमार गुप्ता
हरिमोहन गुप्ता

विनोद गुप्ता (क्षेत्रीय संयोजक) भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र 9839101483

निवास : मकान नंबर 60 राजीव नगर लाल बंगला कानपुर
शोकाकुल : समस्त गुप्ता परिवार



**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, इटावा**

पत्रांक :– एस0एस0ए0/ गुण0वि0/ 1931 /2025–26 दिनांक : 26. 06.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के पत्र संख्या– प्री–प्राइमरी/चाइल्ड फ्रेन्डली /11482/2024–25 दिनांक– 28.03.2025 के क्रम में जनपद के 286 बाल–बाटिका एवं को–लोकेटेड आंगनबाड़ी वाले विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक शिक्षा हेतु चाइल्ड फ्रेन्डली फर्नीचर क्रय हेतु जैम पोर्टल पर निविदा संख्या– GEM/2025/B/6386833 Dated:26–06–2025 अपलोड की गयी है। बिड से सम्बन्धित नियम व शर्तें https://gem.gov.in/ पर उपलब्ध है। इच्छुक फर्मे दिनांक– 26.06.2025 से दिनांक– 07.07.2025 अपराह्न 03: 00 बजे तक ऑनलाइन जैम पोर्टल पर डाउनलोड व अपलोड कर सकते है।

(डा0 राजेश कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
इटावा



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैं **सियारानी उर्फ पुष्पा देवी पत्नी स्व0 सियाराम निवासिनी ग्राम रसूलपुर मजरा समेसी तहसील मोहनलालगंज जनपद लखनऊ,** मेरे आधार कार्ड नम्बर–8641 2092 0914 में विवाह पूर्व पिता के यहाँ आधार कार्ड में त्रुटिवश पुष्पा देवी नाम दर्ज हो गया था तथा विवाह के पश्चात ससुराल में आधार कार्ड, बैंक खाता, पैन कार्ड, राजस्व अभिलेखों, पहचान पत्र, राशन कार्ड में विधवा पेन्शन, गैस एजेन्सी, आयुष्मान कार्ड. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमण पत्र व ईश्रम कार्ड में सियारानी नाम दर्ज है। मैं सियारानी व पुष्पा देवी दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हैं तथा मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाय।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं **सुन्दारा पत्नी रामदास निवासी वीरशाहपुर परगना फखरपुर तहसील महसी जनपद बहराइच,** मेरे बैंक जिसकी खाता सद्द 50350262158 है के खतौनी व आधारकार्ड जिसका नं0 962193256320/962193256380 पर सुन्दारा पत्नी रामदास दर्ज अभिलेख है। जो सही है। मेरे दो अलग–2 नाम है। सुन्दारा व केतका दोनों नाम एक ही महिला के है। इनके अलावा कोई अन्य महिला नही है।

**सूचना**
मेरे बचत खाता में मेरा नाम प्रिया सिंह अंकित हो गया है जबकि मेरे अन्य कागजात शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में मेरा नाम प्रिया सिंह चंदेल अंकित है जो की सही है जिसे खाते में सही दर्ज कर दिया जाए। **प्रिया सिंह चंदेल पुत्री रविंद्र सिंह चंदेल निवासी ग्राम गोकना पोस्ट कोटिया ऊंचाहार रायबरेली 229404 उत्तर प्रदेश**

**सूचना**
मैंने अपने छोटे पुत्र तौफीक हुसैन व उसकी पत्नी अनम बेगम के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होंगे– **जाकिर हुसैन पुत्र शब्बीर हुसैन व चांदतारा बेगम निवासी–गांधीनगर थाना–बिधूना –तहसील –बिधूना– जनपद– औरैया।**

**सूचना**
मैंने अपने बड़े पुत्र अनुज सिंह व उसकी पत्नी नीरु देवी के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होंगे– **सुशीला देवी पत्नी रणधीर सिंह व रणधीर सिंह पुत्र छविनाथ सिंह ग्राम बेलामऊ सरैया थाना इंदरगढ़ जनपद कन्नौज।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित हो कि श्री विन्ध्याचल सिंह पुत्र स्व0 श्री जगदम्बा बक्स सिंह ग्राम व पोस्ट–दुल्हूपुर, तहसील–जलालपुर, जिला–अम्बेडकरनगर। फर्म विन्ध्याचल सिंह, ग्राम व पोस्ट –दुल्हूपुर, तहसील–जलालपुर, जिला–अम्बेडकरनगर, के साझेदार की मृत्यु दिनॉक 26.03.2025 को हो गयी है। उनके स्थान पर एक अन्य साझेदार श्रीमती रीता सिंह पत्नी स्व0 श्री विन्ध्याचल सिंह ग्राम व पोस्ट– दुल्हूपुर, तहसील–जलालपुर, जिला–अम्बेडकरनगर को दिनॉक 01.05. 2025 से साझेदार के रूप में शामिल हुयी हैं। **निवेदक गौरव सिंह साझेदार फर्म विन्ध्याचल सिंह, ग्राम व पोस्ट– दुल्हूपुर, तहसील–जलालपुर, जिला–अम्बेडकरनगर।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पहचान पत्र (आधार कार्ड एवं पैन कार्ड) में त्रुटिवश मेरा नाम Madhu Shribasotiya व जन्मतिथि 01/01/1994 हो गया है जोकि गलत है। सही नाम Madhu Shree Basotiya व जन्मतिथि 08/11/1993 है। उपरोक्त दोनों नाम व जन्मतिथि एक ही महिला के है। भविष्य में Madhu Shree Basotiya **निवासी– उपरहितन पुरवा जानकी नगर गोण्डा** के नाम से जाना पहचाना जाए।



बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025–26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा–डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा–डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स–रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड–243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### कृषि यंत्रों की खरीद को 12 जुलाई तक करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के किसान कृषि यंत्रों की खरीद के लिए 12 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने पोर्टल पर किसानों से आवेदन मांगें हैं। शासन के अधिकारियों के अनुसार, किसानों की खेती को बढ़ाने के साथ ही उत्पादन अधिक व लागत कम की अवधारणा पर राज्य सरकार काम कर रही है। इसी के तहत किसानों को कृषि ड्रोन व कृषि यंत्र की खरीद पर निरंतर अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान प्राप्त करने के लिए वर्तमान में आवेदन शुरू हो गया है। किसान विभागीय पोर्टल www.agridarshan.up.gov.in पर आवेदन करने के लिए पोर्टल के जरिए ही सभी विवरण प्राप्त कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि कृषि यंत्रों की बुकिंग 27 जून से शुरू हुई है, जो 12 जुलाई तक चलेगी।

### नए कानूनों के तहत 458 लोगों को दिलाई सजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के जरिए पिछले करीब एक वर्ष में तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत चिन्हित कुल 457 मामलों में 458 लोगों को सजा दिलाई गई है। इसकी हाल ही में बनारस में मध्य क्षेत्रीय परिषद की मीटिंग में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी काफी सराहना की। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की देश ही नहीं दुनिया भर में सराहना हो रही है। पिछली सरकारों में गुंडा राज और ध्वस्त कानून व्यवस्था के लिए पहचाने जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज सुशासन और सुदृढ़ कानून व्यवस्था के लिए नई पहचान मिली है। अभियोजन एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि पिछले करीब एक साल में तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत अब तक 457 मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। इनमें 4 अपराधियों को मृत्युदंड (फांसी की सजा), 10 अपराधियों को आजीवन कारावास, 425 अपराधियों को 20 वर्ष से कम कारावास की सजा और 19 अपराधियों को 20 वर्ष से अधिक कारावास की सजा दिलाई गई है।

# हीट वेव से ग्रीन वेव की ओर बढ़ रहा प्रदेश : योगी

## मुख्यमंत्री ने जुलाई माह में शुरू हो रहे पौधरोपण महाभियान 2025 का लोगो किया जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में आगामी जुलाई माह में आयोजित होने जा रहे वन महोत्सव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। पौधरोपण महाभियान-2025 का लोगो जारी करते हुए कहा कि इस बार एक दिन में प्रदेश की कुल जनसंख्या से भी अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम थीम पर महाअभियान में सामूहिक प्रयास प्रदेश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान को प्रदेशव्यापी जनांदोलन का रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 2024 के बीच प्रदेश में 204.92 करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं और भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार 2017 से 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के हरित आवरण में ऐतिहासिक रूप से तीन लाख एकड़ की वृद्धि दर्ज की गई है, जो व्यापक जनसहभागिता से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव में एक अभिनव पहल की घोषणा करते हुए कहा कि वन महोत्सव की अवधि में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात शिशु को "ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट" प्रदान किया जाए, साथ ही शिशु के अभिभावकों को एक पौधा भी भेंट किया जाए।



लखनऊ में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान पौधरोपण अभियान का लोगो जारी करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

**प्रत्येक रोपे गए पौधे की हो जियो टैगिंग और फेंसिंग :** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक रोपे गए पौधे की जियो टैगिंग कराई जाए और उनकी फेंसिंग की समुचित व्यवस्था हो। जनता को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल और संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया जाए, ताकि लगाए गए पौध वृक्ष बन सकें।

**अधिकारियों ने गिनाई तैयारी और कार्ययोजना :** कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस बार वन विभाग द्वारा 12 करोड़ 60 लाख पौधे तथा अन्य विभागों द्वारा 22 करोड़ 40 लाख पौधे लगाए जाएंगे। विभागवार लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है और ग्रामीण व शहरी माइक्रोप्लान पर कार्य प्रगति पर है।

### नदियों के पुनर्जीवन को भी केंद्र में रखने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव के अंतर्गत नदियों के पुनर्जीवन को भी केंद्र में रखने के निर्देश दिए। इस बार वन महोत्सव के अंतर्गत नदियों के दोनों तटों पर पौधरोपण कराया जाए, जिससे जल गुणवत्ता और जैव विविधता दोनों को लाभ मिले। साथ ही आवश्यकतानुसार नदियों का चैनलाइजेशन भी किया जाए।

# सैमसंग समेत चार कंपनियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

- औद्योगिक विकास मंत्री ने विभागीय प्रस्ताव पर दी स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की ओर से सैमसंग समेत चार कंपनियों को 189.60 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इस सिलसिले में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने विभागीय प्रस्ताव पर स्वीकृति दे दी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति के तहत निजी कंपनियों को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। औद्योगिक विकास मंत्री ने सैमसंग नोएडा समेत चार कंपनियों को 189 करोड़ 70 लाख 47 हजार 915 रुपए का प्रोत्साहन राशि जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। अब जल्द ही प्रोत्साहन सैमसंग समेत अन्य तीन कंपनियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इन कंपनियों में मेसर्स एलजी इलेक्ट्रानिक्स को 20 करोड़ 49 लाख 18 हजार 513 रुपये, मेसर्स पसवारा पेपर्स लिमिटेड मेरठ को दो करोड़ 57 लाख पांच हजार 275 रुपये, मेसर्स सैमसंग इडिया इलेक्ट्रानिक्स प्राइवेट लिमिटेड नोएडा को 124 करोड़ 58 लाख 43 हजार 888 रुपये और मेसर्स वरुण बेवरेजेज लिमिटेड संडीला हरदोई को 42 करोड़ पांच लाख 80 हजार 239 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मंत्री नंदी ने कहा कि इस प्रोत्साहन राशि से उद्योगों को और बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जहां प्रदेश से उद्योग धंधों का पलायन हो रहा था, वर्तमान सरकार में प्रदेश निवेश का प्रमुख केंद्र बन कर उभरा है।

# इलाज कराएंगे, आवास भी देंगे : योगी

- गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में बीमार बिटिया को गोद में लेकर बैठी महिला को भरोसा दिया कि अच्छे से अच्छा इलाज सरकार कराएगी। महिला और उसके परिवार के लिए आवास की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इसे लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

योगी ने जनता दर्शन में आए करीब 200 लोगों से मुलाकात की। समस्याएं सुनते हुए आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। मुख्यमंत्री ने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराएं। एस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

### राष्ट्रपति की भव्य अगवानी करेगा गोरखपुर

प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होने आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की भव्य अगवानी में कोई खामी न रहे, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी ने लगातार दूसरे दिन शनिवार को भटहट के पिपरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। 30 जून और 1 जुलाई को राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे को लेकर हिदायत दी कि कोई कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए। योगी ने भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की।

# संविधान से छेड़छाड़ की तो सड़कों पर उतरेगी बसपा

## मायावती ने कहा- कांग्रेस-भाजपा ने मिलकर संविधान में किए गैर जरूरी संशोधन

- देशभर में मजबूत संगठन तैयार करेगी बसपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अगर संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ हुई तो बसपा चुप नहीं बैठेगी। संविधान की रक्षा के लिए देश भर में सड़कों पर उतरेगी। बसपा प्रमुख शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं।



प्रेस कांफ्रेंस करतीं बसपा प्रमुख मायावती।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस व भाजपा ने मिलकर संविधान में गैर जरूरी संशोधन किये हैं। उन्होंने कहा कि बसपा देश भर में मजबूत संगठन तैयार करेगी और आने वाले लोकसभा व राज्यों के विधानसभा चुनावों में मजबूती से उतरेगी। उन्होंने कहा कि सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर ने मानवतावादी संविधान दिया है, पर भाजपा व कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर के संविधान को कभी भी ईमानदारी से लागू नहीं किया। दोनों ही दलों ने समय-समय पर अपने राजनीतिक हितों, विचारधाराओं व नीतियों के लिए संविधान में गैर जरूरी संशोधन किये हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी अपने चाल-चरित्र व चेहरे को छुपाने के लिए लोगों का ध्यान हटाने के लिए ऐसी चालें चलती रहती हैं। संविधान बदलने की नीति में कांग्रेस व भाजपा दोनों की मिलीभगत रहती है।

### मतदाता सूची पर निर्वाचन आयोग स्थिति स्पष्ट करे

बसपा प्रमुख ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर सुधार के लिए जो बातें हो रही हैं, उसमें भारत निर्वाचन आयोग को अपनी स्थिति जरूर स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार, सभी भाषाओं का सम्मान होना चाहिए, इस पर वाद-विवाद ठीक नहीं। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश में जातिवादी मानसिकता के तहत खासकर दलित वर्गों के लोगों का शोषण, अत्याचार व उत्पीड़न किया जा रहा है, यह भी कोई अच्छी बात नहीं है। देश में बीच-बीच में हो रही आतंकवादियों की घटना को लेकर केंद्र सरकार को पुलिस और जनता के साथ रहना चाहिए, ताकि कोई आतंकवादी संगठन अपने किसी भी मकसद में कामयाब न हो सके।

# यूपीएससी व यूपीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बनेंगे मेंटर

- छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ने 11 जुलाई तक मांगे आवेदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) या उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले पूर्व प्रशिक्षुओं को 'मेंटर' बनने का मौका मिलेगा। छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ने इच्छुक लोगों से आवेदन मांगें हैं।

इस पहल का लाभ उन युवाओं को मिलेगा, जिन्होंने पूर्व के वर्षों 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 में संस्थान से कोचिंग ली है। आवेदन की अंतिम तारीख 11 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट www.bhagidaribhawan.in पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार यादव ने बताया कि पांच युवाओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें प्रत्येक कक्षा के लिए 500 रुपये का मानदेय दिया जाएगा।

### अभियंताओं पर कार्रवाई उद्योगपतियों के इशारे पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाते हुए कहा कि निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत बिजली अभियंताओं पर विजिलेंस की ओर से की गई कार्रवाई उद्योगपतियों के इशारे पर की गई है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों में जिस प्रकार की कार्रवाई चल रही है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि बिजली कंपनी को पावर कॉरपोरेशन नहीं बल्कि उद्योगपतियों का प्रबंधन चला रहा है। कहा कि बिजली कंपनियों को खरीदने के पहले कार्मिकों को कमजोर किया जा रहा है, ताकि वे अपने अधिकारों की लड़ाई न लड़ पाएं।

# कॉरिडोर के नाम पर लूट तंत्र सक्रिय

## गोरखपुर में विरासत गलियारा को लेकर सपा प्रमुख ने साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गोरखपुर में 'विरासत गलियारा' को लेकर योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि कारिडोर के नाम पर भाजपाई लूट तंत्र सक्रिय है। यदि गोरखपुर वालों ने अपने मुंह खोल दिए तो वहां पर विरासत गलियारा की जगह हिरासत गलियारा बनवाना पड़ेगा।

वे राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। अखिलेश यादव ने गोरखपुर में सपा कार्यकर्ताओं से हुई अभद्रता को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को भाजपा के लोगों ने बुलडोजर लेकर रोका। पीड़ित दुकानदारों से मिलने नहीं दिया। इसमें पुलिस-प्रशासन भी उन्हीं लोगों का साथ दे रहा था। अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर के डीएम व एसएसपी पर अभी कार्रवाई नहीं हुई तो सपा सरकार बनने पर इन अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।



प्रेस वार्ता करते अखिलेश यादव।

सपा मुखिया ने कहा कि गोरखपुर में जमीन-मकान का मुआवजा आपसी सहमति से नहीं, बल्कि बाजार की कीमत के हिसाब से देना चाहिए। सरकार पुलिस को आगे करके, डरा धमकाकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों से जबरदस्ती सहमति पत्र जारी करा रही है। जहां जमीन दिखती है, भाजपा उस पर कब्जा करने लगती है।

# लक्कड़ शाह दरगाह के कथित ध्वस्तीकरण पर मांगा जवाब

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच की लक्कड़ शाह दरगाह के ध्वस्तीकरण के आरोप को लेकर दाखिल एक अवमानना याचिका पर राज्य सरकार के अधिवक्ता को आदेश दिया है कि वह मामले में पूरी जानकारी लेकर अगली सुनवाई पर अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने दरगाह प्रबंधन समिति की अवमानना याचिका पर पारित किया। याचिका में राज्य सरकार द्वारा 10 जून को मामले में कोर्ट में दिए गए आश्वासन के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कहा था कि बहराइच के मूर्तिहा वन रेंज स्थित लक्कड़ शाह समेत तीन अन्य मजारों पर ढहाने की कार्रवाई रोक दी गई है। कहा गया है कि बावजूद इसके 13 जून को ध्वस्तीकरण की करवाई शुरू कर दी गई।

# किसान मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी

- निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदर्शन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है। इस बीच, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में प्रदेश भर में चल रहा विरोध प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स और संयुक्त किसान मोर्चा ने राज्य सरकार के सतर्कता विभाग के जरिए बिजली कर्मियों के खिलाफ एफआईआर कराये जाने की कड़ी निंदा करते हुए चेतावनी दी कि अगर बिजली कर्मियों का उत्पीड़न किया गया तो देश भर के बिजली कर्मचारी और किसान मूकदर्शक नहीं रहेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ने देश भर के बिजली कर्मियों का आह्वान किया कि प्रदेश में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया और दमनकारी रवैया के विरोध में 2 जुलाई को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर शामिल हों।

संयुक्त किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण को बड़ी लूट बताते हुए निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त करने की मांग की है। किसान मोर्चा ने कहा है कि निजीकरण के बाद क्रॉस सब्सिडी के बिना 7.5 एचपी पंप-सेट का उपयोग करने वाले किसान को मासिक बिजली बिल के रूप में 10,000 रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा।

# दक्षिणांचल निगम खत्म होने पर फ्रेंचाइची टोरंट का क्या होगा

- विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा विभाग से पूछा सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा विभाग से सवाल करते हुए कहा कि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम खत्म होने पर आगरा में बिजली आपूर्ति में लगी निजी फ्रेंचाइची कंपनी टोरंट का क्या होगा। आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में यह सवाल किया है। अंतरिम रिपोर्ट का जवाब मिलने पर आयोग वृहद रिपोर्ट भेजेगा।

सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट पर सरकार की ओर से अभिमत मांगे जाने पर पिछले दिनों नियामक आयोग ने वित्तीय खामियां बताते हुए सरकार को अंतरिम रिपोर्ट भेजी थी। सूत्रों के अनुसार, इसी रिपोर्ट में आयोग ने टोरंट के भविष्य को लेकर सवाल उठाये हैं। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की पोल लगातार खुलती जा रही है।

## वर्ग पहेली-16

**बाएं से दाएं**

4.1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5.1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9.1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10.1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

**ऊपर से नीचे**


1.1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2.1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3.1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7.1. छोटी लता 2. बेल।

8.1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है



### वर्ग पहेली -15 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 श | रा | स | न | | | 2 पु |
| | | | | 3 बं | द | नी |
| | | 4 ब | | दा | | ता |
| | 5 म | हा | ज | न | | |
| 6 दं | दा | ना | | 7 वा | क | या |
| | र | | | ज़ | | |
| | | 8 खा | टी | | 9 धे | री |

## सुडोकू -23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 1 | | | | 7 |
| 9 | | | | 6 | | | 1 | |
| | 1 | | 2 | | | 4 | 6 | |
| 8 | | 7 | | 4 | | 3 | | |
| | 4 | | 9 | | 6 | | 5 | |
| | | 1 | | 3 | | 9 | | 8 |
| | 8 | 6 | | | 5 | | 7 | |
| | 2 | | | 7 | | | | 3 |
| 4 | | | | 2 | | 1 | | |

### सुडोकू - 22 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 3 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी-09.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 06.34 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** - आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बच्चों के करियर को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। नया रोजगार शुरू करने के योग बन रहे हैं। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है। नये काम को टालने से बचना चाहिए।

**वृष** - आज परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपने संपर्कों को मजबूत कर लें। कोई बड़ा व्यापारिक ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। कब्ज और पेटदर्द की समस्या हो सकती है। बदलते मौसम का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। रियल एस्टेट में निवेश शुभ होगा।

**मिथुन** - आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। अनुभवी व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपकी योग्यता को लोग सराहेंगे। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आपके लिए बहुत ही अच्छा दिन रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है।

**कर्क** - आज परिवार में आपसी विश्वास में कमी उत्पन्न हो सकती हैं। आपको अभद्र भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए। आलस्य के कारण आप काम से बचने का प्रयास करेंगे। नई भूमि-संपत्ति खरीदने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी बरतें।

**सिंह** - आज परिवार में हर्ष का वातावरण रहेगा। आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**कन्या** - आज अपना समय व्यर्थ में बर्बाद न करें। सही समय पर काम पूरा न कर पाने के कारण आपको कठिनाई हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं को बाहरी लोगों से साझा न करें। प्रेम संबंधों में भ्रम की स्थिति बन सकती है। आपके सम्मान में कमी आने के योग बन रहे हैं।

**तुला** - आज कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। ऑनलाइन व्यापार में अच्छे परिणाम मिलेंगे। रचनात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अपनी प्रतिभाओं और क्षमताओं को पहचानें। घर की समस्या दूर होगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज घर-गृहस्थी की समस्या दूर होने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को जॉब के अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। उच्चाधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। व्यापार में सहयोगियों से संबंध मजबूत होंगे।

**धनु** - आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। धन के लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। पुरानी नकारात्मक बातों के कारण थोड़े निराश होंगे। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मकर** - आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं। विवाहेतर संबंधों के कारण कठिनाई होगी। भावुकता के कारण लिए गए निर्णय आपको नुकसान पहुंचायेंगे। बच्चों के साथ आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण थोड़ी परेशानी होगी।

**कुंभ** - आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है। बड़े कारोबारी ऑर्डर मिल सकते हैं। आपका मन संतुष्ट रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था में बढ़ोत्तरी होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव के बावजूद आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**मीन** - आज आपसे कोई भूल हो सकती है। पुण्य कार्यों पर आपको धन खर्च होगा। मन में सन्तुष्टि का भाव रहेगा। सभी कार्य पूरे मनोयोग से करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आने की संभावना है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

# सृजन से लोकमंगल

अस्तित्व की अभिव्यक्ति है प्रकृति। अस्तित्व है अंतहीन। सृजन प्रकृति का धर्म है। प्रतिपल नई कोंपल, नई कली, नव पराग, नव मकरंद। कीट-पतिंग भी नवसृजन हैं। नन्हीं गौरैया के मुंह में दाना डालती गौरैया माता या अपने बच्चे को पेट में चिपकाए इस डाल से उस डाल पर छलांग लगाती बन्दरिया। बछड़े को चाट-चूमकर शक्तिशाली गोवंश तैयार करती गोमाता। सृजन के विधाता देव ब्रह्मा हैं। वे कभी थकते नहीं। बार-बार अथक सृजन। अकथ विस्तार। गीत, काव्य, संगीत और समूचा साहित्य प्रकृति की सृजन शक्ति ही विस्तार है। प्रकृति रचती-गढ़ती है तो यह कर्म प्रकृति है और मनुष्य रचता है तो संस्कृति। प्रकृति में सत चित आनंद की त्रयी है तो संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर की त्रय-दिव्यता है। प्रकृति में सुन्दरतम सृजन की गहन अभीप्सा है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। इसलिए मनुष्य भी सुन्दरतम सृजन की कामना से भरापूरा है। बस चित्त प्रशांत होना चाहिए।

आनंद हमारी सर्वोत्तम अभीप्सा है। हरेक सृजन का लक्ष्य आनंद है। यह आनंद स्वयं तक ही सीमित नहीं है। सृजन धर्म स्वयं का अतिक्रमण करता है और लोकआनंद व लोकमंगल का हेतु सेतु बनता है। प्रकृति के पास असीम अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य है। प्रकृति का अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य संविधान की देन नहीं। वह वर्षा रचती है, कभी आंधी के साथ, कभी आंधी के पूर्व और कभी आंधी के बाद भी। वह गहन उमस के बीच भी वर्षा ले आती है। आकाश में इन्द्रधनुष रचने के लिए उसे इन्द्र या वरुण देवों की अनुमति नहीं चाहिए। मनुष्य को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस स्वतंत्रता का सदुपयोग लोकमंगल के लिए ही होना चाहिए। अन्तस में सत चित आनंद का गीत है। सत्य, शिव और सुन्दर इसी की अभिव्यक्ति है। भारतीय परंपरा में सृजन का दिक्सूचक यही केंद्र है।

शाश्वत तत्वों को सृजन का विषय बनाने की भारतीय परंपरा महत्वपूर्ण है। तात्कालिक विकृतियों को हटाना और शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा जरूरी है। संस्कृति के सारगर्भ से जुड़ने की यह बात महत्वपूर्ण है। साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है और समाज का साहित्य पर भी। रामकथा में



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

**लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्त: सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्त: सुख में अंतर भी है।**

रावण के चरित्र वर्णन का समाज पर गहरा असर पड़ा है, कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों का नाम रावण नहीं रखता। विभीषण भी नहीं रखता, यद्यपि विभीषण ने राम का सहयोग किया था लेकिन देशभक्ति प्रश्नवाचक थी। लोक ने अच्छे कार्य के बावजूद उसे 'घर का भेदी' ही कहा।

लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है। स्वान्तः में अन्तस का अन्तिम छोर है। भारतीय चिंतन में स्व अन्तस् का अन्तिम छोर विराट से जुड़ा हुआ है। तुलसी के राम अखिल लोकदायक विश्रामा हैं, उनकी राम कथा 'सुरसरि सम सबका हित होई' से ध्येयबद्ध है।

सृजन का उद्देश्य लोकमंगल ही है। होना भी चाहिए। सृजन आनन्दवर्द्धन होता है। इसका लक्ष्य लोकमंगल है। यह निराशा की तमस् में आशा का दीप प्रज्वलन है। शाश्वत और चिरंतन का नूतन आख्यान है। दृश्यमान विभाजित अनेकता के भीतर एकता का दर्शन है और सामूहिक उल्लास का संयोजन भी। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में सुखान्त पर जोर दिया था। सांस्कृतिक मर्यादा का संवर्द्धन और शीलरस का संवर्द्धन भी साहित्यकार का दायित्व है। कथित प्रगतिशीलता में नेह-स्नेह के आत्मीय रिश्तों के प्रति आक्रामकता है। पिता भारतीय परम्परा में देव कहे गए हैं। हम सब माता-पिता का विस्तार हैं। वे न होते तो हम न होते लेकिन नवलेखन में प्रायः माता-पिता की वैसी प्रतिष्ठा नहीं है। महाभारतकार भी कवि या साहित्यकार थे। उनके सृजन में यक्ष प्रश्न हैं। यक्ष ने पूछा, "युधिष्ठिर। धरती से भी भारी क्या है? और आकाश से भी ऊंचा क्या?" युधिष्ठिर ने कहा, "माता पृथ्वी से भारी है और पिता आकाश से भी ऊंचा।" ऐसे लेखन में माता-पिता की प्रतिष्ठा है। परिवार प्रीतिकर संस्था है। प्रगतिशीलता उसे तोड़ रही है।

परिवार का विकल्प नहीं। परिवार को मजबूत करने वाला लेखन समय की आवश्यकता है। ऋग्वेद में नदियों को प्रणाम किया गया है। नदियां प्रणाम के योग्य हैं भी। वे जलमाताएं हैं। विज्ञान भी नदियों की महत्ता स्वीकार कर चुका है। वैदिक साहित्य में विश्वामित्र और नदी का संवाद अनूठा है। विश्वामित्र जैसे पूर्वजों ने नदियों से संवाद में भरतवंशियों की तरफ से तमाम आश्वासन दिए थे। वे आश्वासन हमारे साहित्य का हिरण्य कोष हैं। लेकिन हम सबने वे आश्वासन तोड़े हैं। नदी और मनुष्य की प्रीति शून्य हो चुकी है। नदियों ने कहा था, "यह संवाद याद रखना, हमारा ध्यान रखना। तुम पार उतरो, हम वैसे ही नीचे झुक रही हैं जैसे बच्चे को स्तनपान कराने के लिए मां झुकती है।" विश्वामित्र ने कहा था, "हे नदियों, मैं आपकी स्तुति करता रहूंगा।" सामन्ती काल में अनेक चारण राजाओं की प्रशंसा गाते थे। लेकिन वे स्तोता नहीं थे, उनके गायन स्तुति नहीं थे और न ही स्तोत्र। स्तोता होना बड़ी कठिन साधना है। मन, क्रम, वचन और अन्तस से उगा सृजन ही किसी को स्तोता बनाता है। विश्वामित्र ने नदियों को आश्वासन दिया था हम भारत के लोग आपके स्तोता रहेंगे, जलमाताओं का पोषण करेंगे, तन से, मन से।

वैदिक साहित्य में प्रकृति के कण-कण के प्रति आत्मीयता है। कथित प्रगतिशील दृष्टि में प्रकृति उपभोक्ता सामग्री है और भारतीय परंपरा में यही प्रकृति नमस्कारों के योग्य है। तुलसीदास के सृजन में भौतिक जगत सीयराममय है और बारम्बार प्रणम्य है-सीयराम मय सब जग जानी करूउं प्रणाम जोरि जुग पानी। प्रकृति के प्रति अंगांगी भाव की सतत् अभिव्यक्ति जरूरी है। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्व हैं। लेखन, सृजन के भी नीति निदेशक तत्व हैं। भले ही वे संहिताबद्ध नहीं हैं, लेकिन उनका अस्तित्व है। मां-पिता की प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण तत्व है। कथा, कहानी और काव्य में इस तत्व को ध्यान में रखना चाहिए। स्त्री आदरणीया है, मां है, बहन है, पुत्री है, श्रद्धेय है। सम्पूर्णता का भाग है। उसे अलग करके देखना-लिखना अनुचित है। भारतीय काम सेक्स नहीं, सृजन अभिलाषा है। यहां काम भी अध्यात्म है।

हम सांस्कृतिक राष्ट्र हैं। करोड़ों भरतवंशी एक जन हैं। इनकी एक एकात्म अनुभूत संस्कृति है। इस संस्कृति का विकास दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण हमारे पूर्वजों ने ही किया था। उन पूर्वजों, अग्रजों, मार्गदर्शकों के प्रति आदरभाव का पुरश्चरण अपरिहार्य है और सांस्कृतिक तत्वों का भी। लेखन में हम कल्पना के पंख लगाकर उड़ते हैं, यथार्थवादी भी हो सकते हैं लेकिन भारतीय शील-मर्यादा के गंधमादन क्षेत्र के मधुरसा का उल्लंघन उचित नहीं। मधुरसा सांस्कृतिक प्रवाह का संवर्द्धन ही सृजन का ध्येय है। विचार अभिव्यक्ति की बातें ठीक हैं, लेकिन विकार-अभिव्यक्ति की नहीं।

# नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों से सुसज्जित होगी उच्च शिक्षा

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी शुरुआत पर विचार किया गया है। यूजीसी के द्वारा मूल्य आधारित शिक्षा के रूप में एक नई पहल की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस नवीन एवं बहुआयामी अभियान के अंतर्गत अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ मानव मूल्यों एवं प्रोफेशनल नैतिकता के विषय में भी अध्ययन करेंगे। ऐसा करने के उपरांत विद्यार्थी स्वयं को सामान्य नागरिक से वैश्विक नागरिक (ग्लोबल सिटीजन) में रूपांतरित कर पाने में सक्षम एवं समर्थ हो सकेंगे। पारंपरिक उच्च शिक्षा के परिदृश्य पर यदि गंभीरतापूर्वक गौर किया जाए तो वह कहीं न कहीं मात्र सीमित पाठ्यक्रम को पढ़कर चुनिंदा प्रश्नपत्रों की परीक्षा दे देने एवं उत्तीर्ण होने के उपरांत संबंधित पाठ्यक्रम की डिग्री हासिल कर लेने भर तक ही सीमित है। इस आपाधापी में शायद हम यह भूल चुके हैं कि आज की युवा पीढ़ी नैतिकता एवं मानव मूल्यों से शनैःशनैः दूर होती जा रही है।



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आज के विद्यार्थी के मन मस्तिष्क में उच्च शिक्षा के माहौल में दाखिल होने के उपरांत महज गिने-चुने शब्द जैसे पाठ्यक्रम, नोट्स, कोचिंग, परीक्षा एवं डिग्री ही घूमते रहते हैं। इनसे मुक्त होकर कुछ और सोचने, विचारने एवं विश्लेषण करने का मौका आज की पीढ़ी धीरे-धीरे खोती जा रही है। नतीजा यह निकल रहा है कि मानव मूल्य एवं नैतिकता जोकि व्यक्तित्व निर्माण के आधार स्तंभ हैं, विद्यार्थी से छूटते जा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षा में इन विषयों का पाठ्यक्रम के रूप में समावेश निस्संदेह ही एक बेहतरीन निर्णय है। जब यह परिवर्तन क्रियान्वयन के धरातल पर सफलतापूर्वक उतरेगा, तो निश्चित ही देश की युवा पीढ़ी के व्यक्तित्व एवं मानसिक स्तर में एक बड़ा एवं सकारात्मक बदलाव आएगा जो उनकी सोच एवं समझ को दूरदर्शितापूर्ण एवं व्यापक रूप देने में सक्षम होगा। यूजीसी के द्वारा की जाने वाली इस नई शुरुआत के अंतर्गत स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों में मानव मूल्य तथा नैतिकता दो क्रेडिट अंकों के पाठ्यक्रम के रूप में सम्मिलित किए जाएंगे। इनमें से एक क्रेडिट अंक थ्योरी का तथा एक क्रेडिट अंक प्रैक्टिकल का रहेगा। थ्योरी का पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए विद्यार्थियों को 15 घंटे की पढ़ाई करनी होगी जबकि प्रायोगिक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए उन्हें इन विषयों से जुड़ी गतिविधियों में 30 घंटे शामिल होना पड़ेगा। स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर में इन विषयों के पाठ्यक्रम को लागू किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम के स्वरूप, शिक्षण संबंधी गतिविधियों तथा परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली में एक बड़ा परिवर्तन किया गया है। किंतु कहीं न कहीं कुछ कसर बाकी है जोकि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में उपर्युक्त विशिष्टताओं की कमी के रूप में अपना प्रभाव छोड़ रही है। यूजीसी की नई पहल जब पूर्णरूपेण क्रियान्वयन में आ जाएगी, तो निश्चित ही शिक्षा एवं शिक्षार्थी दोनों का स्वरूप तथा पारस्परिक संबंध एक बड़ी सीमा तक परिवर्तित हो जाएगा। यह परिवर्तन विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र के चहुंमुखी विकास हेतु एक उन्नत आधारशिला तैयार करेगा। आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है। नैतिकता एवं मानव मूल्यों के बीज यदि आज उसके मस्तिष्क की उर्वरा भूमि में अच्छी तरीके से बो दिए गए तो निश्चित ही उसका आने वाला कल बहुआयामी विकास का फल प्रदान करेगा।

# आतंकवाद पर चीन और पाकिस्तान के दोहरे पैमाने

आतंकवाद के मसले पर चीन के किंगदाओ नगर में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में एक बार फिर चोर-चोर मौसेरे भाई चीन और पाकिस्तान ने भारतीय हितों के परिप्रेक्ष्य में दोगलापन दिखाया है। इस बैठक में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद के खात्मे के लिए किए जा रहे आवाहन ने वैश्विक स्तर पर ऐसा माहौल बनाने का काम किया है कि इस समस्या को जड़ से उखाड़ दिया जाए। लेकिन एससीओ की बैठक में जिस दस्तावेज को साझा हस्ताक्षर के लिए सामने लाया गया तब उसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया। जबकि इस हमले में 26 भारतीय नागरिक आतंकवादियों ने मार दिए थे। इस दस्तावेज में बलूचिस्तान का नाम हैं। जबकि बलूचिस्तान के नागरिक पाकिस्तान के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे हैं। अर्थात इस दस्तावेज को पढ़ने के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए इस पर दस्तखत करने से साफ इंकार कर दिया। इस संगठन पर चीन का प्रभाव है और चीन ही इस बार संगठन का अध्यक्ष देश है। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को न केवल पक्षपातपूर्ण माना, बल्कि इसे पाकिस्तान और उसके हितचिंतक चीन की हरकत माना। अतएव राजनाथ सिंह ने दस्तखत नहीं किए। इस संगठन के दस्तावेज की उपयोगिता तभी है, जब बैठक में उपस्थित सभी सदस्य देश मुद्दों पर सहमत होकर हस्ताक्षर करने के साथ साझा बयान भी जारी करें। तब कहीं इस दस्तावेज पर सहमति बन पाती है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

**इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए।**



इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए। इन देशों की कुल जीडीपी में 30 फीसदी और दुनिया की आबादी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यानी इस संगठन की इन देशों की अर्थव्यवस्था के लिए परस्पर भागीदारी जरूरी है। लेकिन जब राजनाथ सिंह ने दस्तावेज की इबारत को पक्षपात पूर्ण पाया तो उन्होंने खुले शब्दों में कहा, 'भारत आतंकवाद पर दोहरे मापदंड मंजूर नहीं करेगा। आतंक को बढ़ावा देने वाले देशों की खुली निंदा होनी चाहिए। कुछ देशों ने सीमा पार आतंकवाद को न केवल अपनी नीति ही मान लिया है, बल्कि अपने देश में उन्हें संरक्षण भी देते हैं। बावजूद इस हकीकत को नकारते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें अब समझना होगा कि आतंकवाद के अधिकेंद्र (एपीसेंटर) अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं।' नए भारत के इस कड़े संदेश ने उपस्थित रक्षा मंत्रियों को हैरानी में डाल दिया। अतएव न तो कोई सहमति बन पाई और न ही संयुक्त बयान जारी हो पाया। इस परिणाम ने समूची दुनिया को संदेश दे दिया है कि अब भारत अपने हितों से समझौता करने के लिए कतई तैयार नहीं है।

दरअसल भारत चाहता था कि एससीओ पहलगाम हमले की निदां करे और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर स्पष्ट रुख अपनाए। लेकिन चीन की एक बार फिर दगा की दोगली नीति सामने आ गई। एक सदस्य देश ने इस पहलगाम मुद्दे को दस्तावेज में शामिल करने से असहमति जता दी। यह दस्तावेज आतंकवाद से जुड़े तथ्यों के विपरीत था। इसलिए भारत ने इस आतंकी हमले को दस्तावेज में शामिल करने की मांग भी की थी। परंतु इस मांग को नमंजुर कर दिया गया। अध्यक्षता कर रहे चीन का यह रुख पाकिस्तान के प्रति उदारता जताता है, जो सर्वथा पक्षपातपूर्ण है। जबकि बलूचिस्तान की आतंकी गतिविधियों से जुड़ी जफर एक्सप्रेस की घटना इसमें दर्ज थी। इस संगठन का लक्ष्य शामिल देशों की सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाने के साथ आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और साइबर आपराध जैसे मसलों पर सटीक रणनीति बनाकर उस पर संयुक्त पहल करना भी है। लेकिन जिस तरह से पहलगाम हमले को नजरअंदाज किया गया उससे साफ है कि अध्यक्ष देश की नियत साफ नहीं है।

इस तरह का दोहरा चरित्र इसलिए खतरनाक है कि इसने क्षेत्रीय सहयोग से जुड़े मुद्दों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। जिसके चलते आतंकवाद की समस्या से निपटना जटिल होगा। क्योंकि पाकिस्तान भारत के विरुद्ध लगातार आतंकी खेल, खेलता हुआ खून की इबारतें लिख रहा है। इस सच्चाई को समूची दुनिया भलीभांति जानती है। स्वयं चीन ने बीजिंग में कुछ वर्ष पहले हुए ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के घोषणा पत्र में इस तथ्य को शामिल किया था कि कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान के सुरक्षित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाते हैं। बावजूद एससीओ की बैठक के संयुक्त बयान में पहलगाम को नजरअंज करना दोगलापन नहीं तो और क्या है? अतएव राजनाथ सिंह ने अभिलेख पर दस्तखत न करके दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि भारत आतंक के विरुद्ध लड़ाई लड़ता रहेगा।

# जगन्नाथ रथ: प्रेम और शांति का संदेश

जगन्नाथ रथ यात्रा यह एक भिन्न रथ यात्रा है जो अपने संपूर्ण यात्रा परिक्षेत्र में ब्राह्मण–दलित, ऊंच–नीच, स्त्री–पुरुष का भेद नहीं करती। जगन्नाथ क्षेत्र एक भेदभाव-मुक्त क्षेत्र है। महाभारत का रथ युद्ध का रथ था, कृष्ण स्वरूप जगन्नाथ का रथ प्रेम और शांति का रथ है। श्रीचैतन्य ने पुरी और मथुरा-वृन्दावन में प्रेम और शांति का ही संदेश दिया था। वे दोनों जगहों पर गए थे।



यह रथ एक कितनी भिन्न कल्पना है, इसमें बलराम-कृष्ण दो भाई और बहन सुभद्रा बैठी हैं। यह परिवार की अवधारणा, भाई-बहन के प्रेम का संदेश है। यहां राधा-कृष्ण नहीं हैं। यह भाई-बहनचारा का मामला है। रथ-रथ में कितना फर्क है। कृष्ण अगर जगत के नाथ हों तो यह विश्व भाईचारा का रथ हुआ।




शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

जगन्नाथ से जुड़ी एक कहावत है-अपना हाथ जगन्नाथ। यह अपना हाथ ही भगवान है। जय जगन्नाथ कहना काफी नहीं है, थोड़ा-बहुत जगन्नाथ को समझना भी चाहिए। सोने का झाड़ू चलाने देने से कुछ नहीं होगा, यदि रास्ते पर खून के धब्बे हों। बचपन में छोटा टीन का रथ खरीद कर सजाता था, अपने भाई बहनों के लिए खरीद कर लाता था। पास के हावड़ा मैदान में विराट मेला लगता था। फूल के पौधे खरीदता था। फिर रथ पूजा का एक अर्थ हो चुका था तला हुआ पापड़ खाना। उन दिनों की याद आती है। ऐसी नफरत नहीं थी, धर्म धर्म था। हमारा देश कृष्ण की कितनी तरह से कल्पना कर लेता था। मथुरा-वृन्दावन में राधा के साथ तो पुरी में बहन सुभद्रा के साथ। यह आकस्मिक नहीं है कि लोक के कृष्ण कहीं अकेले नहीं हैं, सत्ता के कृष्ण भले अकेले हों। द्वारकाधीश हों या अर्जुन के सारथी-ये कभी लोक आराध्य नहीं हुए। आम लोगों ने हमेशा निर्मल प्रेम करने वाले कृष्ण को जाना, चाहे वे राधा के साथ हों या सुभद्रा के साथ। ये कृष्ण नट-नागर हैं, कलाप्रेमी हैं हथियार प्रेमी नहीं। आज लोग प्रेम करना ही नहीं, कलाएं सीखना और कल्पना करना भी भूल गए हैं।

# ग्रंथों के अध्ययन से रोजगार

हिंदू अध्ययन से विद्यार्थियों को अनेक स्तरों पर लाभ मिल सकते हैं-जिसमें मुख्यतः शैक्षणिक, वैचारिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और आत्मिक लाभ शामिल हैं। इससे भारतीय ज्ञान परंपरा की गहरी समझ विकसित होगी। विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, धर्मशास्त्र, दर्शनशास्त्र आदि ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। यह उन्हें भारत की संस्कृति, धर्म, नैतिकता और जीवनदृष्टि की मूल आत्मा से परिचित कराता है। दर्शन और चिंतन क्षमता के विकास में यह पाठ्यक्रम सहायक होगा क्योंकि पाठ्यक्रम में भारतीय दर्शन जैसे सांख्य, योग, न्याय, वेदांत आदि विषय गहन तार्किकता और विचार-विमर्श को बढ़ावा देते हैं। इससे विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक सोच और तर्कशक्ति में वृद्धि होती है। आत्मिक एवं नैतिक विकास को यह प्रेरित करेगा क्योंकि इसका अध्ययन केवल बौद्धिक ज्ञान नहीं देता, बल्कि आचार, व्यवहार और जीवनशैली को भी प्रभावित करता है। यह विद्यार्थियों को संयम, करुणा, अहिंसा, सेवा, और आत्म-साक्षात्कार जैसे मूल्य सिखाने में कारगर है। इस विषय के अध्ययन के उपरांत विविध करियर विकल्प उपलब्ध हैं, जैसे-शोधकर्ता, शिक्षाविद्, लेखक, धर्मशास्त्री, संस्कृत विशेषज्ञ, अनुवादक, पुरातत्वविद्, संस्कृति विशेषज्ञ, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय विद्या संस्थान, विश्वविद्यालय, संग्रहालय, मीडिया और आध्यात्मिक संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्य करने के अवसर शामिल हैं। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के विकास में उपयोगी यह अध्ययन युवाओं को भारत की आत्मा से जोड़ता है और विद्यार्थियों में गौरवबोध जगाता है तथा भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उनको तैयार करता है। हिंदू अध्ययन का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्व है, क्योंकि विदेशों में भारतीय संस्कृति, योग, ध्यान, आयुर्वेद और धर्म का प्रभाव बढ़ रहा है। ऐसे में हिंदू अध्ययन विशेषज्ञों की वैश्विक स्तर पर भी मांग है। आज की वैश्विक दुनिया में जब शिक्षा केवल रोजगार तक सीमित रह गई है, ऐसे समय में हिंदू अध्ययन विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान की गहराई में ले जाता है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, मूल्य और आत्म-चिंतन से भी जोड़ता है। हिंदू अध्ययन के अंतर्गत वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, भारतीय दर्शन, पुराण, मंदिर वास्तुकला, सांस्कृतिक परंपराएं, धार्मिक अनुष्ठान और जीवनदृष्टि आदि का अध्ययन होता है। इसका उद्देश्य भारत की मूल आत्मा को समझना, उसका अध्ययन कर प्रामाणिक शोध को आगे बढ़ाना है। इससे विद्यार्थियों को भारतीय दर्शन और नैतिकता की गहराई को समझने का अवसर प्राप्त होगा। उनकी सोचने, तर्क करने और आत्मविश्लेषण की क्षमता का विकास होगा। ऐसे विद्यार्थी शोध, लेखन, शिक्षण और अनुवाद जैसे क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। भारत के कई विश्वविद्यालयों केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, निजी विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में हिंदू अध्ययन केंद्र संचालित हो रहे हैं, और संबंधित विषयों पर प्रमाणिक शोध भी हो रहा है जिसमें इस विषय क्षेत्र को नई दृष्टि दी जा रही है। हिंदू अध्ययन केवल अतीत का अध्ययन नहीं, बल्कि भविष्य को दिशा देने वाला मार्ग है। हिंदू अध्ययन न सिर्फ युवाओं की तार्किक व विश्लेषणात्मक शक्ति बढ़ायेगा बल्कि यह उनको भारतीय संस्कृति का बोध कराने और रोजगार के भी विभिन्न अवसर उत्पन्न करने में सहायक सिद्ध होगा।



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

# एमएसपी बढ़ने से रुकेगा किसान आंदोलन!

हाल ही में मोदी सरकार ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए कई फसलों की एमएसपी में इजाफा किया है। सरकार का दावा है कि हर फसल के लिए लागत के साथ 50 फीसदी को ध्यान में रखा गया है। वहीं किसानों के लिए ब्याज छूट को बनाए रखने का फैसला भी लिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर दो लाख तक का लोन चार फीसदी ब्याज पर मिलने की भी व्यवस्था की गई है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं। इससे अब छोटे और सीमांत किसानों को बड़ा फायदा हो सकेगा। यह योजना अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू की गई थी। इससे किसानों के लिए अपने काम को लेकर लोन लेना आसान हो गया है। इस योजना में दो लाख तक के लोन पर कोई गारंटी नहीं ली जा रही है।

सरकार का दावा है कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि से उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। गौरतलब है कि एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! असल में एमएसपी सरकार द्वारा किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। एमएसपी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी।



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

**अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं।**

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी, जिससे किसानों को बिचौलियों से शोषण से बचाया जा सकेगा। वहीं इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल रिलेशंस-ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट का अध्ययन बताता है कि खेती की कीमतों को कृत्रिम रूप से कम रखने की पक्षपाती सरकारी नीतियों के कारण देश के किसान वर्ष 2000 के बाद से लगातार घाटा उठा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि पक्षपातपूर्ण सरकारी नीतियों और कृषि कीमतों के कारण किसानों को वर्ष 2022 में 14 लाख करोड़ रुपए और 2000-2017 के दौरान 2017 की कीमतों पर 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसके चलते ही किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

असल में एमएसपी को लेकर किसानों ने कई बार आंदोलन किया है। वे हर फसल को एमएसपी पर खरीदने की मांग कर रहे हैं। एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के इस दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी कि जब फसलों की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए, तो सरकार इसकी भरपाई करे। वहीं किसानों को धान-गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसलों को पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। असल में किसानों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 1991 के आर्थिक उदारीकरण से संबंधित लंबे समय से चली आ रही शिकायतों से प्रेरित है, जिसमें कृषि की तुलना में औद्योगीकरण को प्राथमिकता दी गई थी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों, जहां किसान कम फसल लाभ एवं बढ़ती लागत का सामना कर रहे हैं, में संकट बढ़ रहा है। किसानों के अनुसार, उनकी प्रमुख मांगों में प्राथमिक मांग एक ऐसे कानून की है, जो सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी देता है। यह स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ मार्जिन की सिफारिश की गई है।

सरकार का कहना है कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी देना अव्यावहारिक होगा, क्योंकि इसमें लॉजिस्टिक चुनौतियां और खरीद की उच्च लागत शामिल है। एमएसपी के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। असल में एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलता है। सीएसीपी ने अपनी मूल्य नीति रिपोर्ट में एमएसपी पर एक कानून बनाने का सुझाव दिया था। ऐसा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक बताया गया। उसका कहना था कि सरकार को कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे लोगों द्वारा भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन किया जा सके। ऐसा करने के लिए धान और गेहूं के एमएसपी को फ्रीज कर दिया जाए। इससे किसान सरकारी तंत्र पर निर्भरता से बचेंगे और उनका शोषण रुकेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# मुख्यमंत्री का गड्ढा मुक्त प्रदेश का सपना अधूरा

## अधिकारी गड्ढे युक्त सड़कों पर नहीं दें रहे हैं ध्यान , शहर की खस्ताहाल सड़कों पर चलना हुआ दूभर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का सपना देखा था। मुख्यमंत्री का यह सपना सकार हो सके, इसलिए उन्होंने सड़क निर्माण का कार्य करने वाले संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए थे, जिसमें कानपुर का नगम निगम, लोक निर्माण विभाग और एनएच लोक निर्माण विभाग भी शामिल था। लेकिन अफसोस की बात ये हैं कि आदेश के पांच महीना बीतने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने में नाकाम रहे। नतीजन शहर के अहिरवां की एक सड़क पर सुग्रीव नामक व्यक्ति की गड्ढे में गिरने की वजह से मौत हो गई।

शहर में ऐसी कई सड़कें हैं, जिनमे एक या दो नहीं, बल्कि गड्ढे ही गड्ढे हैं। यह गड्ढे बारिश के मौसम में लोगों के लिए काल बन सकते हैं,


धनकुट्टी की क्षतिग्रस्त रोड।

- **अहिरवां में गड्ढे में गिरकर एक युवक की गई जान**
- **योगी के गड्ढा मुक्त सड़क योजना को लगा रहे पलीता**

लेकिन अफसोस की बात ये हैं कि जिम्मेदार विभाग के मुख्य अधिकारियों ने इन गड्ढों पर पैचवर्क और मरम्मत तक नहीं कराया है। शहर के काकादेव, गीता नगर, धनकुट्टी, जीटी रोड, गोविंद नगर, साकेत नगर, बाबूपुरवा, यशोदा नगर, मैनावती मार्ग, कल्यानपुर, पनकी, परमपुरवा समेत आदि तमाम क्षेत्रों की सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हैं। वहीं नाला रोड से कंघी मोहाल होते हुए नाजीम अली ढाल तक सड़क काफी खराब हो चुकी है। बर्रा सचान चौराहा से शास्त्री चौक तक एक साइड पर तो लोगों का चलना दूभर है। बर्रा बाईपास से लेकर कर्रही तक सड़क न सिर्फ गड्ढा युक्त है, बल्कि यहां पर बेमौसम जलभराव भी बना रहता है, जबकि कर्रही से लेकर ठाकुर चौराहा से आगे तक तो सड़क ही लापता है। यहां पर लोगों का


काकादेव की उखड़ी पड़ी सड़क।

चलना फिरना तक मुस्किल है। मैनावती मार्ग की भी एक साइड की सड़क खस्ता हाल है। सड़क की हालत खराब होने और कई सड़कों पर गड्ढे होने की वजह से बाइक व स्कूटी सवार लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर लोग अक्सर गिरकर चोटहिल होते रहते हैं। इसके अलावा कार सवार लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाबजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी जान के भी अनजान बने हुए हैं।


गीता नगर की टूटी पड़ी सड़क।

# घाटमपुर में करंट लगने से मजदूर की मौत, कोहराम

**घाटमपुर।** घाटमपुर के सजेती पावर हाउस के पीछे शनिवार सुबह एक हादसा हो गया। यहां पर मजदूरी करने वाले 58 वर्षीय दयाराम निषाद की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

घटना उस समय हुई जब दयाराम नहाने के बाद घर में कपड़े सुखा रहे थे। इससे पहले उनकी पत्नी विद्या देवी भी कपड़े सुखा रही थीं, जिन्हें मामूली करंट लगा था। दयाराम को गीले कपड़े डालते समय तेज करंट लग गया और वे बेहोश हो गये। परिजन उन्हें बेहोशी हालत में सीएचसी घाटमपुर ले गए, जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने जांच पड़ताल करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे कल्लू निषाद ने बताया कि उनके चाचा छह बच्चों के पिता थे। सब इंस्पेक्टर धवल सिंह तोमर ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना की खबर सुनकर गांव के लोग परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे।

## सार-संक्षेप


अंडर पास में लगी विकराल आग। अमृत विचार

### झाड़ियों में लगी आग रेलवे अंडरपास तक पहुंची

**चौबेपुर।** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने रेलवे अंडरपास में शनिवार दोपहर अचानक आग भड़कने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मरियानी गांव के सामने काशीनाथ पुरवा मार्ग के लिए बने रेलवे के अंडरपास के आसपास स्थित झाड़ियों में किसी ने शनिवार दोपहर आग लगा दी। आग बढ़ते बढ़ते अंडरपास तक पहुंच गई और अचानक अंडरपास का शेड धू धूकर जलने लगा। तेजी से बढ़ रही आग देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। इसके बाद घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के प्रभारी निरीक्षक श्रीकृष्ण गौतम ने बताया कि झाड़ियों से आग अंडरपास तक पहुंची है। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### किशोरी को भगा ले जाने वाले युवक गिरफ्तार

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के एक गांव में बीते 24 मई को किशोरी को भगा ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर कोर्ट के आदेश पर उसके परिजनों को सौंप दिया। पिता की तहरीर पर बिलहन गांव निवासी सुमित के खिलाफ किशोरी को भगाने और अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। कार्यवाहक थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह बिलहन गांव निवासी सुमित को बिलहन गांव जाने वाले अंडर पास के पास से गिरफ्तार जेल भेजा।


बच्चों के साथ मौजूद शिक्षक व मुख्य अतिथि।

### बच्चों को मिलेंगी खेल की तमाम सुविधायें

**घाटमपुर।** घाटमपुर स्थित डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में 27 जून को कई खेल सुविधाओं का उद्घाटन किया गया। एनएलसी इंडिया लिमिटेड के निदेशक एम. वेंकटाचलम ने क्रिकेट प्रैक्टिस पिच, वॉलीबॉल कोर्ट और बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में एनयूपीपीएल के सीईओ और स्कूल चेयरमैन एस. दुरई कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### व्यापारी अरविंद चतुर्वेदी को भामाशाह सम्मान

**कानपुर।** प्रतिष्ठित कारोबारी अरविंद चतुर्वेदी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ में आयोजित समारोह में भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। भामाशाह की जयंती पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने उन कारोबारियों को सम्मानित किया है जो टैक्स देने में आगे हैं। अरविंद चतुर्वेदी को मिले सम्मान पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, युवा महामंत्री संत मिश्रा, सत्यप्रकाश जायसवाल, कृपा शंकर त्रिवेदी रहे।


कारोबारी अरविंद चतुर्वेदी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# मोहर्रम के जुलूस में दो से अधिक लाउडस्पीकरों का न करें उपयोग

संवाददाता बिल्हौर

अमृत विचार। आगामी मोहर्रम के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मकनपुर चौकी में पीस कमेटी की बैठक डीसीपी पश्चिम के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस प्रशासन और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मोहर्रम के जुलूसों के दौरान ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। दो से अधिक लाउडस्पीकर का उपयोग न किये जायें।

बैठक में मौजूद रहे डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने निर्देशित किया कि दो लॉउडस्पीकर के साथ ही पूर्व में तय किए रास्तों पर ही जूलूस निकाला जाएगा। साथ ही झंडों में करंट से बचने के लिए प्लास्टिक के पाइप व सूखे बांस का प्रयोग किया जाए । साथ ही


थाने का निरीक्षण करते डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी।

- **पीस कमेटी की बैठक में मातहतों को दिये निर्देश**
- **डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने थाने का किया निरीक्षण**

उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि त्योहार के मद्देनजर अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखी जाये। इसके बाद वे ककवन थाना का औचक निरीक्षण करने पहुंच गये। उनके साथ एसीपी अमरनाथ यादव और थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुप्ता भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान, डीसीपी त्रिपाठी ने थाने के कार्यालय और मालखाना का गहनता से जायजा लिया और आवश्यक साफ-सफाई और रिकॉर्ड के रखरखाव को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद, डीसीपी पश्चिम ने थाना दिवस पर जनता की शिकायतों को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# ट्रक में घुसी कार एक की मौत

**हमीरपुर।** कानपुर के बर्रा निवासी आदर्श सिंह चंदेल (27) सुमेरपुर कस्बे की यूनीलीवर कंपनी में काम करता था। शुक्रवार को वह सुमेरपुर निवासी अपने साथी सम्राट गुप्ता (27), राहुल श्रीवास्तव (25) और विशाल सैनी (28) के साथ चन्दपुरवा गेट के पास ढाबे में खाना खाने गया था। सम्राट गुप्ता ने बताया कि रात करीब एक बजे चारों लोग कार से वापस सुमेरपुर लौट रहे थे। इसी बीच यूनीलीवर फैक्ट्री से तेज रफ्तार निकले ट्रक में कार पीछे से घुस गई, जिससे वह चारों लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने आदर्श सिंह चंदेल को मृत घोषित कर दिया। आदर्श ही कार चला रहा था। गंभीर रूप से घायल विशाल सैनी को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेजा गया, जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। हादसे में सम्राट गुप्ता व राहुल श्रीवास्तव को मामूली चोटें आई है।

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाला गया जेल

संवाददाता, शिवराजपुर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार को युवक ने किशोरी को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। तभी पुलिस आरोपी युवक की तलाश में लगी हुई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह पत्नी के साथ कानपुर गए थे। उनकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी। पुत्री को अकेला पाकर हरनू गांव का सुभाष घर में घुस आया और नशीला पदार्थ खिलाकर उनकी पुत्री को बेहोश कर दिया । उसके बाद वह उसकी पुत्री को पंचायत भवन ले गया और वहां पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना

- **युवक ने किशोरी को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया**


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

को अंजाम दिया।

कार्यवाहक थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज क़र युवक की तलाश की जा रही थी। शुक्रवार देर रात मुखबिर की सूचना पर युवक को महिपालपुर गांव जाने के लिए बनी सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है ।

# हॉस्पिटल संचालक संजय सिंह को 'एक्सीलेंस अवार्ड'

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए बिल्हौर स्थित प्रतिष्ठित बिल्हौर सिटी हॉस्पिटल के संचालक संजय सिंह को 'एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा एक समारोह में प्रदान किया गया, जिसने चिकित्सा जगत में बिल्हौर सिटी हॉस्पिटल और संजय सिंह के योगदान को रेखांकित किया।

यह सम्मान समारोह हाल ही में आयोजित किया गया था, जहाँ प्रदेशभर से चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संजय सिंह को प्रशस्ति


डिप्टी सीएम से सम्मानित होते संजय सिंह।

पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की।

संजय सिंह के नेतृत्व में बिल्हौर सिटी हॉस्पिटल ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अस्पताल न केवल आधुनिक व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं से लैस है। बल्कि किफायती दरों में इलाज भी होता है।

# मॉल रोड पर फिर से वन-वे व्यवस्था लागू की गई

**कानपुर।** मेट्रो निर्माण के चलते यातायात व्यवस्था में एक बार फिर बदलाव किया गया है। यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने एवं मॉल रोड को जाम से बचाने के लिए वन-वे व्यवस्था फिर लागू कर दी गई है। झाड़ी बाबा और पनचक्की चौराहा से आने वाले वाहन नरौना चौराहा और फूलबाग चौराहा के रास्ते से गुजरेंगे। मेघदूत तिराहा और चार्लिस चौराहा से आने वाले वाहन फूलबाग, बिरहाना रोड, रामनारायण बाजार की ओर जाएंगे। इसी प्रकार मुरे कंपनी पुल से आने वाले वाहन नरौना चौराहा और फूलबाग चौराहा होकर चलेंगे। चार्लिस तिराहा और फूलबाग चौराहा की ओर से आने वाले वाहनों को पनचक्की चौराहा होकर जाना होगा। घंटाघर से माल रोड की ओर आने वाले एक्सप्रेस रोड से आने वाले वाहन फूलबाग चौराहा से होकर जाएंगे।

# घर से निकलने वाले रास्ते को दबंगों ने किया अवरुद्ध

संवाददाता शिवराजपुर

**अमृत विचार।** महीने के अंतिम शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां पर लगभग आधा दर्जन फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। इन शिकायतों में जमीन संबंधी शिकायतों को लेखपाल द्वारा निस्तारित करने की बात कही गई व अन्य शेष शिकायतों में पुलिस द्वारा जांच पड़ताल करने की प्रक्रिया शुरू की गई ।

क्षेत्र के बृजवासिन पुरवा गांव निवासी राम अवतार ने दी गई शिकायत में बताया कि गांव के अरुण कुमार पुत्र श्याम नारायण आदि ने मेरे घर से निकलने वाले रास्ते को अवरुद्ध कर दिया है। इस मामले में कार्यवाहक थाना इंचार्ज ने लेखपाल गरिमा को संबंधित शिकायत प्रेषित कर उसका

- **समाधान दिवस में पहुंचे फरियादी , सुनीं शिकायतें**

निस्तारण करने की बात कही है। वहीं क्षेत्र के टकटौली गांव निवासी बृज शरण सिंह पुत्र शिव शंकर आदि ने रास्ते से गुमटी हटवाने की शिकायत की है, जिस पर थाना पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। इसी के साथ काकूपुर रब्बन गांव निवासी सरोजनी मिश्रा पत्नी स्व कृष्ण कुमार मिश्रा ने अपने देवर जयशंकर मिश्रा के ऊपर आरोप लगाया है कि उनके मकान का बंटवारा 2011 में मौखिक रूप से हो गया था । इसके बाद भी वर्तमान समय में वह मेरे हिस्से की जमीन पर भी अपना मकान बनवा रहे हैं। इस मामले में हलका इंचार्ज ने बताया कि मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद समस्या का निस्तारण किया जाएगा।

# चोरी के बाद भाजपा नेता के घर पहुंचे सांसद

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बीते दिनों बिल्हौर में भाजपा नेता विक्रम मिश्रा के आवास पर हुई चोरी की घटना के बाद, मिश्रिख के सांसद अशोक रावत ने शुक्रवार को उनके घर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने शुक्रवार को बिल्हौर क्षेत्र का दौरा किया और कई स्थानों पर रुककर लोगों से मुलाकात की। इसी क्रम में वे ककवन मंडल अध्यक्ष शानू राठौर के निवास पर भी गए और उनका हालचाल पूछा। हाल ही में शानू राठौर की माता जी का निधन हो गया था, जिस पर सांसद ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सांसद अशोक रावत ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और चोरी हुआ सामान बरामद करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है और ऐसी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चोरों का पता लगाने के लिए प्रयास जारी हैं। सांसद द्वारा घटना की खुलासा के लिए डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी से भी वार्ता की गई है ।


भाजपा सांसद अशोक रावत को ज्ञापन सौंपते भाजपाई। अमृत विचार

### अरौल में बस स्टेशन के लिए मंडल अध्यक्ष ने दिया ज्ञापन

**बिल्हौर।** बिल्हौर ब्लाक के अरौल कस्बे में सरकारी बसों के ठहराव के लिए बस स्टेशन की मांग करते हुए मिश्रिख सांसद अशोक रावत को बिल्हौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शुभांशु कटियार ने ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने उनसे अरौल तक सीएनजी बसों के संचालन की मांग उठाई है। इसके साथ ही बिल्हौर कस्बे से बाहर हाईवे पर सरकारी बसों के द्वारा यात्रियों को उतारे जाने की भी शिकायत की है तथा कस्बे के अंदर तक यात्रियों को छोड़ने की मांग की गई है।

**आक्रोश** | चौबेपुर में उत्पीड़न व समस्याओं से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, बड़ी लंख्या में व्यापारी रहे मौजूद

# उत्पीड़न से त्रस्त उर्वरक व कीटनाशक विक्रेताओं ने बंद रखी दुकानें

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** कृषि विभाग द्वारा खाद, बीज व कीटनाशक व्यापारियों के उत्पीड़न को लेकर शनिवार को व्यापारियों ने प्रतिष्ठान बंद रखकर जिलाधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पीड़ित दुकानदारों ने उत्पीड़न न रुकने पर अनिश्चितकालीन प्रतिष्ठान बंदी की बात कह डीएम को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

कृषि विभाग के उत्पीड़न से आजिज जनपद के समस्त खाद, बीज व कीटनाशक विक्रेताओं ने एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर शनिवार


बंद पड़ी दुकानें।



प्रदर्शन करते कीटनाशक व्यापारी।

को दुकानें बंद रखीं। दोपहर को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी जीतेंद्र प्रताप सिंह को अपनी समस्याएं बताईं। पीड़ित व्यापारियों ने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारी आये दिन दुकानों पर पहुंच कर व्यापारियों का उत्पीड़न करते हैं। उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा दिये जाने वाले उर्वरक यूरिया,डीएपी व एनपी के, उन्हें पहले ही मंहगे दामों पर मिलती है। इसके अतिरिक्त भाड़ा व अनलोडिंग अलग से देनी पड़ती है। इतना ही नहीं खाद के साथ 30 से 40 फीसदी तक अन्य उत्पाद टैगिंग किए जा रहे हैं। ऐसे में सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य 266 .50 की दर से किसानों को उर्वरक (यूरिया)कैसे दिया जा सकता है। यही हाल डीएपी व एनपीके का भी है। विभाग द्वारा कीटनाशक की गुणवत्ता आदि पर सवाल उठाकर व्यापारियों के लाइसेंस निलंबन व उनके विरुद्ध मुकदमे दर्ज कराये जा रहे हैं।

जबकि व्यापारी प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत उर्वरक व कीटनाशक ही बिक्री कर रहे हैं। कहा कि उत्पादों मे गड़बड़ी पाए जाने पर व्यापारियों के बजाय कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। मांग रखी कि उर्वरक शासन द्वारा निर्धारित रेट में मुहैया कराये जाने के साथ इस पर किसी भी प्रकार की टैगिंग बंद की जाए। इसके साथ ही गड़बड़ी पाए जाने पर व्यापारियों के बजाय निर्माता कंपनियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसके अलावा जिन व्यापारियों पर कार्रवाई की गई है अथवा मुकदमा दर्ज हुए हैं उन्हें निरस्त किया जाए। संगठन की यह एक दिन की सांकेतिक बंदी है ,यदि समस्याओं का निस्तारण जल्द न किया गया, तो व्यापारी अनिश्चितकाल के लिए प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। जिलाधिकारी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया।

# दीवार तोड़ कालेज में घुसे चोर, ले गए सामान

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर थाना क्षेत्र के चंवर गांव स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शरज सचान ने शनिवार दोपहर घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को कॉलेज में चोरी होने की तहरीर दी है।

उन्होंने बताया कि देर रात चोर उनके विद्यालय की बाउंड्री तोड़कर अंदर घुस आये। चोरों ने विद्यालय में रह रहे चौकीदार राजनारायण को तमंचा दिखाकर बंधक बना लिया, इसके बाद चोरों ने विद्यालय के कार्यालय और प्रधानाचार्य कक्ष से कीमती सामान समेत इनवर्टर और गाड़ियों की बैट्री खोलकर ले गए है। राजनारायण के मुताबिक चोर बाइक से कई चक्कर में समान लादकर ले गए है। चौकीदार ने फोनकर विद्यालय प्रबंधन और पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते घाटमपुर पुलिस इंटर कॉलेज पहुंची। पुलिस ने इंटर कॉलेज में लगे सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पहले चरण में सरवनखेड़ा ब्लॉक के 16 विद्यालय होंगे मर्ज

## समायोजन शुरू

- 30 से कम नामांकन पर करीब के विद्यालयों में होगा विलय
- बीईओ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजा प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले में कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के प्रथम चरण की समायोजन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसमें सरवनखेड़ा विकासखंड के 16 विद्यालयों को नजदीकी स्कूलों में मिलाया जाएगा।

सरवनखेड़ा ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने अपने क्षेत्र के विद्यालयों की सूची तैयार कर ली है। इस सूची में 30 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को चिह्नित किया गया है। इस प्रस्ताव को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पास भेज दिया गया है। समायोजन से पहले छात्रों और उनके अभिभावकों की सहमति ली गई है। इस कदम से छात्रों को सभी विषयों के शिक्षक मिल सकेंगे और एक ही छत के नीचे पूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। इन स्कूलों के शिक्षकों और कर्मचारियों का भी अन्य विद्यालयों में समायोजन किया जाएगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि जल्द ही चिह्नित किए गए सभी स्कूलों का विलय कर दिया जाएगा। उनका कहना है कि अभी तक कम छात्र संख्या वाले स्कूलों में बच्चों को उचित स्तर की शिक्षा नहीं मिल पाती थी, लेकिन अब शिक्षकों की सहूलियत मिलेगी। हालांकि शिक्षक संगठनों के नेता इस कदम का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए।

## नासरखेड़ा स्कूल के विलय की सूचना पर भड़के लोग

- ग्रामीणों ने प्रधान संग विद्यालय पहुंचकर जताया विरोध
- बीईओ बोले, फिलहाल ब्लाक में कोई आदेश जारी नहीं

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** नासरखेड़ा प्राथमिक विद्यालय के दूसरे स्कूल में विलय की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग ग्राम प्रधान के नेतृत्व में विद्यालय परिसर पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बीईओ झींझक को असहमति पत्र देकर विद्यालय बंद न करने की मांग की।



नासरखेड़ा स्कूल में प्रदर्शन के बाद असहमति पत्र देते लोग। अमृत विचार

झींझक ब्लॉक के नासरखेड़ा के ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय मर्ज होने पर छोटे-छोटे बच्चों को करीब दो किलोमीटर दूर दूसरे गांव जाना पड़ेगा। जिससे उन्हें सर्दी-गर्मी और बरसात में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि विद्यालय को मर्ज करने का निर्णय वापस नहीं लिया गया तो वह धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों ने बताया कि नासरखेड़ा गांव में वर्ष 2004 में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना हुई थी। वर्तमान में यहां प्रधानाध्यापक नसीम अख्तर, सहायक अध्यापक स्नेहलता और शिक्षामित्र तेज सिंह शिक्षण कराते हैं। विद्यालय में कुल 30 बच्चे पंजीकृत हैं, जिनमें 16 छात्राएं और 14 छात्र शामिल हैं। नासरखेड़ा के अलावा कमलाबाग गांव के बच्चे भी इसी स्कूल में पढ़ने आते हैं। शनिवार को विद्यालय में प्रदर्शन के दौरान ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह, विनोद संखवार, कन्हैया लाल, रोहित सिंह, अखिलेश कुमार, सोनी देवी, कुसमा देवी, बीनू देवी, सुशील देवी, संजय कुमार, दिलीप कुमार, ब्रजेश कुमार, अभिषेक कुमार, सुमन, मिथलेश, पूनम, प्रेमानंद, बालकृष्ण, मुस्कान, विशंभर, अनिरुद्ध, सुनीत, प्रिंस, सुमित कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं झींझक के खंड शिक्षा अधिकारी शैलेश द्विवेदी ने बताया कि पूरे ब्लॉक में 108 विद्यालय हैं। फिलहाल अभी कोई आदेश जारी नहीं हुआ है।

### पीएमश्री विद्यालयों में बनेगी एआई आधारित लैब

**कानपुर देहात।** जिले के पीएमश्री विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों का एस्ट्रोनॉमी लैब, रोबोटिक्स और एआई आधारित लैब के माध्यम से कौशल विकास किया जाएगा। इसके लिए विद्यालयों में हब एंड स्पोक मॉडल पर इनका संचालन किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारियां तेज कर दी है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से नए सत्र में पीएबी के तहत बजट स्वीकृत किया गया है। इन लैब की स्थापना के लिए जनपद से दो अतिरिक्त कक्ष, बिजली, इंटरनेट सुविधा, सुरक्षा, एक नोडल शिक्षक की तैनाती के बारे में विस्त्रत जानकारी मांगी गई है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि वह इससे जुड़ी आवश्यक तैयारियां पूरी कर एक सप्ताह के भीतर पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि लैब स्थापना की सभी औपचारिकताएं पूरी की जा सकें। उन्होंने इस प्रक्रिया को पूरी करने में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी है, ताकि समय से लैब शुरू हो सकें।

### यू-डायस पोर्टल पर 10 तक अपडेट होगा छात्रों का ब्योरा

**कानपुर देहात।** यू-डायस पोर्टल पर वर्ष 2025-26 के लिए स्टूडेंट प्रोफाइल के तहत सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सूचना अपलोड करने का काम 10 जुलाई तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि सत्र 2025-26 के लिए स्टूडेंट प्रोफाइल भरने का लिंक 25 जून को एनआईसी नई दिल्ली ने क्रियाशील किया गया है, जिसे 15 दिन के अंदर शत-प्रतिशत पूरा करना है। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने विकास खंड के यू-डायस पोर्टल में यह कार्य समय से पूरा कराएं, ताकि किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## एक नजर

### श्रमिक ने बाग में फंदा लगाकर दे दी जान

**कानपुर देहात।** गजनेर थाना क्षेत्र के सेरुआ गांव निवासी नीरज उर्फ गिराई पासवान (30) रनियां की फैक्ट्री में मजदूरी करता था। वह शराब का आदी था। शुक्रवार की सुबह वह घर से फैक्ट्री के लिए निकला था। देर रात तक वापस नहीं आया तो परिजनों ने तलाश शुरू की। शनिवार की सुबह गांव से करीब एक किमी दूर लोहारी रोड के पास रामलाल प्रजापति के बाग में नीरज का शव फंदे पर लटका मिला। पति की मौत से पत्नी रानी देवी, मां केशवती रो-रो बेहाल रहीं। दरोगा शशिकांत यादव ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया गृहकलह की बात सामने आ रही है। जांच की जा रही है।

### जहरीला कीड़ा काटने से युवक की हालत गंभीर

**पुखरायां।** कस्बा निवासी सुमित एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। वह गोदाम में कपड़ा लेने गया था, तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज अकबरपुर रेफर कर दिया गया।

### जहर खाने से महिला गंभीर

**पुखरायां।** प्रेमपुर गांव में जहर खाने से महिला की हालत बिगड़ गई। देवराहट थाना क्षेत्र के प्रेमपुर गांव निवासी चांदनी ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी लाए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

### उर्वरक विक्रेता प्राप्त करें नई पीओएस मशीन

**कानपुर देहात।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को सूचित किया है कि 29 व 30 जून को सुबह 10 बजे से विकास भवन में क्षेत्रीय प्रबन्धक आरसीएफ इफ्को एवं कृभको द्वारा उर्वरक विक्रेताओं को पुरानी एल-0 पीओएस मशीन के स्थान पर नई एल-1 पीओएस मशीन वितरित की जाएंगी। जिन विक्रेताओं को एल-1 पीओएस मशीन नहीं मिली है, वह फर्टिलाइजर लाइसेंस, आईएफएमएस आईडी पिन, आधार कार्ड की कॉपी और पुरानी एल-0 मशीन (बैग, चार्जर) सहित लाएं। जो विक्रेता नहीं आएंगे, उनकी आईडी कुछ समय बाद बंद हो जाएगी।

# रात में छत पर सोया, सुबह मिला शव

## रूरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव में बहन के घर घटना, भोर पहर छत से गिरकर मौत होने का अनुमान

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की सिठमरा पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मणपुर गांव में बहन के घर आए युवक की छत से गिरकर मौत हो गई। शुक्रवार की देर शाम खाना खाने के बाद वह बहनोई के साथ छत पर सोया था। भोर पहर घर के पिछवाड़े उसका शव मिला। सूचना पर चौकी पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर बारीकी से छानबीन की।


लक्ष्मणपुर गांव में युवक की मौत पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार


युवक की मौत पर रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

- शुक्रवार को ही रसूलाबाद से बहन के घर आया था युवक
- रात में हल्की बारिश होने पर नीचे आ गया था दूसरा युवक
- पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर की छानबीन

रसूलाबाद निवासी संदीप कुमार शुक्रवार की शाम अपनी बहन आशा की ससुराल लक्ष्मणपुर आया था। देर शाम उसने बहनोई अवधेश के साथ खाना खाया। खाना खाने के बाद परिवार के सदस्य मुलायम के साथ छत पर सोने चला गया। रात में हल्की बारिश होने पर मुलायम छत से उठकर नीचे आ गया, जबकि संदीप वहीं लेटा रहा। शनिवार सुबह जब बहनोई अवधेश उसको जगाने के लिए छत पर गए तो वह नहीं दिखा। उन्होंने घर के पिछवाड़े की तरफ झांककर देखा तो संदीप नीचे पड़ा। संदीप को पिछवाड़े पड़ा देखकर अवधेश भागकर नीचे आए और घरवालों को जानकारी देने के साथ ही फौरन पिछवाड़े पहुंचे, लेकिन तब तक संदीप की मौत हो चुकी थी। संदीप की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। बहन आशा बिलख पड़ी। अवधेश की सूचना पर सिठमरा चौकी इंचार्ज रजनीश वर्मा मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन की। उन्होंने फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चौकी इंचार्ज ने बताया कि छानबीन में प्रथमदृष्टया छत से गिरने में युवक के सिर में चोट लगने से मौत होने की बात सामने आई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### पति का शव देखकर बदहवास हुई पत्नी, बच्चे बिलख पड़े

बहन की ससुराल में युवक की मौत से कोहराम मच गया। अफरा-तफरी के बीच हादसे की जानकारी संदीप के परिवार वालों को दी गई। सूचना मिलते ही परिवार के लोग रसूलाबाद से लक्ष्मणपुर पहुंचे। पति का शव देखते ही उसकी पत्नी रूबी बदहवास हो गई। मां को रोता-बिलखता देखकर उसके बच्चे ऋतिक और क्रिश भी बिलख पड़े। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## सार-संक्षेप

### खेत की सात फीट गहरी मिट्टी खोदकर बना दिया तालाब

**शिवली।** समतलीकरण के बहाने कुछ लोग किसान के खेत की करीब सात फीट मिट्टी खोद ले गए। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। रनियां क्षेत्र के किशरवल गांव के अभिषेक शर्मा ने शिवली पुलिस को बताया कि उसने भुजपुरा गांव में अपने ऊबड़-खाबड़ एक बीघा दो विस्वा खेत का समतलीकरण कराने के लिए अलियापुर के छोटू सिंह, भुजपुरा के नन्हे गुड़िया, हरी गुड़िया व अंकित सविता से बात की थी। उन लोगों ने समतलीकरण के बहाने खेत से करीब छह से सात फीट मिट्टी का खनन कर लिया, जिससे खेत तालाब बन गया है। जब वह 29 दिसंबर 2024 को खेत गया, तब इस बात का पता चला। शिकायत करने पर उसके खाते में 30 हजार रुपये डाल दिए और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाल मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया की रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मोहर्रम की तैयारियां हुईं तेज, सजने लगे ताजिया

**राजपुर।** गुरुवार को चांद नजर आने के बाद मोहर्रम का महीना शुरू हो गया। राजपुर, सट्टी अफसरिया, रमऊ सहित तमाम जगहों पर मोहर्रम की तैयारियां चल रही हैं। राजपुर के ताजिये बेमिसाल माने जाते हैं। इमामबाड़े में छह कारीगरों की टोली दिन-रात ताजिया बनाने में जुटी है। क्षेत्र में मोहर्रम की नौ व ग्यारह तारीख को ताजिये निकाले जाते हैं। इमाम चौक के आसपास साफ-सफाई कर रंग रोगन किया जा रहा है। कस्बा से लेकर गांव तक कर्बला सजाए जा रहे हैं। अधिकांश रंग रोगन का काम पूरा हो गया है। वहीं ताजियेदारों के लिए टोपियां बनाई जा रही हैं। ढोल-ताशों को धूप दिखाई जा रही है, ताकि आवाज बुलंद हो जाए। ताजियेदार जावेद पठान, अनीस खान, पप्पू पठान, दिलशाद, रफीक आदि ने बताया कि मोहर्रम में धूमधाम से ताजिए निकाले जाएंगे।


राजपुर में ताजिया बनाते कारीगर।


रूरा में ताजिया मार्ग का जायजा लेते एसपी अरविंद मिश्र। अमृत विचार

### मोहर्रम जुलूस को लेकर सड़क पर उतरे पुलिस कप्तान

**रूरा।** मोहर्रम के जुलूसों और सावन माह को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश जारी होते ही पुलिस अफसर सड़कों पर उतर गए हैं। शनिवार को एसपी अरविंद मिश्र ने रूरा थाने की पुलिस के साथ मोहर्रम जुलूस वाले मार्गों पर पैदल मार्च कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि ताजियादारों से मुलाकात कर उन्हें निर्धारित ऊंचाई के ताजिया बनाने की हिदायत दी जाए, ताकि बिजली की तारों से ताजिये का टकराव न होने पाए। एसपी ने ताजिया स्थल के आसपास मकानों में पत्थर आदि जमा न होने को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी गड़बड़ी की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस दौरान थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह, आरके सिंह आदि मौजूद रहे।


दिवंगत शिक्षक को श्रद्धांजलि देते टीचर सेल्फ केयर टीम के पदाधिकारी।

### दिवंगत शिक्षक के परिजनों को 49 लाख रुपये की मदद

**कानपुर देहात।** पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में उच्च प्राथमिक विद्यालय कछगांव ब्लॉक मलासा में कार्यरत शिक्षक राम खिलावन का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। वह टीचर्स सेल्फ केयर टीम के सक्रिय सदस्य थे। जिसपर टीम समेत प्रदेश के लगभग चार लाख से ज्यादा शिक्षक व कर्मचारियों ने मात्र 15 रुपये के सहयोग से आश्रित परिवार को सीधे बैंक एकाउंट में 49 लाख रुपये की आर्थिक मदद की है। शिक्षक के परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। इस दौरान टीचर्स सेल्फ केयर टीम के सरस यादव, विष्णु कुमार मिश्र, राकेश मिश्रा, अजय कुमार सिंह, विनोद पटेल, लोकेंद्र सचान, कुसमा सचान, बबीता नागपाल, पीयूष अवस्थी, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# हर गांव में सफाई, एंटीलार्वा का होगा छिड़काव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान के क्रियांवयन के लिए द्वितीय अंतर्विभागीय बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। डीएम ने लापरवाही पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई करने के साथ जरूरी निर्देश दिए।


अभियान को लेकर डीएम की अध्यक्षता में द्वितीय अंतर्विभागीय बैठक हुई। अमृत विचार

शनिवार को बैठक में जिलाधिकारी आलोक सिंह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चलाए जाने वाले अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। पूर्व में संचालित अभियान में पाई गई कमियों में सुधार लाते हुए संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। जिससे जनपद की रैंकिंग शीर्ष रहे। उन्होंने डीपीआरओ को कार्य योजना के अनुरूप प्रत्येक गांव में सफाई, झाड़ियों की कटाई, एंटीलार्वा छिड़काव आदि के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर अभियान से संबंधित हैंडबिल व पंपलेट घरों में बांटेंगी। ग्रामों में क्लस्टर बनाकर पांच आशाओं पर उनके कार्यों पर निगरानी के लिए अधिकारियों व चिकित्सकों ड्यूटी लगाई जाए। सभी स्कूलों में संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के संबंध में बच्चों व उनके अभिभावकों को जागरूक किया जाए। डीएम ने विभागों द्वारा बनाई कार्ययोजना की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सभी विभाग एक साथ मिलकर कार्य करें। वहीं प्रतिदिन गतिविधियों से संबंधित फोटो निर्धारित ग्रुप में भेजेगें। बैठक में सीएमओ डॉ. एके सिंह, पीडी वीरेंद्र सिंह, डीपीआरओ विकास पटेल, सीवीओ डॉ. सुबोध कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी मारूती दीक्षित, सभी एमओआईसी, बीडीओ आदि उपस्थित रहे।

### 10,838 व्यक्तिगत शौचालयों का फिलहाल लटका निस्तारण

**कानपुर देहात।** शनिवार को जिला स्वच्छता समिति/जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में डीएम ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय के 10838 आवेदनों का अभी तक निस्तारण नहीं हुआ है। एक सप्ताह में निस्तारण कराएं। उन्होंने एसएलडब्ल्यूएम योजना में चयनित ग्राम पंचायतों में धनराशि क्रेडिट कराने में जांच कराकर ही क्रेडिट लिमिट निर्धारित करने के निर्देश दिए। आरआरसी निर्माण के लिए भूमि विवाद संबंधी ग्राम पंचायतों की सूची उपलब्ध कराने को कहा। सभी बीडीओ को निर्देश दिए गए कि ग्राम पंचायत में निर्मित सभी आरआरसी को संचालित करें और कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित किया जाए। साथ की ग्राम पंचायतों में ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं।

## फेस खराबी से जूझ रहे शिवली के लोग

**शिवली।** कस्बे में रसूलाबाद रोड पर पोस्ट ऑफिस के सामने रखे ट्रांसफार्मर का एक फेस आए दिन गायब हो जाता है, जिससे दो मोहल्लों के लोग जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी में लोगों को रात में ही बिजलीघर दौड़ लगानी पड़ती है।

कस्बे के रामनगर व आजादनगर निवासी हिमांशु शर्मा, श्रवण कुमार, संजू, मोनू अग्निहोत्री आदि ने बताया कि शुक्रवार रात ट्रांसफार्मर का एक फेस खराब होने से परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि कुछ देर बाद लाइनमैन ने खराबी दूर की। आए दिन फेस खराब होने से रामनगर व आजाद नगर के लोगों को गर्मी के मौसम में परेशानी होती है। इस बावत जेई राकेश राय ने बताया कि शिकायत मिलते ही समस्या हल कराई जाती है। आए दिन फेस खराब होने की जांच कराई जाएगी और खराबी को दूर कराया जाएगा।

**व्यापारी कल्याण दिवस** — दानवीर भामाशाह जयंती की पूर्व संध्या पर अकबरपुर तहसील सभागार में समारोह

# सर्वाधिक कर देने वाले 5 उद्यमी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** दानवीर भामाशाह की जयंती की पूर्व संध्या पर अकबरपुर तहसील सभागार में जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान जनपद में सर्वाधिक कर योगदान करने वाले पांच उद्यम प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



सर्वाधिक कर के योगदान पर व्यापारी प्रतिनिधि को भामाशाह पुरस्कार देते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

शनिवार को जिलाधिकारी आलोक सिंह ने जयंती कार्यक्रम का उद्घाटन दानवीर भामाशाह की फोटो पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि कि भामाशाह न केवल मेवाड़ राज्य के महान कोषाध्यक्ष और राष्ट्रसेवक थे। बल्कि वह देश के पहले संगठित व्यापारी वर्ग के प्रेरणास्रोत भी हैं। उनकी दानशीलता, दूरदृष्टि और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी व्यापारियों के लिए आदर्श हैं। उन्होनें कहा कि इस कार्यक्रम को राज्य सरकार द्वारा व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

इस मौके पर जनपद में सर्वाधिक कर योगदान करने पर मैसर्स शिवानी डिटर्जेंट प्राइवेट लिमिटेड से नीरज सिंह, मेसर्स फ्रंटियर स्प्रिंग्स लिमिटेड से शांतनु भाटिया, मेसर्स वंसल नारायण उद्योग से नितिन अग्रवाल, मेसर्स श्रीयम मोटर्स से सुभाष चंद्र मिश्रा व मेसर्स मंगलम वायरऑन से गोपाल मंगलम अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

डीएम आलोक सिंह ने बताया कि उद्योगों के लिए जनपद में लगभग 235 एकड़ भूमि का चिंहांकन किया गया है। इस मौके पर राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया। कार्यक्रम में एडीएम वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, संयुक्त आयुक्त राज्य कर देवेंद्र सिंह, उपायुक्त राज्य कर अमित अग्रवाल, उपायुक्त उद्योग मो. सउद, सहायक आयुक्त राज्य कर नरेश कुमार, अजय विक्रम, अजयेंद्र त्रिपाठी (सचल दल) समेत अधिकारी व व्यापारी उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी के सामने आए कब्जे के प्रकरण

- थाना समाधान दिवस में चार लोगों ने लगाई फरियाद

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने रनियां थाने में लोगों की फरियाद सुनीं। कुल चार शिकायतें दर्ज हुईं, जो प्लाट, नाली विवाद और कब्जे से संबंधित रहीं। इनका निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

शनिवार को थाना समाधान दिवस में डीएम आलोक सिंह व एसपी अरविंद मिश्र को प्रार्थना पत्र देकर कानपुर नगर के रतनलाल नगर निवासी वेदप्रकाश ने बताया कि वह रहीमपुर में मकान बनवा रहे हैं। गांव के कुछ लोगों ने निर्माण कार्य बंद करा दिया है। वहीं किशरवल गांव के राजकुमार शर्मा ने बताया कि पड़ोस के शिव कुमार, सतीश और कृष्ण कुमार ने पुश्तैनी नाली के ऊपर गिट्टी, मौरंग जमा कर बंद कर दी है जिससे उसके घर के बाहर पानी भर रहा है। फत्तेपुर रोशनाई की किरण देवी ने बताया कि फरवरी 2024 में फत्तेपुर गांव में प्लाट लिया था। जब कीमत बढ़ी तो विक्रेता राजू, कमला व अंशू कुछ हिस्से पर कब्जा करने लगे। बिलवाहार के राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुश्तैनी खेती के आगे से चकरोड है, जिसमें बिलवाहार के रामप्रकाश ने नांदी व टीनशेड रखकर कब्जा कर लिया है। सभी मामलों में डीएम ने त्वरित जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। यहां थाना प्रभारी संजय कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार मिश्रा, राजस्व निरीक्षक अजय सिंह और लेखपाल आदि रहे। इसी तरह एएसपी राजेश पांडेय ने रूरा थाने में शिकायतें सुनीं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत करसा**
**वि0ख0.- सरवनखेड़ा, कानपुर देहात**

पत्रांक :- मेमो  दिनांक: 28. 06.2025

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025 - 26 हेतु राज्य वित्त/ 15 वां वित्त/मनरेगा / एस0बी0 एम0 समस्त सरकारी विभागों से प्राप्त धनराशि से होने वाले कार्य जैसे आंगनवाड़ी केन्द्र, ओपेन जिम सहित समस्त कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा 04/07/2025 तक पंचायत भवन में अपराहन 3 बजे तक प्राप्त होगी और उसी दिन खोली जायेगी। कम दर वाली फर्म को कार्यादेश जारी किया जायेगा।

ग्राम विकास अधिकारी
कार्यालय ग्राम पंचायत करसा
वि0ख0.- सरवनखेड़ा, कानपुर देहात

# पुलिस से मुठभेड़ में दो शातिर घायल, तीन अन्य गिरफ्तार

## बीती 25 जून को सोहरामऊ बैंक में पैसा जमा करने गई महिला से की थी टप्पेबाजी, अन्य साथियों से पूछताछ कर रही पुलिस

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव


मुठभेड़ में घायल हुए बदमाशों को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग कर रही पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने तेज रफ्तार कार को रोकने का प्रयास किया। इस पर कार सवार लोगों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। यह देख उनके तीन साथियों ने भागने का प्रयास किया। जिन्हें पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया। घायलों को पुलिस अभिरक्षा में सीएचसी में भर्ती करा उनके अन्य साथियों से पुलिस पूछताछ कर रहे है।

लोगों को झांसा देकर उनके जेवर व नकदी पार करने वाले गिरोह का सोहरामऊ पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस की मदद से दबोचने में सफलता हासिल की है। बता दें कि शुक्रवार रात सोहरामऊ थानाक्षेत्र के मौहारी गांव के पास रात साढ़े 12 बजे सीओ हसनगंज संतोष सिंह की अगुवाई में सोहरामऊ पुलिस ने स्वाट व सर्विलांस की टीम के साथ वाहन चेकिंग शुरू की थी। तभी एक तेज रफ्तार कार को रोकने का प्रयास किया गया तो कार सवारों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जिससे पुलिस ने भी बचाव में गोली चलाई तो आजमगढ़ के थाना सरैनी के छतेपुर गांव निवासी विजय पुत्र रामराज व थाना फूलपुर के फदगुदिया निवासी लालमन पुत्र अक्षयलाल के पैर में गोल धंस गई। वहीं बिहार के बेगूसराय के थाना बरबडी के घागरा निवासी निरंजन पुत्र राजेंद्र जौनपुर के थाना सराय ख्वाजा के जंगलीपुर निवासी किशनलाल पुत्र सूरजभान व आजमगढ़ के थाना फूलपुर के फदगुदिया निवासी विमल पुत्र अच्छे लाल को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांचों शातिर अपराधी है। इन्होंने 25 जून को सोहरामऊ कस्बे की एसबीआई बैंक में पैसा जमा करने आई सोहरामऊ थानाक्षेत्र के देवइया मवइया गांव निवासी माया पत्नी पुत्तनलाल से 21 हजार रुपये की टप्पेबाजी करने की बात स्वीकार की है। सीओ ने बताया कि बदमाशों का पुलिस अभिरक्षा में इलाज चल रहा है। इनके पास तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। कार सीज कर सभी को जेल भेजा जा रहा है।

## मासूम भतीजी से दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाला चाचा गया जेल

फॉलोअप

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** बाबा को झोपड़ी में खाना देने गई 6 साल की मासूम बच्ची को मोबाइल पर वीडियो गेम खिलाने के बहाने बहलाकर ले गए रिश्ते के चाचा ने दुष्कर्म के बाद बच्ची की मुंह दबाकर हत्या कर शव नहर में फेंक दिया था। देररात पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ के बाद पकड़ा था। शनिवार को मेडिकल में डॉक्टर ने उसे फिट घोषित किया। इस पर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया। बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 6 वर्षीय बच्ची बीती गुरुवार शाम झोपड़ी में रहकर मवेशी ताक रहे बाबा को खाना देकर घर लौट रही थी। तभी गांव निवासी रिश्ते के चाचा रावेंद्र कुमार पुत्र रामचंद्र ने उसे रास्ते में रोक कर मोबाइल में वीडियो गेम खेलने का लालच देकर अपने साथ ले गया और उससे दुष्कर्म किया। बच्ची के चीखने पर कलयुगी चाचा ने उसकी मुंह व दबाकर हत्या कर दी और गांव से 500 मीटर आगे उसका शव अर्धनग्न हालत में माइनर में फेंककर वहां से भाग निकला। शुक्रवार को शव उतराता देख परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो ग्रामीणों ने बच्ची को रावेंद्र के साथ देखे जाने की बात बताई। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी तभी रात में माइनर के पास झाड़ियों में छिपे बैठे रावेंद्र ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। इस पर पुलिस की फायरिंग में उसके पैर में गोली धंस गई। घायल हालत में उसे पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल लाया गया। रावेंद्र ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार किया। शनिवार को डॉक्टर ने उसे फिट घोषित किया। इसके बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया। वहीं शनिवार को ही बच्ची के शव का तीन डाक्टरों का पैनल गठित कर वीडियो ग्राफी से पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. सीमा यादव व डॉ. विनीत कुमार शामिल रहे। दुष्कर्म की आधिकारिक पुष्टि के लिए स्लाइड बनाई गई है। एसओ भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि आरोपी को मेडिकल रिपोर्ट में फिट घोषित होने पर कोर्ट लाया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बच्ची के परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम

**औरास, अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बच्ची के परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार न करने के संबंध में लखनऊ जाम लगा दिया गया। करीब दो ढाई घंटे तक एक्सप्रेस-वे जाम रहा। हालांकि सूचना पर क्षेत्राअधिकारी अरविंद चौरसिया ने परिजनों को समझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद भी मृतक के गांव पहुंचे और परिजनों को समझते रहे। सीओ हसनगंज संतोष सिंह व उप जिलाधिकारी हसनगंज प्रज्ञा पांडे भी जाम स्थल पर पहुंची और परिजनों को समझाया। इस दौरान हसनगंज, आसीवन, बेहटा मुजावर सहित अन्य थानों की फोर्स पहुंची। परिजनों की मांग थी कि आरोपी का घर गिराया जाए और आरोपी परिवार को फांसी दी जाए। इन मांगों को उप जिलाधिकारी हसनगंज प्रज्ञा पांडे व सर्किल ऑफिसर अरविंद चौरसिया के द्वारा स्वीकार किया गया है। वहीं परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार रविवार को करने की बात कही है।

## एक नजर

### बांधों से छोड़े गए पानी से गंगा का जलस्तर बढ़ा

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** पहाड़ी और मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। बांधों से छोड़े जा रहे पानी के कारण गंगा का पानी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। 22 जून से गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी का सिलसिला शुरू हुआ। जहां उस दिन सुबह जलस्तर 107.390 मीटर था, वहीं शाम तक यह 108.180 मीटर पहुंच गया। शनिवार को यह और तेजी से बढ़ते हुए 108.510 मीटर मापा गया। कानपुर बैराज के कुछ गेट खोलने के कारण जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। हालांकि फिलहाल गंगा चेतावनी बिंदु 112 मीटर से करीब चार मीटर नीचे है, लेकिन लगातार बढ़ते जलस्तर ने प्रशासन और तटीय इलाकों के लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

### सैनिक बंधु की बैठक कल

**उन्नाव :** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने कहा कि जिले के सभी सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 30 जून को अपरान्ह 3:30 बजे कलक्ट्रेट के पन्नालाल हाल आयोजित की गई है। जिले के सभी सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिक व उनके आश्रित अपनी भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा व अन्य प्रकार की समस्या से संबंधित प्रार्थनापत्र दो प्रतियों में बैठक के पूर्व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में उपलब्ध करा दें।

### पति की पिटाई से महिला घायल, पुलिस को दी तहरीर

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर में घरेलू विवाद के चलते एक महिला को उसके पति ने पीटकर घायल कर दिया। घायल महिला ने कोतवाली पहुंचकर पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कंचन नगर निवासी रक्षा पत्नी राजेश कुमार ने शनिवार को गंगाघाट कोतवाली पहुंचकर बताया कि सुबह किसी बात को लेकर पति से कहासुनी हो गई। इस दौरान पति ने गाली-गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति अक्सर मायके से सामान लाने के लिए दबाव बनाता है और विरोध करने पर मारपीट करता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला को मेडिकल के लिए भेजा और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अखिलेश यादव के तंज के बाद हरकत में आई गंगाघाट पुलिस

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

कार्रवाई

▸▸ भाजपा नेता की पत्नी की चेन चोरी की दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आनंद नगर निवासी भाजपा नेता की पत्नी की चेन चोरी की घटना को लेकर पुलिस पहले तो चुप रही, लेकिन समाजवादी पार्टी द्वारा एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लगातार तंज किए जाने के बाद शनिवार को पुलिस हरकत में आ गई और अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

घटना गुरुवार शाम करीब 5 बजे की है, जब आनंद नगर निवासी विनीता अवस्थी जगन्नाथ रथ यात्रा में पूजा करने गई थीं। नेहरू नगर स्थित रूचि शिखा ज्वैलर्स के पास जब वे प्रसाद लेकर वापस लौट रही थीं, तभी किसी अज्ञात चोर ने उनके गले से लगभग दो तोले की सोने की चेन चोरी कर ली। भीड़ का फायदा उठाकर हुई इस घटना का महिला को तुरंत पता नहीं चला। घर लौटते समय उन्हें चेन चोरी का एहसास हुआ, जिसके बाद उनके पति जीतेंद्र अवस्थी ने शुक्रवार को गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी। हालांकि पुलिस ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन शनिवार सुबह समाजवादी पार्टी की ओर से एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा गया, 'लो भइया! भाजपा नेता की पत्नी की चेन रथयात्रा में छिन गई। ये है योगी आदित्यनाथ जी की कानून व्यवस्था, जहां सरेआम लूट हो रही है।' इसके बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी व्यंग्यात्मक लहजे में लिखा, दूरबीन के साथ छानबीन की ज़रूरत है। राजनीतिक प्रतिक्रिया के बाद गंगाघाट पुलिस हरकत में आई और आनन-फानन में भाजपा नेता की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोर की तलाश कर रही है।

## ग्राम चौपाल में पहुंचे सांसद साक्षी महाराज

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


महिला को चेक और पौधे देते सांसद साक्षी महाराज, सीडीओ कृति राज व अन्य।

**अमृत विचार:** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सन्नी में शनिवार को भव्य ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उन्नाव सांसद डॉ. साक्षी महाराज ने भाग लिया। उनके साथ सदर विधायक पंकज गुप्ता, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सीडीओ कृतिराज, बीडीओ शशांक चौधरी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सांसद द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से की गई। इसके पश्चात सांसद और विधायक द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। चौपाल में कई विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया और लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। साथ ही सांसद ने बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया। इस अवसर पर साक्षी महाराज ने कहा कि पहले जनता को अपनी समस्याएं

▸▸ सांसद और विधायक ने कई योजनाओं का किया लोकार्पण

लेकर सरकार के पास जाना पड़ता था, लेकिन अब भाजपा सरकार खुद जनता के द्वार पर जाकर समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में कोई अन्याय नहीं होता। कार्यक्रम स्थल पर कृषि, शिक्षा, पशुपालन, और वन विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि 2014 के बाद से केंद्र सरकार लगातार आम जनता के लिए योजनाएं चला रही है, जिनका सीधा लाभ मिल रहा है। विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि पहले गांवों की अनदेखी होती थी, लेकिन अब गांव-गांव तक सड़क, एंबुलेंस और सरकारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने सहजनी से रौतापुर हाजीपुर मार्ग की पुरानी स्थिति का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री सड़क योजना की सराहना की। इस अवसर पर एडीओ पंचायत विनोद वर्मा, खंड विकास अधिकारी शशांक चौधरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने 5 मामलों का किया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


कन्या सुमंगला योजना की चेक देतीं महिला आयोग की अध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उप्र राज्य महिला आयोग अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण व जिला कारागार का भ्रमण किया। इसके साथ ही उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिलाओं से संबंधित मामलों की जनसुनवाई कर समीक्षा बैठक की।

अध्यक्ष ने वन स्टाप सेंटर में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 10 लाभार्थियों व स्पान्सरशिप योजना के चार लाभार्थियों को योजनान्तर्गत उपलब्ध करायी और धनराशि का चेक वितरण किया। साथ ही जिला महिला चिकित्सालय में 10 नवजात बालिकाओं का केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया और उन्हें बेबी केयर किट व मिष्ठान आदि का वितरण कर प्रोत्साहित किया। गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक कर महिला जनसुनवाई की। जिसमें 20 महिलाओं, बालिकाओं द्वारा प्रार्थनापत्र व मौखिक रूप से अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें पांच प्रकरणों पर त्वरित निस्तारण कराया गया। वहीं, बचे 15 प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। यहां सीएमओ, एएसपी, नायब तहसीलदार सदर, प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## नगर पंचायत कर्मियों ने सभासद पति व पुत्र पर लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** नगर पंचायत कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने वार्ड नंबर-5 की महिला सभासद के पति व पुत्र पर गालीगलौज करने व पैसे मांगने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने अजगैन कोतवाली में इस संबंध में लिखित शिकायत दी।

नगर पंचायत कर्मचारी तुफैल अहमद, संजीव मिश्रा व शिवा दीक्षित ने कोतवाली में दिए प्रार्थनापत्र में बताया गया कि सभासद पति थानेदार व पुत्र सचिन अक्सर कार्यालय आकर पैसे मांगते हैं और अभद्रता करते हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि शुक्रवार शाम भी उन्होंने पैसे मांगे। जब कर्मचारियों ने असमर्थता जताई तो उनके साथ गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी दी। कर्मचारियों का यह भी आरोप है कि उन्हें सरकारी कार्य करने से रोका गया। सभासद पति थानेदार ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पैसे मांगने और गाली-गलौज करने का आरोप गलत है। बताया कि वे वार्ड में सफाई न होने की शिकायत करने गए थे और इसी को लेकर कहासुनी हुई थी। इस मामले पर नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने कहा कि कुछ कहासुनी हुई है और दोनों पक्षों को समझाया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मामला सुलझ जाएगा और इसे कुछ गलतफहमी बताया। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि उन्हें प्रार्थनापत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

सख्ती | दिल्ली से आए ईडी ने गंगाघाट रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण, सभी सिग्नल प्वाइंट का बारीकी से किया अवलोकन

# एक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर ने कर्मचारियों को शॉर्टकट न अपनाने की दी सलाह

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


रेलवे पुल का निरीक्षण करते दिल्ली से एक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर (सिग्नल) रामेश्वर मीणा व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर बार-बार हो रही सिग्नल फेल की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए रेलवे बोर्ड दिल्ली से एक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर (सिग्नल) रामेश्वर मीणा शनिवार को स्टेशन पहुंचे। उन्होंने न केवल सिग्नल पैनलों की तकनीकी स्थिति की गहन जांच की, बल्कि पैदल ही कानपुर तक रेलवे पुल का निरीक्षण भी किया।

शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे रामेश्वर मीणा सड़क मार्ग से कानपुर सेंट्रल होते हुए गंगाघाट स्टेशन पहुंचे। यहां पहुंचते ही उन्होंने सबसे पहले स्टेशन पर लगे सिग्नल पैनलों की स्थिति का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने एसएनटी विभाग के कर्मचारियों से हाल के दिनों में हुए सिग्नल फेल के कारणों की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने स्टेशन के साथ-साथ पुल और विभिन्न सिग्नल प्वाइंटों की भी पैदल जाकर जांच की। उन्होंने देखा कि किन स्थानों पर तकनीकी खामी की संभावना अधिक है और उन स्थानों की फोटोज और रिपोर्ट तैयार करवाई। निरीक्षण के पश्चात वापस स्टेशन लौटकर उन्होंने एसएनटी कर्मियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भविष्य में यदि सिग्नल फेल की स्थिति आती है, तो उसे वैसा ही रहने दें, किसी भी सूरत में शॉर्टकट का प्रयोग न किया जाए। शॉर्टकट अपनाने से कोई बड़ी तकनीकी खराबी या हादसा हो सकता है, इसलिए सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के बाद दोपहर करीब 3 बजे वह वापस कानपुर रवाना हो गए।

## अमृत भारत योजना के तहत हो रहे स्टेशन का निर्माण धीमा


गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर कार्य करते मजदूर।

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित कानपुर पुल बायां किनारा रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य एक साल बीतने के बावजूद सुस्त गति से जारी है। फरवरी 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल शिलान्यास किया गया था, जिसके बाद मार्च में निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। कार्य के पहले चरण में स्टेशन परिसर की बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य तय किया गया। ठेकेदार तेज सिंह चौहान ने बताया कि जेसीबी से खोदाई कर सरिया जाल बांधने का कार्य शुरू किया गया था। इस दौरान बाउंड्री की जद में आ रहे अतिक्रमणों को दो चरणों में हटाया गया। हालांकि निर्माण कार्य धन की कमी के कारण बीच में दो माह तक ठप रहा। अब सरकार से धन आवंटन के बाद कार्य फिर से शुरू हुआ है। मगर अभी भी दीवार निर्माण का कार्य पूरी तरह से नहीं हो सका है, जिससे प्रगति निराशाजनक बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मानसून की दस्तक के चलते निर्माण कार्य एक बार फिर प्रभावित हो सकता है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बारिश का पानी भर जाने पर कार्य ठप पड़ने की आशंका है। निर्माण कार्य की धीमी गति और समयबद्धता की कमी से यह स्पष्ट है कि निर्धारित समय में कार्य पूरा होना कठिन है।

## सार-संक्षेप

### छात्र-छात्राओं के लिए शुरू हुई प्रबुद्ध लाइब्रेरी


फीता काटकर लाइब्रेरी का उद्घाटन करते सदर विधायक व अन्य। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला पूरन नगर में प्रबुद्ध लाइब्रेरी का उदघाटन सदर विधायक पंकज गुप्ता व भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने किया। इसमें उप निदेशक कृषि उन्नाव रविप्रकाश के अलावा जिले के सैकड़ों शिक्षक, कर्मचारी व प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे। लाइब्रेरी उदघाटन में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया व मदन गोपाल का विशेष योगदान रहा। इस दौरान जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ कृष्ण शंकर मिश्रा, यूपी एक्स सर्विसमैन एसोसिएशन के संस्थापक राजेश यादव, सोसाइटी अध्यक्ष रामबाबू, सुरेन्द्र प्रकाश, वीरेंद्र बहादुर, दिलीप अवस्थी, पवन पांडेय, अमित शर्मा, नमो श्रीवास्तव, कन्हैयालाल, विश्व नाथ तिवारी, विवेक द्विवेदी, अरविन्द सिंह, सुजीत गुप्ता, अनुराग तिवारी, उदय, आशीष, प्रमोद गौतम, ऊषा सिंह, अनुज, हरिकिशोर गौतम आदि रहे। लाइब्रेरी संचालक हर्षित ने सबका आभार जताया।

### स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वालों का लगा रहा मेला


बीएसए कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने वालों की लगी भीड़। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** बेसिक स्कूलों में सरप्लस होने वाले विद्यालयों के शिक्षकों का अन्य विद्यालयों में समायोजन होने के लिए एक दिन का अवसर मिलने से बीएसए कार्यालय में शिक्षकों की खासी भीड़ रही। ऑनलाइन आवेदन के बाद फाइल जमा करने के लिए शिक्षकों को पसीना छूटा। कौन-कौन से अभिलेख जमा करने हैं इसकी भी सही जानकारी कोई कर्मचारी नहीं दे पा रहा था। उनका कहना था कि वह जो आवेदन दे देंगे वह शाम 5 बजे तक जमा कर लेंगे। सूत्र बताते हैं कि जिले में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के हेड मास्टर के 126 पद खाली हैं। जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों के 71 पद सरप्लस हैं। प्राइमरी के हेड मास्टर के 1130 पद सरप्लस हैं। वहीं हेड मास्टर के 5 पद खाली हैं। ज्ञात हो कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व शिक्षिकाओं के शैक्षिक सत्र 2025-26 में स्वेच्छा से अन्त: जनपदीय स्थानांतरण व समायोजन के संबंध में सचिव बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा 29 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। बीएसए संगीता सिंह द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव द्वारा 26 जून को जारी निर्देश के क्रम में 27 जून को अन्त:जनपदीय स्थानांतरण व समायोजन प्रकिया के तहत पोर्टल पर आवेदन करने वाले शिक्षकों व शिक्षिकाओं को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर किये गये आवेदन की प्रति व सभी शैक्षिक व सेवा अभिलेखों सहित पत्रावली कार्यालय में 28 जून की शाम 5 बजे तक हर हाल में जमा करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक पत्रावली जमा न करने वाले शिक्षकों व शिक्षिकाओं के आवेदन पत्रों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

### सांकेतिक बंदी रख व्यापारियों ने किया प्रदर्शन



कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** खाद, बीज व कीटनाशक विक्रेताओं ने लगातार हो रही छापेमारी के विरोध में शनिवार को अपनी दुकाने बंद कर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। व्यापारियों कहना था कि वह छापेमारी और लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई से डरे हुए हैं। बता दें कि यूरिया व अन्य उर्वरक कंपनियां एफओआर सुविधा नहीं दे रही हैं। जबरन टैगिंग से व्यापारियों का खर्च बढ़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि कीटनाशक की गुणवत्ता के लिए उन्हें दोषी ठहराना गलत है। लाइसेंस व गोदाम की मंजूरी लखनऊ से होती है। अगर पैकिंग में छेड़छाड़ नहीं हुई है तो इसकी जिम्मेदारी निर्माता कंपनी की होनी चाहिए और उन्हीं पर कार्रवाई की जाए। अपनी मांगों को लेकर एग्रो इनपुट डीलर्स एशोसीएसन के बैनर तले जिलाध्यक्ष राजेश सिंह की अगुवाई में अपनी दुकान बंद कर कलक्ट्रेट पहुंचे व्यापारियों ने नारेबाजी कर विरोध जताया और प्रदर्शन किया। व्यापारियों के मुताबिक बीज व्यापार में कई समस्याएं हैं। बीज अधिनियम 1966 व बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत पूरे प्रदेश में एक लाइसेंस होना चाहिए। लेकिन हर जिले में अलग लाइसेंस मांगा जा रहा है। सब्जी बीजों की विविधता के कारण स्टॉक बोर्ड पर विवरण देना मुश्किल है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इससे आने वाले खरीफ सीजन में किसानों को खाद, बीज व कीटनाशकों की कमी का सामना करना पड़ सकता है। बाद में प्रदर्शनकारियों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। इसमें महामंत्री विक्रम जीत, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार आदि व्यापारी शामिल रहे।

### बिजली विभाग ने 25 बकायेदारों की लाइन काटी

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** जून माह के अंतिम सप्ताह में बिजली विभाग ने बकायेदारों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए राजस्व वसूली अभियान तेज कर दिया है। शनिवार को एसडीओ राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में अभियान चलाकर कुल 25 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे गए और करीब 8.5 लाख की बकाया राशि वसूल की गई। अभियान में टीजी-2 वीरेंद्र प्रताप व लाइन स्टाफ भी शामिल रहे। टीम ने शुक्लागंज राजमार्ग, पोनी रोड व गंगानगर क्षेत्र में दस हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे। उपखंड अधिकारी ने बताया कि शुक्लागंज और गंगाघाट सबस्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाया जाएगा, जिससे बकायेदारों से बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित हो सके।

### छापेमारी में प्रधान समेत पांच को विद्युत चोरी करते पकड़ा



विद्युत प्रवर्तन दल द्वारा की जाती छापेमारी। अमृत विचार

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** विद्युत चोरी रोको अभियान के तहत प्रवर्तन दल द्वारा फोर्स के साथ शनिवार सुबह क्षेत्र के गांव सुरसेनी व आसत मोहीउद्दीनपुर में छापा मारा। जहां ग्राम प्रधान सहित पांच लोगों के घरों में विद्युत चोरी पकड़ी गई। उपकेंद्र के एक्सईएन द्वारा गृहस्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के एक्सईएन राजनाथ यादव के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने विभागीय कर्मियों व फोर्स के साथ शनिवार सुबह क्षेत्र के गांव सुरसेनी व आसत मोहीउद्दीनपुर में औचक छापेमारी की। जहां ग्राम प्रधान शहनूर अहमद के अलावा हसरुद्दीन पुत्र नसीर, शाहीन पत्नी जलीक अहमद, शमशुद्दीन खां पुत्र नज़ीर व मो. रियाज खां पुत्र मो. शकीर के घरों में सीधे कटिया डालकर या बाईपास से विद्युत चोरी पाई गई। एक्सईएन ने इन सभी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की है। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से विद्युत मित्र पोर्टल पर विद्युत चोरी की सूचना देने की अपील भी की है। इस दौरान उपखंड अधिकारी रमेशचंद्र धीमन व अवर अभियंता संतोष श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# प्रस्तावना पवित्र, आपातकाल में जोड़े शब्द नासूर

## उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं, आपातकाल के दौरान किया गया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं है, लेकिन भारत में आपातकाल के दौरान इसे बदला गया जो संविधान निर्माताओं की बुद्धिमत्ता के साथ विश्वासघात का संकेत है।

उन्होंने कहा कि 1976 में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में जो शब्द जोड़े गए, वे नासूर थे और उथल-पुथल पैदा कर सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने एक पुस्तक विमोचन समारोह में कहा, यह हजारों वर्षों से इस देश की सभ्यतागत संपदा और ज्ञान को कमतर आंकने के अलावा और कुछ नहीं है। यह सनातन की भावना का अपमान है। धनखड़ ने प्रस्तावना को एक बीज बताया जिस पर संविधान विकसित होता है। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया। धनखड़ ने कहा, इस प्रस्तावना में 1976 के 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम के जरिये बदलाव हुआ था। संशोधन के माध्यम से इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े गए थे। यह न्याय का उपहास है कि जिस चीज को बदला नहीं जा सकता, उसे आसान ढंग से, हास्यास्पद तरीके से और बिना किसी औचित्य के बदला गया और वह भी आपातकाल के दौरान जब कई विपक्षी नेता जेल में थे। धनखड़ ने आगाह करते हुए कहा, आप गहराई से सोचें, तो पाएंगे कि हम अस्तित्वगत चुनौतियों को पंख दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि बीआर आंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी और उन्होंने निश्चित रूप से इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा। धनखड़ ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब आरएसएस ने गुरुवार को संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा का आह्वान किया था। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के इस आह्वान की आलोचना की। विपक्ष ने इसे राजनीतिक अवसरवाद और संविधान की आत्मा पर जानबूझकर किया गया हमला करार दिया है। होसबाले के बयान से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

### हिमंत ने समाजवादी-धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की हिमायत की



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष पश्चिमी अवधारणाएं हैं तथा इन शब्दों को संविधान से हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन शब्दों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया था और इनका भारतीय सभ्यता में कोई स्थान नहीं है। शर्मा ने कहा कि मैं धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता हूं? मैं कट्टर हिंदू हूं। मुसलमान कट्टर मुसलमान होता है। वह धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है? असम में द इमरजेंसी डायरीज : इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर नामक पुस्तक के विमोचन के बाद हिमंत ने कार्यक्रम में यह बात कही थी। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (जो उस समय आरएसएस के युवा प्रचारक थे) के साथ काम करने वाले सहयोगियों के अनुभवों और अन्य अभिलेखीय सामग्रियों पर आधारित है। पुस्तक 1975-77 के दौरान आपातकाल और इसके प्रतिरोध आंदोलन में मोदी की भूमिका का वर्णन करती है।

# बलभद्र, सुभद्रा संग भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसी के घर



ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा उत्सव के दौरान लोग भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचते श्रद्धालु।

**पुरी रथ यात्रा**

- मान्यता अनुसार गुंडिचा मंदिर देवताओं की मौसी का घर, जहां हर साल जाते हैं जगन्नाथ

पुरी, एजेंसी

पुरी में रथ यात्रा शुरू होने के एक दिन बाद शनिवार को भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के रथ अपने गंतव्य गुंडिचा मंदिर पहुंच गए। गुंडिचा मंदिर को देवताओं की मौसी का घर माना जाता है जो हर साल जगन्नाथ मंदिर से निकलकर मौसी के घर जाते हैं।

गुंडिचा मंदिर 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर से 2.6 किलोमीटर दूर है। देवता नौ दिन बाद मुख्य मंदिर चले जाएंगे। वापसी की रथ यात्रा को 'बहुदा यात्रा' कहा जाता है जो इस साल पांच जुलाई को होगी। इससे पहले दिन में जय जगन्नाथ और हरि बोल के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने आज सुबह 10 बजे तीनों रथों को फिर से खींचना शुरू किया। पुरी में 27 जून की रात रथयात्रा रोक दी गई थी। रथों को शुक्रवार शाम तक गुंडिचा मंदिर पहुंचना था, लेकिन भगवान बलभद्र का तालध्वज रथ के एक मोड़ पर फंस जाने से श्रद्धालुओं को ग्रैंड रोड पर रुकना पड़ा, जिससे अन्य दो रथ भी आगे नहीं बढ़ सके। परंपरा के अनुसार, सबसे आगे तालध्वज रहता है, उसके बाद देवी सुभद्रा का रथ 'दर्पदलन' और भगवान जगन्नाथ का रथ 'नंदीघोष' रहता है। विधि मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, पुलिस महानिदेशक वाई. बी. खुरानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारी को भगवान जगन्नाथ के 'नंदीघोष' रथ को खींचते दिखे। रथों के अपने गंतव्य पहुंचने पर इन्हें गुंडिचा मंदिर के बाहर रखा गया। औपचारिक शोभायात्रा के बाद देवताओं को रविवार को मंदिर के अंदर ले जाया जाएगा।

### 10 लाख श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने कहा, हम रथ यात्रा के संचालन के लिए श्रद्धालुओं समेत सभी हितधारकों को धन्यवाद देते हैं। डीजीपी वाईबी खुरानिया ने कहा कि शनिवार को रथ यात्रा के दौरान बीमार पड़े 600 से अधिक श्रद्धालुओं का इलाज कराया गया। शुक्रवार को वार्षिक रथ यात्रा में 10 लाख श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया था और पांच लाख श्रद्धालु शनिवार को पुरी में मौजूद थे। शओडिशा पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 10,000 जवान तैनात है। खुरानिया ने बताया कि भीड़ पर नजर रखने को 275 से अधिक एआई (सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

## एक नजर

### छह महीने के बेटे की हत्या में महिला गिरफ्तार

**कोलकाता।** प. बंगाल के नदिया जिले में 25 वर्षीय महिला को छह महीने के अपने बेटे की हत्या और उसका शव सेप्टिक टैंक में फेंकने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना जिले के कल्याणी थानाक्षेत्र में हुई। महिला ने शुक्रवार शाम को बेटे के लापता होने की बात कही, जिसके बाद परिवार और पड़ोसियों ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पूछताछ में महिला ने बेटे की हत्या करना स्वीकार किया।

### मणिपुर में छह उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने पिछले 24 घंटे में विभिन्न अभियान के तहत छह सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये लोग निजी व्यवसायों और जनता को निशाना बनाकर वसूली में शामिल थे। पुलिस ने चिंगारेल तेजपुर से एक, वांगखेई निंगथेम पुखरी मापल से दो व थांगमेइबैंड थिंगेल लेईकाई से तीन माओवादियों को पकड़ा।

### बाघिन और 4 शावकों को जहर देने में 3 गिरफ्तार

**चामराजनगर।** कर्नाटक के माले महादेश्वर हिल्स के हुग्यम वन क्षेत्र में बाघिन व चार शावकों की जहर देने में शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग ने कहा कि एक व्यक्ति ने बदला लेने को ऐसा किया, जिसकी गाय को जंगली जानवरों ने मारा था। मृत गाय पर जहर छिड़का, जिससे बाघिन तथा शावकों की मौत हुई।

# देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह

गोधरा, एजेंसी



- वीडियो कॉन्फ्रेंस से कार्यक्रम को गृहमंत्री ने किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होंगे।

शाह ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान क्षेत्र के लोगों की अंतरात्मा को जगाया। शाह, वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में गुजरात के पंचमहल जिले में गोधरा के पास विंजोल में श्री गोविंद गुरु विवि के लिए 125 करोड़ में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

शाह ने गोविंद गुरु को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नायक बताते हुए कहा, अंग्रेजों के खिलाफ उस संघर्ष में 1,512 आदिवासी भाई-बहन शहीद हुए व गुजरात में मानगढ़ भारत की आजादी की लड़ाई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गोविंद गुरु की वीरता से प्रेरणा लेते हुए 2047 तक भारत को महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

शाह ने कहा कि यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण बात है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गोविंद गुरु विवि की स्थापना की कल्पना की थी। शाह ने कहा, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री ने गोविंद गुरु को समर्पित एक विवि और स्मारक की कल्पना की थी, जो देश भर के आदिवासियों के लिए प्रेरणा का स्थान बन सके। शाह, खराब मौसम की वजह से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके।

# समन जारी करने का आदेश सोच-समझकर दें : हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली हाईकोर्ट ने 84 लाख रुपये के धोखाधड़ी में एक व्यक्ति को तलब करने के आदेश को दरकिनार करते हुए कहा कि समन जारी करना गंभीर मामला तथा यह अनिवार्य है कि ऐसा आदेश सोच-समझकर दिए जाए।

हाईकोर्ट ने कहा कि दिवानी उपचार की मौजूदगी आपराधिक कार्यवाही को जारी रखने से नहीं रोकती है लेकिन यह स्थापित कानून है कि मात्र अनुबंध का उल्लंघन धोखाधड़ी के अपराध को जन्म नहीं देता है और यह दर्शाया जाना चाहिए कि वादा करते समय आरोपी का इरादा बेईमानी का था। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा, समन जारी करना गंभीर मुद्दा है और यह अनिवार्य है कि समन जारी करने के आदेश में यह नजर आए कि विवेक का इस्तेमाल किया गया तथा तथ्यों और रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों को परखा गया है।

# बिहार में ईसी ने मतदाता सूची का शुरू किया गहन पुनरीक्षण

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शनिवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य शुरू हो गया है। ईसी ने उस संवैधानिक प्रावधान की भी याद दिलाई, जिसके तहत केवल भारतीय नागरिक ही मतदान कर सकते हैं।

निर्वाचन निकाय ने याद दिलाया कि अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता निर्दिष्ट की गई है, जिसके आधार पर 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय तथा उस निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य निवासी ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए पात्र हैं। निर्वाचन अधिकारी इस वर्ष बिहार से शुरुआत करते हुए छह राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कर रहे हैं। इसका उद्देश्य जन्मस्थान की जांच करके प्रवासियों को बाहर निकालना है। बिहार में विस चुनाव होने हैं, जबकि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और बंगाल में चुनाव 2026 में होने हैं। आयोग के पास 78 हजार बीएलओ हैं और नए केंद्रों के लिए 20 हजार बीएलओ की नियुक्ति हुई है।

# निजी निवेश सुस्त, सरकार की नीतियों का परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र सरकार के कराए सर्वेक्षण से मिले संकेतों का हवाला देते हुए जयराम ने किया सरकार का घेराव

कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि अर्थव्यवस्था आगे बढ़ने का नाम नहीं ले रही और निजी कॉरपोरेट निवेश सुस्त है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि निवेश में यह जड़ता मोदी सरकार की दबाव वाली नीतियों का परिणाम है।

रमेश ने एक्स पर कहा, भारत की अर्थव्यवस्था जिद पर अड़ी है, वह आगे बढ़ने का नाम ही नहीं ले रही, जबकि तेज आर्थिक वृद्धि न सिर्फ जरूरी है, बल्कि संभव भी है। इस विफलता की सबसे अहम वजह है कि सितंबर 2019 में बड़ी कर कटौती और पीएलआई कैश हैंडआउट के बावजूद निजी कॉरपोरेट निवेश सुस्त है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कराए सर्वेक्षण में संकेत दिया गया है कि 2025-26 में निजी क्षेत्र का पूंजीगत व्यय गत वर्ष की तुलना में 25% तक कम हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बैंक कर्ज देने को तैयार हैं, लेकिन कंपनियां निवेश के लिए कर्ज लेने से हिचक रही हैं, क्योंकि मौजूदा माहौल को विस्तार के अनुकूल नहीं माना जा रहा। मांग में वृद्धि ही निवेश को बढ़ावा देती है। भारत में मांग की कमी के तीन स्पष्ट कारण हैं -मजदूरी में ठहराव, विकृत जीएसटी ढांचा और बढ़ती आर्थिक असमानता।

### मुद्दों से भटकाने को भाषा विवाद भड़काया : चव्हाण

**मुंबई।** कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने आरोप लगाया है कि मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए महाराष्ट्र में हिंदी भाषा थोपने को लेकर विवाद भड़काया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया। शिक्षा के लिए बजट आवंटन में भारी कटौती का दावा करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और शैक्षणिक क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। चव्हाण ने कोल्हापुर में कहा, शिक्षा पर बजटीय आवंटन बढ़ाना चाहिए। अंग्रेजी और हिंदी थोपने पर विवाद अप्रासंगिक हैं और मूल मुद्दों से हटाने को ऐसा हो रहा है।

## कारोबार/कृषि

# किसानों की आय बढ़ाने को मसौदा जारी

## कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान व कृषि वानिकी को बढ़ाने की तैयारी में केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी



- पौधरोपण बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए सरकार ने उठाया कदम

केंद्र ने कृषि वानिकी को बढ़ाने तथा कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान बनाने के लिए मॉडल नियम जारी किए। इससे किसानों की आय दोगुनी करने, वन क्षेत्र के बाहर पौधरोपण और जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद मिलेगी।

सभी राज्य सरकारों को 19 जून को भेजे पत्र में पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि कृषि भूमि में पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम का उद्देश्य कृषि वानिकी में कारोबारी सुगमता को बढ़ाना और किसानों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियात्मक बाधाओं का सामना किए पेड़ों से आय हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, वनों के बाहर वृक्षों का आवरण बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन को कम करने, लकड़ी के आयात को कम करने और टिकाऊ भूमि उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कृषि वानिकी को बढ़ावा दे रही है।

मंत्रालय के अनुसार, कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए स्पष्ट, सुसंगत नियमों की कमी एक प्रमुख बाधा है, जो कृषि वानिकी उत्पादों की खेती और विपणन को प्रभावित करती है। मॉडल नियमों के अनुसार, लकड़ी आधारित उद्योग (स्थापना और विनियमन) दिशानिर्देश, 2016 के तहत पहले से गठित राज्य स्तरीय समिति (एसएलसी) इन नियमों के लिए समिति के रूप में भी काम करेगी। इसमें अब राजस्व और कृषि विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

समिति राज्य सरकार को सलाह देगी कि कैसे कृषि वानिकी को बढ़ावा दिया जाए और पेड़ों की कटाई और पारगमन के नियमों को सरल बनाकर कृषि भूमि से लकड़ी का उत्पादन बढ़ाया जाए। यह आवेदनों के सत्यापन और कृषि भूमि से लकड़ी के पारगमन के लिए एजेंसियों को सूचीबद्ध करेगी। आवेदकों को अपनी रोपण भूमि को राष्ट्रीय लकड़ी प्रबंधन प्रणाली (एनटीएमएस) पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। उन्हें भूमि स्वामित्व विवरण और अपनी कृषि भूमि का स्थान दर्ज करना होगा। उन्हें मूल रोपण विवरण देना होगा, जिसमें प्रजातियों के अनुसार पौधों की संख्या, रोपण तिथि (महीना और वर्ष) और पौधों की औसत ऊंचाई शामिल है। आवेदकों को एसएलसी की आवश्यकता के अनुसार इस जानकारी को अपडेट भी करना होगा। प्रत्येक पेड़ की केएमएल फाइल फॉर्मेट में जियोटैग की गई तस्वीरों के साथ फोटो खींची जानी चाहिए। इन विवरणों की निगरानी वन, कृषि और पंचायती राज विभागों के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। आवेदक को 10 से अधिक पेड़ों वाली भूमि के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा, जिसमें पेड़ों के बारे में विस्तृत जानकारी देनी होगी।

# बांग्लादेश ने बिजली के लिए अडाणी को दिए 38.4 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने जून में अडाणी पावर को 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया, जिससे भारतीय कंपनी के साथ बिजली आपूर्ति समझौते के तहत उसके बकाये में कमी आई है। मामले से अवगत दो सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश को जून में 43.7 करोड़ डॉलर का भुगतान करना था, जिसमें से उनसे 27 जून तक 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया है। इससे 31 मार्च तक बांग्लादेश के स्वीकृत दावों का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि इस भुगतान के बाद अडाणी का दावा घटकर 50 करोड़ डॉलर रह जाएगा, हालांकि यह अब भी अधिक है। बांग्लादेश 2017 के समझौते के तहत अपने भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए जूझ रहा है, क्योंकि रूस-यूक्रेन संघर्ष और घरेलू राजनीतिक उथल-पुथल के बाद आयात लागत बढ़ी है।

# हार्ड कमोडिटी : निवेश की उम्दा समझ

**बात काम की**



हार्ड कमोडिटी वे प्राकृतिक संसाधन होते हैं जिन्हें जमीन से निकाला जाता है, जैसे कि कच्चा तेल, सोना, चांदी, तांबा और प्राकृतिक गैस। ये वस्तुएं वैश्विक अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और निवेशकों के लिए एक अलग परिसंपत्ति वर्ग प्रदान करती हैं। हार्ड कमोडिटी में निवेश का उपयोग मुद्रास्फीति से बचाव, पोर्टफोलियो में विविधता और दीर्घकालिक रिटर्न के लिए किया जाता है। हालांकि, इनमें निवेश के साथ कुछ जोखिम भी जुड़े होते हैं जैसे वैश्विक घटनाएं, कीमतों में अस्थिरता और मांग-आपूर्ति में बदलाव।

### क्या है हार्ड कमोडिटी

हार्ड कमोडिटी वे कच्चे माल होते हैं जो खनन या ड्रिलिंग से प्राप्त किए जाते हैं। इनमें ऊर्जा स्रोत- कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस। धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, लोहा। इनका उपयोग उद्योगों, ऊर्जा उत्पादन, और आभूषण निर्माण में होता है।

### निवेशकों के लिए अवसर

- **मुद्रास्फीति से बचाव :** हार्ड कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं।
- **विविधता :** पारंपरिक स्टॉक-बॉण्ड पोर्टफोलियो से अलग रिटर्न देती हैं।
- **सुरक्षित संपत्ति :** संकट के समय सोने जैसी कमोडिटी में स्थिरता रहती है।

### जरूरी सावधानियां

- बाजार की चाल को समझे बिना निवेश न करें।
- लंबे समय के लिए निवेश करने पर रिटर्न बेहतर हो सकता है।
- फ्यूचर्स मार्केट में अनुभव के बिना प्रवेश जोखिमभरा हो सकता है।

### जोखिम पर दें विशेष ध्यान

- कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता
- भूराजनीतिक घटनाएं जैसे युद्ध या प्रतिबंध
- नियामकीय जोखिम (सरकारी नीतियों का प्रभाव)
- भंडारण और सुरक्षा लागत (भौतिक निवेश में)

### स्थिरता और विविधता

हार्ड कमोडिटी में निवेश निवेशकों के पोर्टफोलियो में स्थिरता और विविधता ला सकता है, लेकिन इसके लिए जागरूकता, रणनीति और सतर्कता जरूरी है।

# कार्यबल में 20% विविधता लाने का लक्ष्य : टाटा स्टील

जमशेदपुर, एजेंसी



विविधता व समावेशन पहल मोजेक का एक दशक पूरा होने पर निजी इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने शनिवार को कहा कि उसका लक्ष्य 2028 तक अपने कार्यबल में 20 प्रतिशत विविधता लाना है। कंपनी ने कहा कि टाटा स्टील के लिए, विविधता के प्रति प्रतिबद्धता नीति कार्यान्वयन से कहीं आगे जाती है। यह आम तौर पर पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में मानदंडों को फिर से परिभाषित करने का सक्रिय प्रयास करती है। टाटा स्टील की प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियां, एलजीबीटीक्यूआईए समेत अन्य भागीदारों के लिए समान लाभ, लिंग-तटस्थ पैतृक अवकाश, लिंग परिवर्तन के लिए समर्थन और समावेशी स्थानांतरण और यात्रा लाभ प्रदान करती हैं।

# जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आईपीओ के लिए सेबी को भेजा मसौदा पत्र

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 3,000 करोड़ जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक पत्र दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल किए मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार आईपीओ से 3,000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम है। इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है। कंपनी आईपीओ से पहले 600 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

# 25 करोड़ लोगों को आजीविका दे रहे एमएसएमई

नई दिल्ली, एजेंसी



- वित्त मंत्रालय ने कहा- सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को दे रही है गति

देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका दे रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिये जा रहे हैं।

उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपये तक के एमएसएमई ऋणों पर 60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है। एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम-पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गयी है। पीएम मुद्रा योजना के 'तरुण' श्रेणी की सीमा बढ़ाकर 20 लाख की गई है।

मंत्रालय ने कहा कि भारत ट्रेड नेट के माध्यम से दस्तावेज़ी प्रक्रिया को सरल किया गया, व्यापारिक बाधाओं को कम किया गया। कोविड-19 के दौरान आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ने 14 लाख से अधिक एमएसएमई को बचाया। पीएम मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से क्रेडिट सहायता भी प्रदान की गयी है।

# एमएनआरई ने बायोमास के लिए मानदंड किए संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऊर्जा मंत्रालय कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश किए जारी

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बायोमास कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसका मकसद स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और भारत में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है।

राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के चरण-1 के तहत मानदंडों को संशोधित किया गया है, जो वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए लागू है। मंत्रालय ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और पूरे देश में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है। नए ढांचे के तहत कई प्रक्रियाओं को सरल बनाया है, जिसमें कागजी कार्यवाही में कटौती व जरूरतों को आसान बनाना हैं। ये बदलाव पराली प्रबंधन और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के लक्ष्य के अनुरूप हैं।

# प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी खराब गेंदबाजी की जिम्मेदारी ली

## इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 200 से ज्यादा रन लुटाए थे कृष्णा ने

**बर्मिंघम, एजेंसी**



| | ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| पहली पारी | 20 | 128 | 3 |
| दूसरी पारी | 15 | 92 | 2 |

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के दौरान सही लेंथ से गेंदबाजी करने में नाकाम रहने की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह हर समय अपनी गेंदबाजी में संयम बरतने की कोशिश कर रहे थे। लीड्स में शृंखला के पहले मैच में 200 से अधिक रन लुटाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों ने प्रसिद्ध की आलोचना की थी। भारत यह मैच पांच विकेट से हार गया था। प्रसिद्ध ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा (लीड्स) टेस्ट की पहली पारी में मैंने जरूरत से ज्यादा शॉट गेंद डाली। दूसरी पारी में यह थोड़ा बेहतर रहा और विकेट थोड़ा धीमा था।

उन्होंने कहा मैंने निश्चित रूप से उस लंबाई पर गेंदबाजी नहीं की जो मैं करना चाहता था। मुझे सही लंबाई से सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगा। मुझे हालांकि एक पेशेवर के रूप में ऐसा करने में सक्षम होना चाहिए। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और शायद अगली बार इसे बेहतर तरीके से कर पाऊं। प्रसिद्ध ने पहली पारी में 20 ओवरों में 6.40 की इकॉनमी से 128 रन दिए, जो एक पारी में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने वाले किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे खराब आंकड़ों में से एक है। उन्होंने इस दौरान ओली पोप, हैरी ब्रुक और जेमी स्मिथ के विकेट लिए। कर्नाटक के इस गेंदबाज ने दूसरी पारी में जैक क्रॉउली और पोप के विकेट जल्दी-जल्दी लेकर भारत को उम्मीद दी, लेकिन उनका इकॉनमी रेट फिर से छह (6.10) से ऊपर रहा। उन्होंने 15 ओवरों में 92 रन दिए।

प्रसिद्ध ने कहा मैं जब भी गेंदबाजी के लिए आता हूं तो मेरी कोशिश मेडन ओवर डालने की होती है। मैं वास्तव में बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका देने से बचना चाहता हूं। उस मैदान की आउटफील्ड तेज थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने जिस लंबाई और दिशा में गेंदबाजी की वह ज्यादातर समय सही नहीं थी। इसमें से कुछ ऐसे रन भी थे जो बल्ले के बाहरी या अंदरुनी किनारे से लग कर आए थे। उन्होंने कहा मैंने कई बार बाउंसर डालने की कोशिश की लेकिन उस पर रन बन गये। मैं निश्चित रूप से जब गेंदबाजी करने आता हूं तो रन गति पर लगाम लगाकर दबाव बनाने की कोशिश करता हूं।

हेडिंग्ले (लीड्स) में तेज हवा चल रही थी और इसने गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों का काम मुश्किल कर दिया। प्रसिद्ध ने कहा आप एक समान गति में रनअप लेना चाहते हैं लेकिन वहां हवा कभी तेज तो कभी धीमी गति से चल रही थी ऐसे में रनअप से सामंजस्य बनाने में परेशानी हो रही थी। इंग्लैंड में आसमान में बादल छाये रहने पर गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि बार-बार बारिश ने गेंदबाजों के लिए परिस्थितियों मुश्किल बना दी थी। उन्होंने कहा गेंद मैदान पर घास से गुजरने के बाद गीली हो जा रही थी।

### अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी गेंद

प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी। अगर धूप होगी तो स्विंग नहीं होगी। हम ऐसे में सही दिशा में गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहे थे। गेंद के नरम होने के बाद पिच से पर्याप्त मदद नहीं मिल रही थी। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा कि मैच हारने के बावजूद भारतीय ड्रेसिंग रूम में माहौल बहुत सकारात्मक था। उन्होंने कहा ड्रेसिंग रूम में सभी खुश है और सकारात्मक माहौल है। हमारे पता है कि हमारे लिये यह अवसर क्या मायने रखता है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक योजना थी। हम कुछ करना चाहते थे और हमने इसे करने का प्रयास किया। हमने दो बार लगातार दो-दो विकेट चटकाकर मैच में बने हुए थे। सीरीज के शुरुआती टेस्ट मैच में भारत का निचला क्रम बल्लेबाजी में बुरी तरह विफल रहा लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि टीम नेट सत्र में इस पर काम कर रही है। भारतीय टीम ने मैच की पहली पारी में 41 रन पर आखिरी सात जबकि दूसरी पारी में 32 रन पर आखिरी छह विकेट गंवा दिये थे।

# महिला टीम ने इंग्लैंड को 97 रनों से हराया

**नॉटिंघम, एजेंसी**

- पांच टी20 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल की
- कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने खेली शतकीय पारी
- पदार्पण करने वाली श्री चरणी ने 12 रन देकर चार विकेट लिए

कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना (112) के पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय शतक के बाद पदार्पण करने वाली स्पिनर श्री चरणी (12 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां पहले मैच में इंग्लैंड को 97 रन से हराकर पांच मैचों की शृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है।

**मंधाना की सर्वश्रेष्ठ पारी :** मंधाना इस तरह हर प्रारूप में शतक जड़ने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। उनकी यह पारी टी20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत की सर्वश्रेष्ठ पारी है। मंधाना ने इस तरह हरमनप्रीत कौर की 103 रन की पारी को पीछे छोड़ दिया। शुरू से ही आक्रामक रवैया अख्तियार करने वाली मंधाना की 15 चौके और तीन छक्के जड़ित 62 गेंद की पारी की बदौलत भारत ने पांच विकेट पर 210 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

**इंग्लैंड के खिलाफ सर्वोच्च स्कोर :** यह इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम का टी20 अंतर्राष्ट्रीय में सर्वोच्च स्कोर भी है। भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की टीम को शुरू से ही दबाव में ला दिया और पावरप्ले तक उसके तीन विकेट झटक लिए। कप्तान नैट साइवर ब्रंट (66 रन) के अर्धशतक के बावजूद मेजबान टीम 14.5 ओवर में 113 रन ही बना सकी।

**स्पिनर श्री चरणी ने किया कमाल :** बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने एलिस कैप्से के रूप में अपना पहला टी20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट हासिल किया। इस 20 साल की गेंदबाज ने 3.5 ओवर में 12 रन देकर चार विकेट झटके। दीप्ति शर्मा ने तीन ओवर में 32 रन देकर दो और राधा यादव ने दो ओवर में 15 रन देकर दो विकेट झटके। अमनजोत कौर और अरूधंती रेड्डी ने एक एक विकेट झटके।



नॉटिंघम में महिला अंतर्राष्ट्रीय टी20 के दौरान बल्लेबाजी करतीं भारतीय टीम की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना। ● एजेंसी

### नहीं खेलीं हरमनप्रीत

हरमनप्रीत अभ्यास मैच के दौरान सिर पर लगी चोट के कारण एहतियात के तौर पर इस मैच में नहीं खेली।

**भारत की मजबूत शुरुआत :** इससे पहले नियमित कप्तान हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रही मंधाना और शेफाली वर्मा (20 रन) ने पहले विकेट के लिए 8.3 ओवर में 77 रन की भागीदारी निभाई। शेफाली के आउट होने के बाद भी मंधाना इसी लय में बल्लेबाजी करती रहीं और उन्होंने हरलीन देओल (23 गेंद में 43 रन) के साथ 94 रन की साझेदारी निभाई। ऑफ स्पिनर एलिस कैप्से की गेंद पर डैनी वाट होज ने 26 रन पर हरलीन को जीवनदान दिया। मंधाना ने इंग्लैंड की गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया और उन्होंने चौथे ओवर में बाएं हाथ की स्पिनर लिन्सी स्मिथ की गेंदों पर तीन चौके जड़ दिए। उन्होंने सातवें ओवर में बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की गेंदों पर दो छक्के जड़े। वहीं दूसरी छोर पर देओल ने स्वीप शॉट से बाउंड्री लगाई, पर वह लॉरेन बेल का शिकार बन गईं। मंधाना जल्द ही शतक तक पहुंच गई।

**03** विकेट पावरप्ले में लेकर भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की टीम को शुरू से ही दबाव में ला दिया था

#### भारत

**210/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शेफाली वर्मा का एक्लेस्टोन बो आर्लोट | 20 |
| स्मृति मंधाना का ब्रंट बो एक्लेस्टोन | 112 |
| हरलीन देओल का आर्लोट बो बेल | 43 |
| रिचा घोष का डंकले बो बेल | 12 |
| जेमिमा रोड्रिग्स का ब्रंट बो बेल | 00 |
| अमनजोत कौर नाबाद | 03 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 07 |

**गेंदबाजी :** लॉरेन बेल 4-0-27-3, एम आर्लोट 4-0-38-1, लॉरेन फाइलर 4-0-35-0, लिन्से स्मिथ 3-0-41-0, सोफी एक्लेस्टोन 3-0-43-1, एलिस कैप्से 2-0-21-0

#### इंग्लैंड

**113/10** (14.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| सोफी डंकले का रिचा बो अमनजोत | 07 |
| डैनी वाट का हरलीन बो दीप्ति | 00 |
| नैट साइवर ब्रंट का रिचा बो चरणी | 66 |
| टैमी ब्यूमोंट बो दीप्ति | 10 |
| एमी जोंस स्ट रिचा बो राधा | 01 |
| एलिस कैप्से का अरूंधति बो चरणी | 05 |
| एमिली आर्लोट का स्मृति बो राधा | 12 |
| सोफी एक्लेस्टोन का जेमिमा बो चरणी | 01 |
| लॉरेन फाइलर का रिचा बो अरूंधति | 02 |
| लिन्सी स्मिथ नाबाद | 00 |
| लॉरेन बेल का जेमिमा बो चरणी | 02 |

**गेंदबाजी :** अमनजोत कौर 2-0-22-1, दीप्ति शर्मा 3-0-32-2, श्री चरणी 3 .5-0-12-4, अरूंधति रेड्डी 2-0-18-1, राधा यादव 2-0-15-2, स्नेह राणा 2-0-13-0

### एक नजर



जर्मनी : अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पोलैंड की इगा स्वियाटेक को डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। ●

### तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सेमीफाइनल में

**लोवा (अमेरिका) :** भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोलह वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया। आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी। तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी।

### एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का सामना मजबूत तिमोर लेस्ते से

**चियांग माइ (थाईलैंड) :** एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के पहले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम रविवार को यहां तिमोर लेस्ते के खिलाफ भी जीत की लय जारी रखना चाहेगी। पांच टीम के ग्रुप बी में इराक अभी शीर्ष पर चल रही है। उसने मंगोलिया पर 5-2 की जीत और तिमोर लेस्ते से 0-0 ड्रॉ खेला जिससे उसके चार अंक हैं। वहीं मंगोलिया को पहले मैच में 13-0 से हराने वाली भारतीय टीम और थाईलैंड के तीन तीन अंक हैं। थाईलैंड ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया था।

### पहले टेस्ट में आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन दिन में रौंदा

**ब्रिजटाउन :** आस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज को 141 रन पर आउट करके पहला टेस्ट तीसरे दिन के भीतर ही 159 रन से जीत लिया। वेस्टइंडीज को कठिन पिच पर जीत के लिए 301 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन पूरी टीम 33 .4 ओवर में आउट हो गई। हेजलवुड ने 12 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने आठ विकेट 86 रन पर ही गंवा दिए थे लेकिन हरफनमौला जस्टिन ग्रीवेस और दसवें नंबर के बल्लेबाज शामार जोसेफ ने नौवे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। ग्रीव्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जोसेफ ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 44 रन की पारी खेली जिसमें चार छक्के शामिल थे। आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 92 रन से आगे खेलना शुरू किया था।

# रोहित चाहते थे कि राहुल की बल्लेबाजी में आक्रामकता हो

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने दी अहम जानकारी

भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर का कहना है कि पिछले साल भारतीय टीम के साथ भूमिका संभालते समय तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें केएल राहुल की बल्लेबाजी को आक्रामक बनाने का काम सौंपा था। हालांकि 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से मिली 1-3 से हार के बाद नायर को पद छोड़ना पड़ा।

नायर ने कहा इस भूमिका को शुरू करते समय मुझे याद है कि मैंने रोहित से बात की थी और उन्होंने कहा था कि वह एक चीज चाहते हैं कि मैं केएल के साथ काम करूं और उनके खेलने के तरीके में अधिक आक्रामक दृष्टिकोण लाऊं और उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाऊं। राहुल ने पिछले एक साल में अच्छा प्रदर्शन दिखाया है, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ 10 पारियों में 276 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी में निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पांच मैच में 140 रन बनाए। नायर ने कहा, उन्हें (रोहित) भरोसा था कि केएल चैंपियंस ट्रॉफी, विश्व कप के अलावा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाएगा।

### इंडिया ओपन एथलेटिक मीट



बेंगलुरु : रेलवे स्पोर्ट्स एथलीट भवानी यादव शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित कांतीरवा स्टेडियम में इंडिया ओपन एथलेटिक मीट 2025 के दौरान महिलाओं की लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा करती हुई। ● एजेंसी

# भारत को अच्छी फील्डिंग टीम बनने के लिए रवैये में बदलाव की जरूरत : ब्राड हाडिन

**सिडनी, एजेंसी :** आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्राड हाडिन का मानना है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खराब फील्डिंग की समस्या से उबरने के लिए अपने रवैये में बदलाव करना होगा। भारतीय क्षेत्ररक्षकों खासकर यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में कई कैच टपकाए।

भारत को बेन स्टोक्स की टीम ने पांच विकेट से हराकर श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। आस्ट्रेलिया के लिये 66 टेस्ट खेल चुके हाडिन ने कहा हर दौर में हर महान टीम फील्डिंग में भी शानदार रही है। शुभमन गिल को भी इस टीम में इसकी शुरूआत करनी चाहिए। इसके लिये रवैये में बदलाव की जरूरत है। आप अच्छी फील्डिंग करना चाहते हैं और हर समय प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं, यह रवैये की बात है। हाडिन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में भी कैचिंग का स्तर बहुत खराब था। उन्होंने कहा इस साल आईपीएल में कैचिंग बहुत ही लचर रही। हमने प्रतिभाशाली गेंदबाजों और बल्लेबाजों की बात की लेकिन असल समस्या कैचिंग की थी।

# भारत ने एशियाई स्नूकर में स्वर्ण पदक जीता

**कोलंबो, एजेंसी :** कई दफा के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां एसीबीएस एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में मजबूत मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

भारत ने पिछली बार दो साल पहले ईरान में स्वर्ण जीता था। इस तरह यह भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। आदित्य मेहता गर्दन की चोट के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए जिसमें भारत ने हांगकांग-1 को 3-2 से हरा दिया जबकि मलेशिया ने अंतिम चार में पाकिस्तान को 3-1 से शिकस्त दी। फाइनल में दमानी को थोर चुआन लियोंग से 58-68 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन आडवाणी ने लिम कोक लियोंग को 66-25 से हराकर वापसी कराई। इसके बाद आडवाणी और दमानी ने मिलकर युगल में थोर चुआन और लिम कोक को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।



- मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा में बाजी मारी

# महिला हॉकी टीम निचली लीग में खिसकी

**बर्लिन, एजेंसी**

### एफआईएच प्रो लीग

- चीन ने 3-0 से हराया, भारतीय टीम को मिली लगातार सातवीं हार

भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार को चीन से 0-3 से हारने के बाद एफआईएच प्रो लीग से रेलीगेट (निचली लीग में खिसकना) हो गई है। इस हार ने टीम का अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर होना सुनिश्चित कर दिया। भारत की एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में यह लगातार सातवीं हार है।

भारत के नाम 15 मैचों में 10 अंक है और टीम 2024-25 एफआईएच प्रो लीग के अपने आखिरी मैच में रविवार को फिर से चीन के खिलाफ खेलेगी। दिन के अन्य मैच में इंग्लैंड से 0-1 की हार के साथ जर्मनी 13 अंकों के साथ भारत से एक पायदान ऊपर है। भारत अगर अपने आखिरी मैच में चीन को हरा भी देता है तब भी वह 12 अंक तक ही पहुंचेगा। भारत ऐसे में 2025-26 सत्र में एफआईएच प्रो लीग के दूसरे स्तर एफआईएच नेशंस कप में रेलीगेट हो गया।

इंग्लैंड 15 मैचों में 14 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। चेन यांग (21वें मिनट) और झांग यिंग (26वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल किए, जबकि आनहुल यू (45वें मिनट) ने मैदानी गोल कर भारत के खिलाफ चीन को यादगार जीत दिलायी। भारत ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में चीन के सर्किल में पहुंच कर उसकी रक्षापंक्ति को कड़ी टक्कर दी। बलजीत कौर के पास तीसरे मिनट में मैच का पहला गोल करने का मौका था लेकिन उनका शॉट गोल-पोस्ट से बाहर चला गया। इसके एक मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दीपिका ने दोनों मौकों को जाया कर दिया।

# सचिन के वीडियो देखकर बदली किस्मत

**नॉटिंघम, एजेंसी**



- भारतीय टीम में वापसी होने पर शेफाली वर्मा ने बताया अपने खेल में सुधार का रहस्य
- पहले हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी, सचिन को देखकर धैर्य रखना सीखा

भारतीय टीम में वापसी कर रही शेफाली वर्मा ने कहा कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी के काफी वीडियो देखे जिससे हर गेंद को उसकी मेरिट के आधार पर खेलने का महत्व समझ में आया।

खराब फॉर्म के कारण पिछले साल शेफाली को टीम से बाहर कर दिया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व बीसीसीआई वीडियो से शेफाली ने कहा पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है । मैने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखी और उससे काफी प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा इससे मुझे बचपन के दिन याद आ गए जब मैं उनका एक भी मैच नहीं छोड़ती थी । मैने हर मैच फिर से देखा । उसे देखकर मैने सीखा के अच्छी गेंद को सम्मान देकर ही अच्छी पारियां खेली जा सकती है। घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करके 21 वर्ष की शेफाली ने टीम में वापसी की। उन्होंने कहा कि वापसी करना आसान नहीं होता और पिछले साल टीम चयन से दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ने से यह और कठिन हो गया।

शेफाली को पिछले साल नवंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये टीम में जगह नहीं मिली थी। उन्होंने कहा जब भी आप वापसी करते हैं तो हालात कठिन होते ही हैं लेकिन टीम माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं वापसी कर सकी । आस्ट्रेलिया के खिलाफ चयन से दस दिन पहले मेरे पापा को दिल का दौरा पड़ा था। मेरे लिये वह कठिन समय था और मैं टीम में भी नहीं चुनी गई। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है। शेफाली ने कहा मैने फिटनेस पर काफी मेहनत की। 20-25 दिन बाद बल्ला उठाया तो बहुत अच्छा लगा । इससे अलग तरह की ऊर्जा मिली । समय बहुत कुछ सिखाता है । मैं अब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके बाकी भाग्य पर छोड़ दूंगी।

# नीरज चोपड़ा भाला फेंक रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंचे

**लुसाने, (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**



भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा एक बार फिर से भाला फेंक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में नीरज एक बार फिर दुनिया के नंबर वन भाला फेंक खिलाड़ी बन गए है। सितंबर 2024 में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने नीरज को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी रैंकिंग में नीरज के पास एंडरसन पीटर्स के 1431 की तुलना में 1445 रैंकिंग अंक हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं और चेक गणराज्य के जैकब वडलेज शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं। नीरज के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें फिर शीर्ष पर पहुंचा दिया है। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच इनविटेशनल जीता और मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में प्रवेश किया। पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में वह फिर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन जून में पेरिस डायमंड लीग में जीत की राह पर लौट आए। उन्होंने पेरिस में 88.16 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया। इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया है।

## स्कॉर्लेट सेल्स उत्सव



द्वितीय विश्व युद्ध के समय के सोवियत मल्टीपल रॉकेट लांचर बीएम-13 का नाम कत्युशा रखा गया, शनिवार की सुबह रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्कूल ग्रेजुएशन के अवसर पर आयोजित स्कार्लेट सेल्स उत्सव के रिहर्सल के दौरान लंच आतिशबाजी की गई। ये नजारा देखने के लिए यहां हजारों लोग एकत्रित हुए थे। एजेंसी

# तीन साल में दोगुने हो गए साइबर ठगी के केस

भारत में साइबर ठगी की शुरुआत 2000 के दशक में हुई। इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल फोन का इस्तेमाल बढ़ने के साथ साइबर ठग भी सक्रिय होने लगे। 2010 के बाद यूपीआई, ई वॉलेट, मोबाइल बैंकिंग के जरिए ठगी की घटनाओं में तेज उछाल आया। 2020 के बाद कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन गतिविधियां बढ़ीं तो साइबर ठगी की गति और तेज हो गई। अब ये घटनाएं बेहद आम हो चुकी हैं। साइबर ठगी का ही एक तरीका डिजिटल अरेस्टिंग है जिसके जरिए ठगी के बड़े मामलों को अंजाम दिया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि पढ़े-लिखे और संपन्न लोग जिन्हें ज्यादा जागरूक माना जाता है, वही इसके ज्यादा शिकार बनाए जा रहे हैं। निराशा की बात यह है कि सरकार और राज्यों की पुलिस के स्तर पर साइबर ठगी की घटनाओं को रोकने के लिए उतनी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है जितनी जरूरत है।



### हर साल 2000 करोड़ तक की ठगी

इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम और आरबीआई की रिपोर्टों के अनुसार औसतन एक ठगी में 5,000 से लेकर लाख रुपये तक का नुकसान होता है। आरबीआई के अनुसार 2022-23 में बैंकों और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्मों पर 253 करोड़ से ज्यादा की ठगी रिपोर्ट की गई। गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर के आंकड़ों के अनुसार रोज औसतन तीन से चार करोड़ की साइबर ठगी रिपोर्ट की जाती है। इस तरह साल भर में औसतन 2000 करोड़ तक की ठगी होती है। तमाम लोग ठगी की घटनाओं को रिपोर्ट नहीं करते लिहाजा यह आंकड़ा आधिकारिक संख्या से काफी ज्यादा हो सकता है।

### सरकार की क्षमता को चुनौती

साइबर ठगी को रिपोर्ट करने के लिए सरकार की ओर से 24x7 राष्ट्रीय हेल्पलाइन और www.cybercrime.gov.in ऑनलाइन शिकायत पोर्टल है। आरबीआई और ट्राई की ओर से समय-समय पर चेतावनी जारी की जाती है। 14 सील के जरिए ठगी के पैटर्न ट्रैक कर राज्यों को अलर्ट भेजे जाते हैं। लेकिन यह सब पर्याप्त साबित नहीं होता। लोगों में जागरूकता की कमी के साथ राज्यों में साइबर पुलिस की क्षमता साइबर ठगी को रोक पाने के लिए काफी नहीं है। इसके अलावा फर्जी कॉल और मेसेज इंटरनेशनल सर्वर से आते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक कर पाना कठिन हो जाता है।

### क्या कहता है राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार देश भर में साइबर अपराधों के कुल 65,893 मामले दर्ज हुए। जो 2021 में 52,974 थे। यानी एक साल में ही इनमें 24% की बढ़ोतरी हुई। इनमें फ्रॉड ) से जुड़े मामले करीब 60% थे। साइबर ठगी की सर्वाधिक करीब 12 हजार घटनाएं कर्नाटक में हुईं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और राजस्थान भी सर्वाधिक प्रभावित रहे। 2019 की तुलना में 2022 में ठगी के मामलों में 50 फीसदी से भी ज्यादा वृद्धि हुई।

### साइबर ठगी के बेशुमार तरीके

डिजिटल लेनदेन बढ़ने और इंटरनेट की आसान उपलब्धता के दौर में ठगों ने तकनीक का इस्तेमाल कर आम नागरिकों, सरकारी संस्थाओं और यहां तक कि कंपनियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। साइबर ठगों के पास लोगों को ठगने के बेशुमार तरीके हैं। लेकिन सबसे ज्यादा यूपीआई-ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फेक जॉब ऑफर, इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, स्मार्टफोन स्क्रीन शेयरिंग ऐप से डेटा चोरी और फिशिंग ईमेल और व्हाट्सएप लिंक के जरिए लोगों को ठगना शामिल है।

## एक नजर

### रूस में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**मॉस्को।** रूस में मॉस्को क्षेत्र के कोलोम्ना जिले में शनिवार को एक हल्का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी चार चालक दल के सदस्य और प्रशिक्षु मारे गए। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रेस ब्यूरो ने एक विज्ञप्ति में बताया कि याकोवलेव याक-18टी विमान हवाई कलाबाजी करते समय इंजन में खराबी के कारण एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। विमान में सवार सभी चार लोगों की मृत्यु हो गई, लेकिन जमीन पर कोई हताहत नहीं हुआ या कोई क्षति नहीं हुई।

### इटली में भीषण गर्मी के चलते अलर्ट जारी

**रोम।** इटली में भीषण गर्मी के कारण रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इटली के अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि रेड अलर्ट वाले शहरों की संख्या बढ़कर 17 और रविवार तक 21 हो जाने का अनुमान है। इटली के मौसम निगरानी केन्द्र इल मेटियो की रिपोर्ट के अनुसार इटली में औसत तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस हो गया है, 50 साल पहले यह 14.6 डिग्री सेल्सियस था।

### पाकिस्तान में बारिश से 15 लोगों की मौत, 40 घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले तीन दिनों के भीतर बारिश से जुड़ी घटनाओं में बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, पंजाब में मानसून पूर्व बारिश का दौर शुरू हो गया है। बयान में कहा गया, पिछले तीन दिनों में पंजाब में बारिश से संबंधित घटनाओं में आठ बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए।

### लाउडस्पीकर मुक्त हुए मुंबई के सभी धर्मस्थल

**मुंबई।** मुंबई के पुलिस आयुक्त देवेन भारती ने शनिवार को कहा कि शहर अब निर्देशात्मक लाउडस्पीकरों से पूरी तरह मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले सभी धार्मिक संरचनाओं पर मौजूद सार्वजनिक संबोधन प्रणालियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई को पुलिसकर्मियों ने सफलता पूर्वक पूरा किया। भारती ने कहा, धर्म स्थलों से लाउडस्पीकर हटा दिए गए हैं। मुंबई में अब सभी धर्म स्थल लाउडस्पीकर से मुक्त हैं। पुलिस आयुक्त ने चुनिंदा ढंग से निशाना बनाने के दावों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि किसी एक विशेष समुदाय के धार्मिक ढांचों को निशाना नहीं बनाया गया।

# ईरान पर फिर बमबारी में संकोच नहीं: ट्रंप

## अमेरिकी सीनेट में ट्रंप को ईरान के परमाणु स्थलों पर दोबारा हमला करने से रोकने का प्रस्ताव गिरा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ईरान के खिलाफ आगे और कोई कार्रवाई करने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रोकने के डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का प्रयास शुक्रवार को संसद के उच्च सदन सीनेट में खारिज हो गया। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने संसद में प्रस्ताव पेश किए जाने का विरोध किया।

सीनेट सदस्य टिम केन के इस प्रस्ताव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ट्रंप को ईरान के खिलाफ आगे सैन्य कार्रवाई से पहले संसद की मंजूरी लेनी होगी। यह पूछे जाने पर अगर जरूरी लगा तो क्या वह फिर ईरान के परमाणु स्थलों पर बमबारी करेंगे तो ट्रंप ने कहा कि बिल्कुल, बिना किसी हिचकिचाहट। रिपब्लिकन पार्टी को सीनेट में बहुमत प्राप्त है और 100 सदस्य सीनेट में उसके 53 सदस्य हैं। रिपब्लिकन सांसद ईरान पर हमला करने के फैसले के लिए ट्रंप के साथ खड़े हैं। अधिकतर का कहना है कि ईरान एक खतरा बन गया है, जिसके लिए ट्रंप की ओर से निर्णायक कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने संसद की मंजूरी लिये बिना पिछले सप्ताह के अंत में ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर बमबारी करने के ट्रंप के निर्णय का समर्थन किया।



इजराइल के हमलों में मारे गए ईरान के सैन्य कमांडरों और परमाणु वैज्ञानिकों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया, हजारों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

### मारे गए सैन्य कमांडरों के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

**अमेरिका और इजराइल मुर्दाबाद के नारे गूंजे**

**दुबई।** इजराइल के साथ 12 दिनों के युद्ध के दौरान मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य कमांडरों तथा परमाणु वैज्ञानिकों के अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को तेहरान की सड़कों पर हजारों लोग उमड़ पड़े। राजधानी तेहरान की आजादी स्ट्रीट पर ट्रकों पर रखे ताबूतों में रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी, बैलिएस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हाजीजादेह और अन्य अधिकारियों को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों ने अमेरिका मुर्दाबाद और इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए। जनरल सलामी और हाजीजादेह दोनों 13 जून, यानी युद्ध के पहले दिन ही मारे गए थे, जब इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के उद्देश्य से व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। इस अभियान में सैन्य कमांडरों, वैज्ञानिकों और परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया।

### तुर्की-ईरान के बीच हवाई यात्रा बहाल

**इस्तांबुल।** तुर्की के परिवहन एवं बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुल कादिर उरलोग्लू ने कहा है कि तुर्की और ईरान के बीच हवाई यात्रा 15 दिन बाद आंशिक रूप से फिर शुरू हो गई है जो ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण बंद थी। मंत्री ने एक्स पर लिखा, तुर्की-ईरान के बीच 15 दिन बाद हवाई यात्रा की ये आंशिक बहाली है। इसके अलावा, पश्चिमी ईरान में स्थित तेहरान और तबरीज शहरों से हवाई यात्रा दो जुलाई तक बंद रहेगी। ईरान में युद्ध के कारण जो विमान फंस गए हैं उन्हें विशेष परमिट के साथ लौटने की अनुमति देने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

# गाजा में इजराइली हमलों से 60 लोगों की मौत

- शुक्रवार देर रात शुरू किए गए हमले सुबह तक जारी रहे

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

गाजा में इजराइल की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 60 लोगों की मौत हुई है। फलस्तीनियों को गाजा में बढ़ते मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, संघर्ष विराम की संभावनाएं भी धीरे-धीरे बढ़ रही हैं।

इजराइल ने यह हमले शुक्रवार देर रात शुरू किए जो शनिवार सुबह तक जारी रहे। इन हमलों में गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम के पास 12 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार इस स्टेडियम में विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया था। शिफा अस्पताल में ही मृतकों के शव लाए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक 20 से ज्यादा शवों को नासिर अस्पताल ले जाया गया।

शनिवार अपराह्न पूर्वी गाजा शहर की एक सड़क पर हुए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई और उनके शवों को अल-अहली अस्पताल ले जाया गया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह के भीतर इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता हो सकता है। ट्रंप ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा, हम गाजा पर काम कर रहे हैं और इसका ध्यान रखने की कोशिश कर रहे हैं। स्थिति से अवगत एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इजराइल के सामरिक मामलों के मंत्री रॉन डेरमर गाजा संघर्ष विराम, ईरान और अन्य विषयों पर वार्ता के लिए अगले सप्ताह वाशिंगटन पहुंचेंगे।

### गोली चलाने का आदेश देने से नेतन्याहू का इन्कार

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शुक्रवार को वामपंथ के प्रति झुकाव रखने वाले इजराइली समाचार पत्र 'हारेत्ज' में प्रकाशित खबर को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था इजराइली सैनिकों को गाजा में सहायता स्थलों की ओर जा रहे फलस्तीनियों को गोली मारने का आदेश दिया गया था। दोनों नेताओं ने खबर को सेना को बदनाम करने के लिए रचा गया दुर्भावनापूर्ण झूठ करार दिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, एक महीने पहले नवगठित गाजा मानवीय फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र में सहायता सामग्री का वितरण शुरू करने के बाद से भोजन की तलाश में निकले 500 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

# कांगो व रवांडा में अमेरिकी मध्यस्थता में शांति समझौता

- दोनों देशों के बीच कई दशकों से चल रहा था युद्ध

**वाशिंगटन, एजेंसी**

कांगो गणराज्य और रवांडा ने शुक्रवार को अमेरिका की मध्यस्थता से हुए एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य पूर्वी कांगो में दशकों से जारी युद्ध को समाप्त करना और क्षेत्र में महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच बनाने में अमेरिकी सरकार व कंपनियों की मदद करना है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हुई बैठक में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से कहा, आज हिंसा और विनाश का अध्याय समाप्त हो गया है और पूरा क्षेत्र आशा, अवसर, सद्भाव, समृद्धि व शांति का एक नया अध्याय शुरू करने जा रहा है। इस दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे 30 साल के युद्ध के बाद एक महत्वपूर्ण क्षण कहा।

मध्य अफ्रीकी देश कांगो 100 से अधिक सशस्त्र समूहों के साथ संघर्ष से त्रस्त है, जिनमें सबसे शक्तिशाली समूहों को रवांडा का समर्थन हासिल है। इन समूहों की वजह से 1990 के दशक से लाखों लोगों की जान चली गई है। इस समझौते को एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि विश्लेषकों को लगता है कि यह लड़ाई जल्दी समाप्त नहीं होगी क्योंकि सबसे प्रमुख सशस्त्र समूह का कहना है कि यह समझौता उस पर लागू नहीं होता है। कांगो और रवांडा ने हस्ताक्षर करने के लिए शीर्ष राजनयिक भेजे। कांगो की विदेश मंत्री थेरेसे काइकवाम्बा वैगनर ने रवांडा के विदेश मंत्री ओलिवियर नदुहुंगिरेहे के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

# कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाला ट्रंप का एक और आदेश कोर्ट ने खारिज किया

- दुश्मन लगने वाले अटार्नी नियुक्त करने वाली फर्मों को दंडित करने की कोशिश थमी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश ने कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक और कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया। जिला न्यायाधीश लोरेन अलीखान ने शुक्रवार फैसला सुनाया कि सुसमैन गॉडफ्रे फर्म के खिलाफ आदेश असंवैधानिक है और इसपर स्थाई रोक लगाई जानी चाहिए।

ट्रंप काम पसंद नहीं आने और उन अटॉर्नी को नियुक्त करने के लिए कानूनी फर्मों को दंडित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें वे अपना दुश्मन मानते हैं। ट्रंप के इन प्रयासों को रोकने के सिलसिले में जिला न्यायाधीश का यह फैसला सबसे नया है। हाल के हफ्तों में दूसरे न्यायाधीशों ने जेनर ब्लॉक, पर्किन्स कोइ और विल्मरहेल फर्मों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन के इसी तरह के आदेशों पर रोक लगा दी थी। इन आदेशों के जरिये वकीलों पर कई तरह की पाबंदियां लगाने का फैसला किया गया था। न्यायाधीश अली खान ने लिखा, यह आदेश उन फर्मों को निशाना बनाने के प्रयासों में से एक प्रयास था, जिनके रुख से राष्ट्रपति ट्रंप सहमत नहीं थे।

# कोलकाता: छात्रा से गैंगरेप की जांच के लिए एसआईटी

- पुलिस ने लॉ कॉलेज के सुरक्षा गार्ड को भी गिरफ्तार किया

**कोलकाता, एजेंसी**

कोलकाता पुलिस ने शहर के एक विधि कॉलेज में छात्रा के साथ उसके वरिष्ठों द्वारा कथित सामूहिक बलात्कार की जांच के लिए शनिवार को पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बीच पुलिस ने उस गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया है जिसके कक्ष में छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया था।

उन्होंने बताया कि पांच सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व सहायक आयुक्त स्तर के एक अधिकारी करेंगे। अधिकारी ने कहा, "कथित अपराध की जांच के लिए एक एसआईटी गठित की गई है। यह तुरंत अपनी जांच शुरू करेगी।" दक्षिण कलकत्ता विधि महाविद्यालय की 24 वर्षीय छात्रा के साथ 25 जून को गार्ड रूम में संस्थान के एक पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। उसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार सुबह कॉलेज के गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर किया गैंगरेप

पुलिस को संदेह है कि मुख्य आरोपी ने विवाह का प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की भी कोशिश कर रही है कि यह वारदात पूर्वनियोजित थी या नहीं।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमले में 13 लोगों की मौत, 24 से ज्यादा घायल

- हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सेना की बमरोधी इकाई के वाहन को मारी टक्कर

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सुरक्षा बल के 13 जवानों की मौत हो गयी जबकि 24 अन्य घायल हो गये। सुरक्षा सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम-रोधी इकाई के एक वाहन से टकरा दिया।

उन्होंने बताया कि घायलों में 14 आम नागरिक भी हैं, जिनमें महिलायें और बच्चे शामिल हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना के समय सैन्य आवाजाही के कारण इलाके में कर्फ्यू लगाया गया था। सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोट के बाद राहत अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि हाफिज गुल बहादुर समूह से जुड़े आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है और इसने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

# इटली में हुआ ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले का प्रीमियम

**इटली, एजेंसी**

बॉलीवुड फिल्मकार रमेश सिप्पी की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' का विश्व प्रीमियर इटली में बिना काटे गए संस्करण में बोलोग्ना के प्रतिष्ठित इल सिनेमा रिट्रोवाटो फेस्टिवल में किया गया। फिल्म शोले की 50वीं वर्षगांठ मनाने को यह स्क्रीनिंग 27 जून को ओपन-एयर पियाज़ा मैगीगोर में हुई।

शोले के निर्देशक रमेश सिप्पी ने इस अवसर पर कहा, क्या मैंने कभी सोचा था कि शोले इतनी दूर तक जाएगी। बिल्कुल नहीं! मुझे याद है कि जब हम इसे बना रहे थे तो हमें विश्वास था कि हम एक अच्छी फिल्म बना रहे हैं। लेकिन एक ऐसी फिल्म जो सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी और सभी समय की सबसे महान फिल्मों में से एक मानी जाएग। नहीं, हमने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी।



- निर्देशक सिप्पी ने कहा-कभी नहीं सोचा था इतनी दूर जाएगी शोले

रमेश सिप्पी ने बताया कि उन्हें याद है कि शोले को रिलीज के समय ही फ्लॉप घोषित कर दिया गया था। समीक्षाएं नकारात्मक थीं। कोई दर्शक नहीं था। लेकिन दूसरे हफ़्ते में इसने बाजी मारी । उन्होंने कहा कि मैंने अपनी दूसरी फ़िल्मों को बनाने में भी उतनी ही मेहनत की। यदि वे शोले जैसी नहीं बन पाईं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे कम ध्यान में बनाई गई फिल्में थीं।उन्होंने शोले में एक पसंदीदा किरदार का नाम पूछने पर गब्बर सिंह का नाम बताया।

# केबिन में जलने की गंध के कारण एअर इंडिया की उड़ान मुंबई लौटी

**मुंबई।** चेन्नई जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान को केबिन में जलने की गंध के कारण शनिवार को मुंबई वापस लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बयान में कहा कि विमान सुरक्षित तरीके से वापस उतर गया।

एअरलाइन ने बयान में कहा, मुंबई से चेन्नई जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 639' को 27 जून दिन शुक्रवार को केबिन में जलने की गंध आने के कारण एहतियातन लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बिना कोई विशेष विवरण दिए बताया कि विमान सुरक्षित तरीके से मुंबई में उतर गया और विमान बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। एयरलाइन ने बताया कि मुंबई में हवाई अड्डे पर उसके कर्मियों ने इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की।

**भव्य** | अमेजन के मालिक ने वेनिस में की दूसरी शादी, दुनिया भर से पहुंचे मेहमान

# जेफ बेजोस की शादी पर खर्च हुए 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर

- अरबपति जेफ ने छह साल पहले की थी अपनी पहली पत्नी को तलाक देने की घोषणा

**वेनिस, एजेंसी**

दुनिया के चौथे सबसे अमीर अरबपति जेफ बेजोस और अंतरिक्ष की यात्रा कर चुकी उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज ने शुक्रवार को वेनिस में शादी कर ली। शुक्रवार रात हुए विवाह समारोह के दौरान वेनिस के हवाई अड्डे पर दर्जनों निजी विमानों का जमावड़ा लगा हुआ था। शहर के प्रसिद्ध जलमार्गों पर नौकाएं थीं। एथलीट, मशहूर हस्तियां, 'इंफ्लुएंसर' और प्रमुख कारोबारी इस भव्य शादी में पहुंचे थे जिस पर करीब 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का अनुमान है।



सांचेज ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वह सफेद गाउन में मुस्कुराती नजर आ रही हैं और उनके साथ टक्सीडो (गहरे रंग की पोशाक) पहने बेजोस खड़े हैं। इस विवाह समारोह ने 2014 में वेनिस में अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मानवाधिकार वकील अमल अलामुद्दीन की शादी की यादें ताजा कर दीं, जब प्रशंसकों की भीड़ नहरों के किनारे खड़ी थी और सैकड़ों लोग सिटी हॉल के बाहर एकत्र हुए थे। भव्य विवाह समारोहों का आयोजन करने वाली कंपनी 'एम्बार्क बियॉन्ड' के सीईओ जैक एजोन के अनुसार, वेनिस अपने नहरों के नेटवर्क के लिए प्रसिद्ध है, जहां एम्बुलेंस भी पानी में चलती हैं। लेकिन गुलदस्ते से लेकर मेहमानों तक को, सब कुछ पानी के रास्ते ले जाना वेनिस को समारोहों के लिए दुनिया के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक बनाता है।

फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, वर्तमान में जेफ की कुल संपत्ति 234 अरब अमेरिकी डॉलर है। वर्ष 2019 में, उन्होंने घोषणा की थी कि वह अपनी पहली पत्नी मैकेंज़ी स्कॉट को तलाक दे रहे हैं, इससे ठीक पहले 'नेशनल इन्क्वायरर' अखबार ने पूर्व टीवी न्यूज़ एंकर सांचेज के साथ उनके संबंधों के बारे में एक खबर प्रकाशित की थी। शुक्रवार दोपहर को, सांचेज अपने होटल से सिर पर रेशमी स्कार्फ लिए हुए निकलीं और अपनी वाटर टैक्सी पर सवार हुईं। यह टैक्सी उन्हें नहरों के माध्यम से सैन जियोर्जियो द्वीप तक ले गई, जो सेंट मार्क स्क्वायर से लैगून बेसिन के पार है, जहां शुक्रवार रात जोड़े ने अपना समारोह आयोजित किया।

### आम शादियों से एक हजार गुना ज्यादा खर्च

विवाह नियोजन वेबसाइट ज़ोला की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस शादी में हुआ खर्च आश्चर्यजनक और हैरान कर देने वाला है, जो 2025 में अमेरिकी जोड़ों के विवाह की औसत लागत 36,000 अमेरिकी डॉलर से 1,000 गुना अधिक है। चार दिवसीय कार्यक्रम पर 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च होने का अनुमान है। दुनिया भर से शानदार कलाकार, बेहतरीन डीजे लाए गए। एक अविश्वसनीय 'ग्लास टेंट' पर 20 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च किए गए जो केवल 10 घंटे के लिए था लेकिन इसे बनाने में एक महीने का समय लगा। 'वोग' पत्रिका के अनुसार डोल्से एंड गब्बाना द्वारा डिज़ाइन किए गए गाउन को पूरी तरह तैयार करने में 900 घंटे लगे।